राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 20 जून 2026
वर्ष 07, अंक 253, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आख़िरकार सीएमओ, डिप्टी सीएमओ व बाबू ने जांच के नाम पर कर दिया खेला...02

हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद भी ब्लॉक-8 पार्क पर कार्रवाई नहीं, शासन पहुंची शिकायत..11

# अदालतें सिर्फ मुकदमों की जगह नहीं, वकीलों का कार्यस्थल भी...सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में महिला वकीलों के लिए अदालत परिसरों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और युवा वकीलों को आर्थिक सहायता की आवश्यकता को गंभीर माना है
- कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर महिला अधिवक्ताओं के लिए सम्मानजनक कार्यस्थल और युवा वकीलों के लिए 'यंग लॉयर्स फंड' बनाने का सुझाव दिया है

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की महिला अधिवक्ताओं के लिए अदालत परिसरों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और युवा वकीलों को आर्थिक सहायता देने की जरूरत को गंभीर मुद्दा मानते हुए केंद्र सरकार, सभी राज्यों और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। अदालत के समक्ष महिला वकीलों के एक समूह ने याचिका दायर कर कहा कि अधिकांश हाई कोर्ट, जिला अदालतों, तहसील अदालतों, ट्रिब्यूनलों और आयोगों में महिलाओं के लिए पर्याप्त लेडीज़ बार रूम, स्वच्छ शौचालय, चेंजिंग रूम, नर्सिंग सुविधाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हैं. इससे महिला वकीलों को पेशेवर जिम्मेदारियां निभाने में कठिनाई होती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत परिसर केवल मुकदमों की सुनवाई की जगह नहीं हैं, बल्कि वकीलों के लिए कार्यस्थल भी हैं. ऐसे में महिला अधिवक्ताओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है. कोर्ट ने माना कि यह मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण जीवन और कार्य करने के अधिकार से जुड़ा है।

### युवा वकीलों के लिए सहायता कोष का सुझाव

सुनवाई के दौरान अदालत ने युवा वकीलों, विशेषकर प्रथम पीढ़ी के अधिवक्ताओं और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वालों की वित्तीय चुनौतियों पर भी चिंता जताई. सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि यंग लॉयर्स प्रोफेशनल असिस्टेंस फंड' या 'यंग एडवोकेट्स कॉर्पस फंड' बनाया जा सकता है, जिससे नए वकीलों को शुरुआती वर्षों में मासिक आर्थिक सहायता दी जा सके।

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वकालत के शुरुआती वर्षों में आय का कोई निश्चित स्रोत नहीं होता, जिसके कारण कई प्रतिभाशाली युवा वकील आर्थिक दबाव में इस पेशे को छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं. इससे न्यायिक व्यवस्था को भी नुकसान होता है. सुप्रीम कोर्ट ने अपने संशोधित आदेश में सुझाव दिया कि वरिष्ठ और सफल वकीलों से स्वैच्छिक योगदान लिया जा सकता है।

## महिला वकीलों की गरिमा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



### केंद्र और राज्य सरकारें भी फंड में योगदान दें

अदालतों द्वारा वसूली जाने वाली कोर्ट फीस का एक हिस्सा इस फंड में डाला जा सकता है. न्यायिक कार्यवाहियों में लगाए गए खर्च का एक हिस्सा भी फंड को दिया जा सकता है. योगदान देने वालों को कर छूट और सम्मान जैसी प्रोत्साहन योजनाएं दी जा सकती हैं।

### कितने समय तक मिले सहायता?

कोर्ट ने सुझाव दिया कि युवा वकीलों को शुरुआती तीन सालों तक पर्याप्त मासिक सहायता दी जा सकती है। इसके बाद यह सहायता धीरे-धीरे कम की जाए और लगभग 6 से 7 सालों में खत्म कर दी जाए, ताकि तब तक वकील आत्मनिर्भर होकर स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू कर सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि इस सहायता का लाभ लेने वाले वकील बाद में अपनी स्थिति मजबूत होने पर किस्तों में फंड में योगदान वापस कर सकते हैं, जिससे यह व्यवस्था आत्मनिर्भर बन सके. हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ये सभी सुझाव प्रारंभिक और उदाहरणात्मक हैं तथा संबंधित पक्षों के विचार-विमर्श के बाद अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है।

मामले के महत्व को देखते हुए अदालत ने सभी राज्यों के महाधिवक्ताओं केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थायी अधिवक्ताओं को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने को कहा है।

# फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार, गाड़ियों के विशेषाधिकार से ऊपर... सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

- सुप्रीम कोर्ट ने फुटपाथ पर चलने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(d) के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिकार मोटर वाहनों के विशेषाधिकार से ऊपर है. जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने कहा कि सुरक्षित फुटपाथ बनाए रखना नगर पालिकाओं का कर्तव्य है



सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि फुटपाथ पर चलने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(d) के तहत एक मौलिक अधिकार माना गया है, जिसमें सुरक्षित और अच्छी तरह से चिह्नित फुटपाथ तक पहुंचने का अधिकार भी शामिल है. सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा कि तय किए गए फुटपाथ पर चलने के अधिकार का कोई भी उल्लंघन होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुआवजे और भरपाई के लिए संवैधानिक कानूनी उपायों का सहारा लिया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट केजस्टिस पीएस नरसिम्हा, जिन्होंने यह फैसला लिखा था, ने कहा, अगर कोई सड़क है, तो यह पक्का करना जरूरी है कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ तय हो और उसे मेंटेन किया जाए। यह एक लागू करने लायक ड्यूटी है. तय फुटपाथ पर चलने का फंडामेंटल राइट, मोटर वाली गाड़ी के प्रिविलेज से ऊपर होगा।

यह फैसला एक पांच साल के लड़के की मौत के मामले में आया, जिसे अपने पिता के साथ पड़ोस के स्कूल जाते समय एक ट्रक ने कुचल दिया था।

### फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार

जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि चौड़े फुटपाथ पर सुरक्षित और बेफिक्र होकर चलना, हर मोड़ पर बिना किसी खतरे के, सबसे बेसिक राइट्स है. जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, 'यह सबसे आसान इंसानी काम है, जो जिंदगी से जुड़ा हुआ है। '

सुप्रीम कोर्ट ने सीमांकित और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथों पर चलने की स्वतंत्रता को एक मौलिक अधिकार घोषित किया, जिसे मोटर चालित वाहनों द्वारा चलने पर प्राथमिकता दी जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यदि कोई सड़क मौजूद है, तो यह सुनिश्चित करना एक कर्तव्य होना चाहिए कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ सीमांकित और बनाए रखा जाए. यह एक लागू करने योग्य कर्तव्य है. सीमांकित फुटपाथों पर चलने का मौलिक अधिकार मोटर चालित वाहन के विशेषाधिकार पर हावी होगा।

### फुटपाथ को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा, चलने के बुनियादी अधिकार के लिए बस एक आरामदायक जगह चाहिए जहां आसानी से और बेफिक्र होकर चला जा सके. क्या यह एक म्युनिसिपल अथॉरिटी की नागरिकों के प्रति कम से कम जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए. कोर्ट ने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 ने कभी भी चलने के बुनियादी अधिकार को पहचानने की जहमत नहीं उठाई।

### कोर्ट ने मुआवजा भी बढ़ाया

बेंच ने कहा कि तय फुटपाथ पर चलने के अधिकार का उल्लंघन होने पर नागरिक जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुआवजे और नुकसान की भरपाई के लिए संवैधानिक और कानूनी उपाय अपना सकते हैं. यह उपाय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत उपलब्ध उपायों से अलग है. अदालत ने कहा कि जिन नागरिकों के तय फुटपाथ पर चलने के अधिकार का उल्लंघन होता है, वे मुआवजे और नुकसान की भरपाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ संवैधानिक और कानूनी उपाय अपना सकते हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आगरा की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, थर्माकोल से उठा काला धुआं ताजमहल पर छाया; पर्यटक हुए परेशान



**आगरा।** विश्वदाय स्मारक ताजमहल के पास शुक्रवार शाम थर्माकोल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची लपटें उठने लगीं और काले धुएं का गुबार ताजमहल तक पहुंच गया। पर्यटकों को धुएं की वजह से परेशानी होने लगी। फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने के लिए दमकलें लगी हुई हैं। ताजगंज के धांधूपुरा में शुक्रवार शाम को थर्माकोल की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग को अपने स्तर से काबू करने का प्रयास किया, लेकिन विकराल लपटें देख वह भागकर बाहर निकल आए। विकराल लपटों के आसपास घरों तक पहुंचने की आशंका से लोग दहशत में आ गए। फैक्ट्री में लगी आग से आसमान में उठता काला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन दमकल आग को काबू करने के प्रयास में जुटी हैं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### आलू के गिरते भाव और दूसरी समस्याएं, आगरा में प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह की कार के आगे बैठे किसान

**आगरा।** आलू के गिरते भाव और किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर मंगलवार को बिचपुरी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के बाहर किसानों ने विरोध जताया। प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में शामिल होने आए प्रदेश के एमएसएमई एवं जनपद प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह के कार्यक्रम से लौटते समय कुछ किसान उनकी गाड़ी के आगे बैठ गए। काफी समझाने के बाद किसान हटे। कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने किसानों को संबोधित किया और खेती में प्राकृतिक तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब मंत्री आगरा के लिए रवाना हो रहे थे, तभी किसानों के एक समूह ने आलू के लगातार गिर रहे दाम, लागत बढ़ने और अन्य कृषि संबंधी समस्याओं को लेकर विरोध दर्ज कराया।

# सिद्धार्थनगर: सिंचाई विभाग में AI फोटो का इस्तेमाल कर 5 करोड़ का फर्जी भुगतान

- जहां विभाग ने सफाई कार्य का दावा किया गया है वहां घास उगी है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** जिले में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में कथित तौर पर वित्तीय अनियमितता की खबरें सामने आई हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बानगंगा बैराज की नहर प्रणाली और उससे निकलने वाली सभी नहरों में सिल्ट सफाई और ढलान घास कटाई का काम ड्रेनेज खंड सिद्धार्थनगर को सौंपा गया था। काम के नाम पर सिर्फ धोखा किया गया। जहां नहर सड़क को पार करती है, वहां मात्र 100 मीटर इधर-उधर ही सफाई कराई गई। बाकी लंबी-लंबी नहरें सिल्ट भरी हुई जैसी की तैसी छोड़ दी गई। स्थानीय निवासी जयंत्री पाण्डेय ने यह आरोप लगाया है। ड्रेनेज खंड सिद्धार्थनगर के अधिशासी अभियंता, सहायक अधिशासी अभियंता और जूनियर इंजीनियरों ने सिल्ट सफाई और अन्य कार्यों के नाम पर लगभग 5 करोड़ सरकारी धन का भारी भ्रष्टाचार और बंदरबांट किया गया है। सरकार की मंशा के उलट बड़े पैमाने पर पैसे का दुरुपयोग किया गया। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच हो और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई की जाए। जयंत्री पांडेय ने 12 अप्रैल 2026 को जनसुनवाई (IGRS) पर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें सहायक अभियंता चतुर्थ मालविका जैसल और अधिशासी अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

आरोप है कि निविदा शर्तों का खुला उल्लंघन करते हुए बिना कोई वास्तविक काम किए सरकारी धन का गबन किया गया। ट्रेजरी से अवैध भुगतान, कार्यस्थल बदलना, हॉट मिक्स प्लांट और पेवर मशीन का इस्तेमाल न करना, और AI से फर्जी फोटो जेनरेट कर विभाग को गुमराह करना मुख्य आरोप हैं।

### कागजों पर AI से काम दिखाया, जमीन पर बदहाल है हाल

जयंत्री पांडेय ने कई तकनीति बिंदुओं पर सिंचाई विभाग में धांधली के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि बाणगंगा नहर प्रणाली और जमींदारी नहर प्रणाली की पट्टियों पर सड़क की गड्ढामुक्ति और नवीनीकरण का काम कागजों पर दिखाया गया लेकिन जमीन पर कुछ नहीं हुआ।ᒪढ्ढ की मदद से बनाई गई तस्वीरों को असली कहकर पेश किया गया।





बस्ती के अधीक्षण अभियंता, गंडक बाढ़ मंडल ने 11 सितंबर 2025 को जारी निविदा (नंबर-03/2025-26) जारी की। इसके तहत सिद्धार्थनगर जिले में नहरों और सड़कों की मरम्मत का काम 2.40 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाना था। काम में अतरी माइनर, नौगढ़ माइनर, बानगंगा बैराज, अलीदापुर पश्चिमी नहर, बजहा सागर, बटुआ सागर समेत कई नहरों और नौगढ़ कालोनी के सर्विस रोड को गड्ढामुक्त करना था। निर्माण स्थल की कुल लंबाई 13.9 किलोमीटर थी। काम पूरा करने की समयसीमा सिर्फ एक महीने की रखी गई थी। निविदा में साफ शर्त थी कि काम हॉट मिक्स प्लांट और पेवर मशीन से ही होना चाहिए। ठेकेदार को प्लांट अपनी या लीज पर होने का शपथ-पत्र भी देना था।सहायक अभियंता मालविका जैसल और अधिशासी अभियंता की मिलीभगत से बिना जमीन पर हुए किसी काम के ट्रेजरी से भुगतान पूरा कर लिया गया। वाउचर इसकी पुष्टि करते हैं कि धन उस काम के लिए निकाला गया जो जमीन पर हुआ ही नहीं। यह राजकीय धन का खुला गबन है। जयंत्री पांडेय ने इस पूरे मामले में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया है। सहायक अभियंता मालविका जैसल और अधिशासी अभियंता की मिलीभगत से बिना किसी ठोस काम के ट्रेजरी से पूरा पैसा निकाल लिया गया। वाउचर दिखाते हैं कि पैसे तो निकल गए, लेकिन जमीन पर काम हुआ ही नहीं। यह खुला गबन है। अधिशासी अभियंता के पत्रांक 1829 में निविदा में तय जगहों, अतरी माइनर, नौगढ़ माइनर, सिसवा नेउरा आदि पर काम नहीं कराया गया। अधिशासी अभियंता के एक पत्र में दूसरी जगहों का जिक्र किया गया, जिसका फायदा उठाकर असल काम स्थल पर कुछ नहीं किया गया।

# जग जननी रेस्टोरेंट पर नियमों की अनदेखी के आरोप, जाम और खाद्य गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** नवाबगंज क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जग जननी रेस्टोरेंट को लेकर स्थानीय लोगों और ग्राहकों द्वारा कई गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि होटल का संचालन निर्धारित मानकों और नियमों की अनदेखी करते हुए किया जा रहा है, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेस्टोरेंट के पास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। इसके चलते ग्राहक अपने वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। व्यस्त मार्ग होने के कारण सड़क पर खड़े वाहनों से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है और कई बार हादसे होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं।

कुछ ग्राहकों का आरोप है कि जीएसटी से बचने के उद्देश्य से ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं किया जाता और नकद लेनदेन को प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि इस संबंध में संबंधित विभाग द्वारा किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके अलावा रेस्टोरेंट में साफ-सफाई की स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



शिकायतकर्ताओं का कहना है कि परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहता है तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिलती रही हैं। कुछ लोगों ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और मानकों के अनुरूप भोजन न परोसने के आरोप भी लगाए हैं।

शिकायतकर्ताओं का यह भी कहना है कि जब ग्राहक किसी समस्या या खाद्य गुणवत्ता को लेकर शिकायत करते हैं तो रेस्टोरेंट प्रबंधन द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बजाय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग, जीएसटी विभाग तथा परिवहन एवं यातायात विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यदि आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

# पुलिस की जीप, CID का आईकार्ड और 20 लाख की लूट... इंस्पेक्टर ही निकला मास्टरमाइंड

- बेंगलुरु के मडीवाला थाना क्षेत्र से व्यापारियों से 20 लाख रुपए की लूट सामने आई है. हैरानी की बात ये है कि इस लूट का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि एक सीआईडी इंस्पेक्टर है. आरोपी अधिकारी घटना के बाद से ही फरार बताया जा रहा है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिलिकॉन सिटी बेंगलुरु से एक चौंकाने वाली घटना घटी है, जहां रक्षक ही भक्षक बन गया. सीआईडी के एक इंस्पेक्टर ने अपना एक गिरोह बनकर मडीवाला के एक होटल में ठहरे केरल के लोगों के एक ग्रुप को धमकाकर उनसे 20 लाख रुपये लूट लिए. इंस्पेक्टर महेश कनकगिरी ही इस पूरी लूट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है, जो कि घटना के बाद से ही फरार हो गया है. पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, केरल के व्यापारी व्यापार के लिए पैसे लेकर मडीवाला के एक



निजी होटल में ठहरे हुए थे. इंस्पेक्टर महेश कनकगिरी को इसकी सटीक सूचना मिली थी. उन्होंने हैरिस, कुपेंद्र, शापी और शनि सहित चार अन्य लोगों के साथ मिलकर डकैती की योजना बनाई. योजना के अनुसार, होटल के सामने एक आधिकारिक सीआईडी ??पुलिस जीप खड़ी थी और इंस्पेक्टर उसमें बैठे थे. उनके गिरोह के दो सदस्य होटल के कमरे में घुसे।

### 20 लाख की लूट

उन्होंने व्यापारियों को इंस्पेक्टर का आधिकारिक पहचान पत्र दिखाया और धमकाते हुए कहा कि आप लोग अवैध व्यापार के लिए पैसे लेकर आए हैं. बाद में बहुत ही शातिर तरीके से लुटेरों ने 20 लाख रुपए नकद छिन लिए. इसके बाद वह सभी होटल के बाहर खड़ी पुलिस जीप में बैठकर फरार हो गए. पीड़ित व्यापारी पहले तो काफी डर रहे थे, लेकिन जब उन्हें अपने साथ ही हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उन्होंने मडीवाला में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है

### सीआईडी इंस्पेक्टर निकला मास्टमाइंड

मामले की गंभीरता को समझते हुए मडीवाला पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की. रात भर चले तलाशी अभियान में डकैती गिरोह के सदस्य कुपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने पर चौंकाने वाला सच सामने आया कि लूट का असली मास्टरमाइंड सीआईडी ??इंस्पेक्टर महेश कनकगिरी है. कुपेंद्र की गिरफ्तारी के तुरंत बाद इंस्पेक्टर महेश कनकगिरी और अन्य तीन आरोपी फरार हो गए. फिलहाल, पुलिस ने सीआईडी जीप को जब्त कर लिया है और फरार पुलिस अधिकारी समेत चारों आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# भ्रष्टाचार छिपाने हेतु जांच अधिकारी अरुण कुमारपटेल नही प्रेषित कर रहे जांच रिपोर्ट

- जांच अधिकारी अरुण पटेल के बिगड़े बोल नहीं दी जाएंगी आख्या कार्य होगा शून्य
- सुविधा शुल्क के बोझ तले दबे बीडीओ -सचिव/रोजगार सेवक पर कार्रवाई करने को कांप रहे हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज ब्लॉक के नरहरपुर गांव में तालाब खुदाई कार्य में मनरेगा के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायत सामने आई थी। इस मामले को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद,जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बस्ती ने कड़ा रुख अपनाया था और खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज से स्पष्टीकरण तलब किया था।बीडीओ कप्तानगंज ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक जांच अधिकारीअरुण कुमार पटेल को मौके पर भेजकर जांच तो करवा ली, लेकिन एक सप्ताह से अधिक का समय बीत जाने के





बाद भी जांच अधिकारीअरुण कुमार पटेल ने अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को नहीं सौंपी है।प्राप्त समाचार के अनुसार बीडीओ कप्तानगंज के मातहत क्रमचारी ग्राम पंचायत नरहरपुर के पानी भरे तालाब में लगी फर्जी हाजिरी की जांच तो कर लिया है। किन्तु एक सप्ताह बाद भी आख्या प्रेषित नही किया गया है।

उनका यह रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि जांच आख्या को दबाने और मामले को ठंडे बस्ते में डालने के लिए जानबूझकर हीला-हवाली की जा रही है वही जांच अधिकारी अरुण कुमारपटेल के बोल भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। मीडिया से बातचीत में जांच अधिकारी अरुण कुमारपटेल ने बताया कि 'आख्या नहीं दी जाएगी और कार्य शून्य होगा ', जिससे पूरी जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि सुविधा शुल्क के भारी बोझ तले दबे होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी सचिव और रोजगार सेवक पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं । यह रिपोर्ट साफ तौर पर दर्शाती है कि कैसे धरातल पर भ्रष्टाचार की जांच को दबाने के लिए 'सुविधा शुल्क' और प्रशासनिक सांठगांठ का सहारा लिया जा रहा है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले दोषियों को शह मिल रही है। वहीं बीडीओ का सचिव व रोजगार सेवक पर कानूनी कार्रवाई करने को हाथ कांप रहे हैं। सचिव रोजगार सेवक सुनील कुमार तथा प्रधान के द्वारा फर्जी हाजिरी लगाने का आरोप सत्य पाया गया लेकिन आज तक वीडियो द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं किया गया गम्भीर सवाल खड़ा हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी त्योहार मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पीस कमेटी की मीटिंग



**बस्ती।** बस्ती जिले के जिलाधिकारी बस्ती व पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा आगामी त्योहार मुहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संभ्रांत व्यक्तियों/ताजिया रखने वालों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर मीटिंग में उपस्थित सभी से त्यौहार से सम्बंधित उनके समस्या को पूछा गया तथा शासन से प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया एवं त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने हेतु अपील किया गया । मीटिंग में अपर जिलाधिकारी बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, समस्त उपजिलाधिकारी बस्ती, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी कलवारी, क्षेत्राधिकारी रुधौली एवं सम्बंधित अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### चौपाल में पहुंची महिला की फरियाद पर पुलिस ने कराया पारिवारिक विवाद का समाधान



**बलरामपुर महराजगंज तराई/ बलरामपुर,।** ग्राम जुगली गुरचाही में आयोजित चौपाल के दौरान एक महिला ने अपने सास-ससुर द्वारा घर से निकाल दिए जाने की शिकायत प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी से की। शिकायत मिलते ही महिला हेल्पलाइन डेस्क और मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर मामले का समाधान कराया। जानकारी के अनुसार, चौपाल में पहुंची रीना पत्नी सोनू ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके सास-ससुर ने उसे घर से बाहर कर दिया है, जिससे वह परेशान है। शिकायत प्राप्त होने पर महिला हेल्पलाइन डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी सोनम अवस्थी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एंटी रोमियो टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मुख्य आरक्षी तेरस राम यादव , त्वारित अपनी टीम आरक्षी पवनेश कुमार महिला आरक्षी दीपशिखा पाल, नीतू यादव के साथ पीड़िता को लेकर उसके घर पहुंचे। वहां महिला के ससुर रामनारायन वर्मा और सास शीला वर्मा मौजूद मिले। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को पारिवारिक रिश्तों का महत्व समझाते हुए आपसी बातचीत कराई और सुलह-समझौता कराया। पुलिस की समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने महिला को घर में रहने की अनुमति दे दी। टीम ने रीना को घर के भीतर रहने के लिए एक कमरा भी दिलवाया, जिसके बाद दोनों पक्ष समाधान से संतुष्ट नजर आए। स्थानीय लोगों ने महिला की समस्या का त्वरित समाधान कराने के लिए महिला हेल्पलाइन डेस्क, मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम की सराहना की।

### राहुल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय एकता की मजबूती का लिया संकल्प




**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व में सेवा संकल्प लिया। कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के वैचारिक मूल्यों की मजबूती के साथ देश की एकता एवं अखण्डता की मजबूती के साथ साम्प्रदायिकता से संघर्ष को भी तेज किए जाने के प्रति संकल्प ग्रहण किया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयोजन प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ल, बेलाल रहमानी, दारा सिंह, आशीष कौशल, शेरू खां, अवनीश शुक्ल, सोनू मिश्र, सिंटू मिश्र,राजू पाण्डेय, हृदय नारायण मिश्र आदि रहे।

## आखिरकार सीएमओ, डिप्टी सीएमओ व बाबू ने जांच के नाम पर कर दिया खेला

● डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश कुमार गुप्ता की मनमानी डियूटी के आगे घुटने टेके सीएमओ डा0 राजीव निगम

● डिप्टी सीएमओ अशोक कुमार चौधरी व बाबू अभिषेक पाल ने लेन - देन करके मामले को किया रफा - दफा

● ड्यूटी से गायब हरीश कुमार गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई न होने से हरीश कुमार गुप्ता का बढ़ा जबरदस्त मनोबल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनमानी ड्यूटी चल रही है लगभग 10% कर्मचारी सीएमओ के अंदर में नहीं आ रहे हैं कैसे होगा स्वास्थ्य विभाग का बेड़ा पार आखिरकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजीव निगम, डिप्टी सीएमओ अशोक कुमार चौधरी व बाबू अभिषेक पाल ने बिना सूचना के डियूटी से गायब रहने वाले व निजी क्लीनिक चलाने वाले डेन्टल हाईजिनिस्ट हरीश कुमार गुप्ता के मामले में जांच पड़ताल के नाम पर लेन देन करके मामले को रफा - दफा कर दिया है जो कि मामला उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री/उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निजी सचिव के जानकारी में था जब स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव के जानकारी में होने के बावजूद भी मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों ने लीपापोती करके पूरा मामला खत्म कर दिया है तो आमजन के शिकायत पर कैसे जांच व कार्यवाही होगी ? इस प्रकार स्पष्ट है कि अब स्वास्थ्य विभाग में पीड़ितों को न्याय मिलना आसान नही रह गया है । सीएमओं डा0 राजीव निगम पैसा फेकों तमासा देखों की नीति पर पूरी तरह कार्य कर रहे हैं।

आप को बता दे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर तैनात डेन्टल हाईजिनिस्ट हरीश कुमार गुप्ता दिनांक - 20-04-2026 से लेकर दिनांक - 23-04-2026 को बिना किसी सूचना के डियूटी से गायब थे और डियूटी के दौरान घर पर निजी क्लीनिक पर इलाज कर रहे थे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर अधीक्षक डा0 पवन वर्मा ने नोटिस जारी किया था और डेन्टल हाईजिनिस्ट ने अधीक्षक के नोटिस का जबाव ही नही दिया था बाद में अधीक्षक ने मजबूर होकर बिना सूचना के डियूटी से गायब रहने के मामले में वेतन कटौती करने का आदेश दिनांक- 28-04-2026 को दिया था और निजी क्लीनिक चलाने के मामले की जांच डिप्टी सीएमओ डा0 ए0 के 0 चौधरी को मिली थी । डिप्टी सीएमओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच किया था और जांच के दौरान निजी क्लीनिक पर कार्य करते डेन्टल हाईजिनिस्ट मिले थे। जांच अधिकारी ने तत्काल निजी क्लीनिक को सीज किया था और भविष्य में पुनः संचालित न करने की चेतावनी दी थी। डिप्टी सीएमओ ने समस्त जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी है लेकिन दो महीने से अधिक का समय बीतने के बाद भी मनमानी डियूटी करने वाले डेन्टल हाईजिनिस्ट हरीश कुमार गुप्ता के खिलाफ विभागीय कार्यवाही नही हो पाई है। जांच रिपोर्ट प्रेषित होने के बाद भी डेन्टल हाईजिनिस्ट हरीश कुमार गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई न होने से डेन्टल हाईजिनिस्ट का मनोबल जबरदस्त बढ़ा है




जिससे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है यदि ऐसे ही स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया रहा तो स्वास्थ्य विभाग में कभी भी भ्रष्टाचार खत्म नही होगा। इस संम्बध में डिप्टी सीएमओ डा0 अशोक चौधरी ने फोन के माध्यम से बताया है हमने जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दिया है और कार्यवाही सीएमओ के स्तर से होगी कह कर मामले से पल्ला झाड़ लिया और सीएमओ डा0 राजीव निगम ने बताया कि कार्यवाही हेतु बाबू अभिषेक पाल को निर्देशित किया है वही बाबू अभिषेक पाल ने बताया कि लेन- देन करके मामले को रफा-दफा कर दिया गया है अर्थात् सभी ने मिलकर जांच व कार्यवाही के नाम पर खेला करने में भरपूर सहयोग किया है।

## शनिवार को पूर्ण रूप से रहेगा हड़ताल, नहीं होगा निबंधन/रजिस्ट्री कार्य काहोगा बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया उपनिबन्धक कार्यालय मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन रहा जारी।सरकार के गलत नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए काले कानून को वापस लेने की उठी मांग। रजिस्ट्री /निबंधन कार्य को सरकार द्वारा निजीकरण करने के फैसले के विरोध में बार एसोशिएशन हरैया शनिवार को विरोध प्रदर्शन करेगी और रजिस्ट्री/निबंधन कार्य पूर्ण रूप से बंद रखा जायेगा।

उक्त आशय की जानकारी बार एसोशिएशन हरैया दस्तावेज लेखक स्टाम्प विक्रेता द्वारा संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन के दौरान निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार अपने घटियापन नीति शासनादेश को जब तक वापस नही लेगी तब तक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा ।बार एसोशिएशन, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प बिक्रेता की संयुक्त टीम बयान देते हुए बताया कि सरकार मनमाने ढंग से जनहित एवं अधिवक्ताओं को नजरंदाज कर प्रदेश में रजिस्ट्री निबंधन कार्य को साजिश के तहत जबरन निजी करण करना चाहती है जिसका असर सीधे आमजनों एवं अधिवक्ताओं के हित को प्रभावित होगा जो कतई अधिवक्ता समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और सरकार के इस फैसले का डट कर विरोध करेगा।

प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को निबंधन कार्य के निजीकरण के सरकार के तुगलकी फरमान व फैसले का विरोध करने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि शनिवार 20जून को हरैया तहसील में सरकार के फैसले के खिलाफ पूर्ण रूप से हड़ताल रहेगा तथा निबंधन कार्य पूरी तरह से बंद रखा जायेगा।

## दस्तावेज लेखक-अधिवक्ता सरकार की नई नीतियों से नाराज, रखीं 6 सूत्रीय मांगें

● दस्तावेज लेखक-अधिवक्ता सरकार की नई नीतियों से नाराज, रखीं 6 सूत्रीय मांगें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में दस्तावेज लेखक संघ व अधिवक्तागण बस्ती ने सरकार की नई नीतियों के विरोध में 18 जून 2026 से रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती का अनिश्चितकालीन बहिष्कार करने का ऐलान किया है। संघ अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव ने उपनिबंधक, रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती को ज्ञापन सौंपकर यह जानकारी दी। ज्ञापन में कहा गया है कि अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता/ दस्तावेज लेखक/जनसामान्य सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों एवं निर्णयों से असंतुष्ट हैं। इन निर्णयों के कारण आम जनता तथा संबंधित कार्यकर्ताओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सामूहिक निर्णय के अनुसार 18.06.2026 से अपनी मांगों के समर्थन में रजिस्ट्री कार्यालय के कार्यों का अनिश्चित कालीन बहिष्कार/बंद कराने का निर्णय लिया गया है। 6 सूत्रीय मांगे नई प्राइवेट व्यवस्था को तत्काल स्थगित किया जाए,सभी हितधारकों से व्यापक विचार



विमर्श के बाद ही नई व्यवस्था लागू की जाए,दस्तावेज लेखकों एवं रजिस्ट्री कार्य से जुड़े लोगों के रोजगार पर नई ऑनलाइन प्रक्रिया से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है,सभी हितधारकों से चर्चा कर व्यावहारिक समाधान निकाला जाए,सभी कार्यालय में ई-रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के सम्बन्ध में,नवीन मूल्यांकन सूची को निरस्त कर पुराने तरीके से मूल्यांकन सूची लागू करने के सम्बन्ध में है। ज्ञापन में उपनिबंधक से अनुरोध किया गया है कि इसे शासन एवं उच्चाधिकारियों तक तत्काल प्रेषित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन एवं रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार जारी रहेगा। ज्ञापन पर दस्तावेज लेखक संघ अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव समेत समस्त दस्तावेज लेखकगण/अधिवक्तागण रजिस्ट्री कार्यालय बस्ती सदर के हस्ताक्षर हैं।

## राजकीय जनजाति छात्रावास, बलरामपुर में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर** परियोजना अधिकारी/ प्रबंधक, थारू विकास परियोजना, विशुनपुरविश्राम ने बताया है कि जनपद के विभिन्न डिग्री कॉलेजों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए राजकीय जनजाति छात्रावास, बलरामपुर में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक छात्र प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक छात्रावास कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ प्रवेश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा गत वर्ष की अंकपत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। स्नातक एवं परास्नातक स्तर के छात्रों का चयन छात्रावास में उपलब्ध रिक्त कक्षों के आधार पर इंटरमीडिएट में प्राप्त अंकों (मेरिट) के अनुसार किया जाएगा। अपूर्ण आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा। परियोजना अधिकारी/प्रबंधक, थारू विकास परियोजना, विशुनपुरविश्राम, बलरामपुर ने पात्र छात्र-छात्राओं से समय से आवेदन करने की अपील की है।

## टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

● 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त किया जाय- डॉ. अरविन्द कुमार निषाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंराष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार निषाद के नेतृत्व में पदाधिकारियों और शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता के सवाल को लेकर उप जिलाधिकारी बस्ती सदर के माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार निषाद ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त किया जाना आवश्यक है। केन्द्र और राज्य सरकार शीघ्र प्रभावी पहल करे। कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर बाद में निर्मित पात्रता मानदण्डों को लागू करना प्राकृतिक न्याय, समानता तथा विविध निश्चिता के विपरीत है ऐसे में सरकार से हमारी मांग है कि टेट अनिवार्यता को वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों को मुक्त




किया जाए साथ उनकी सेवा वरिष्ठता पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाये।

कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि टेट लागू करना शिक्षकों के साथ असमानता के व्यवहार को प्रदर्शित करता है। कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षकों की गरिमा के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। महामंत्री अटल बिहारी गौड ने कहा कि टेट परीक्षा जब जुलाई 2011 से लागू हुई तो उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करने शिक्षकों की सेवा हितों एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रविष्टि डालने वाला है। जिला मंत्री डा0 दुर्गा प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठ शिक्षक नेता प्राथमिक शिक्षक संघ उदय शंकर शुक्ल, अभय सिंह यादव, सूर्य प्रकाश शुक्ल, पाटेश्वरी निषाद, मारूफ खान मंगेश राजभर रवि सिंह, आदित्य लिए वरिष्ठ शिक्षक नेता जूनियर शिक्षक संघ अजय पाल, प्रदीप जायसवाल, इजहारूल अन्सारी, मनीष मिश्रा, उमेश जी मौर्या, शिवाजी पाण्डेय, प्रोटान के वरिष्ठ शिक्षक नेता आत्मा प्रसाद, दिनेश चौधरी, अनिल कुमार, सत्य प्रकाश, सत्येन्द्र सहाय आदि ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अभियान को अपना समर्थन दिया। ज्ञापन देने वालों में राज कुमार प्रजापति, पंकज गिरी, अमरेन्द्र चौधरी, राम केवल वर्मा, दीपक पाण्डेय, हरि प्रसाद मिश्रा, इरसाद खान, राहुल द्विवेदी, गिरजेश उपाध्याय, राजेश श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

● अमेठी में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया आयामः प्रभारी मंत्री

● शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्य मंत्री तथा जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान तिलोई स्थित नव निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश यादव ने उन्हें अवगत कराया कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज परिसर में मरीजों का उपचार नहीं किया जा रहा है, जबकि 200 शैय्या युक्त रेफरल चिकित्सालय में ओपीडी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पढ़ाई प्रारंभ हो चुकी है तथा प्रथम बैच में 100 सीटों के सापेक्ष सभी 100 छात्रों का प्रवेश हो चुका है। प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज परिसर का भ्रमण करते हुए शैक्षणिक भवन, छात्रावास, प्रशासनिक भवन एवं अन्य निर्माणाधीन सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा परिसर में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के पूर्ण रूप से संचालित होने से अमेठी सहित आसपास के जनपदों के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही चिकित्सा




शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित होंगे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक सुविधाओं, आवास व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर अध्ययन करने और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, उप जिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, तहसीलदार तिलोई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 12 साल विकास के विश्वास के जन कल्याण के- सोनू सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर, जनपद अमेठी में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा अमेठी के जिला महामंत्री सोनू सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

मुख्य अतिथि सोनू सिंह ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित किसान हितैषी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। किसानों को आधुनिक तकनीक एवं जैविक खेती अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. नवनीत कुमार मिश्र एवं समस्त टीम द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। सोनू सिंह ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर त्वरित निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर प्रगतिशील किसान अर्जुन सिंह भदौरिया, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विश्वकर्मा नगर राम चरण पासी सहित क्षेत्र के अनेक किसान भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

## युवक पर अभद्रता व धमकी का केस दर्ज




**लालगंज, प्रतापगढ़।** अभद्रता व धमकी को लेकर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता के अनुसार उसका वैवाहिक रिश्ता तय हो चुका है। पीड़िता का आरोप है कि इसे लेकर पूर्व में उसके यहां चालक का काम करने वाला वीरबल निवासी गणेश श्रीवास्तव पुत्र उमाशंकर श्रीवास्तव अभद्रता करते हुए धमकी दे रहा है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी द्वारा पीड़िता के विवाह करने पर उसके पति को मार डालने की धमकी भी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कम सीडी रेश्यो वाले बैंकों को चेतावनी, जमा धनराशि के सापेक्ष ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश

» सीएम युवा योजना में 6000 लाभार्थियों का लक्ष्य, समयबद्ध ऋण वितरण पर जोर
अकारण ऋण आवेदन लंबित रखने वाले बैंक अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीएम
कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, आवास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बैंक केवल जमा संग्रहण तक सीमित न रहें, बल्कि कृषि, उद्योग, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण बढ़ाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने वाले बैंकों तथा ऋण प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक में बैंकवार प्रदर्शन, ऋण-जमा अनुपात तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक आदित्य चंद्रा ने अवगत कराया कि मार्च 2026 में जनपद कानपुर नगर का ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेश्यो) 54.69 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

इस पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को जमा धनराशि के सापेक्ष ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निर्यात, शिक्षा, गृह निर्माण, सामाजिक अवसंरचना तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही वर्ष 2026-27 के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का सीडी रेश्यो 23.56 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक का 28.93 प्रतिशत तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 35.50 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंक अधिकारियों को चेतावनी दी तथा प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में प्रयोग की गई आय प्रमाण पत्र की जांच की मांग

● हल्का लेखपाल ने मानक को दरकिनार करके जारी किया था उपमा पाण्डेय का आय प्रमाण पत्र - शिकायत कर्ता

गलत तरीके से आय प्रमाण पत्र जारी करवाकर आंगनबाड़ी सहायिका पर नियुक्ति करने का आरोप

उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंगनबाड़ी सहायिका में प्रयुक्त फर्जी आय प्रमाण पत्र को निरस्त करने की किया मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के सभी विकास खण्डों में आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आ रहा है । आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में प्रयोग किया आय प्रमाण की यदि निष्पक्ष जांच हो जाएं तो लगभग सभी आय प्रमाण पत्र फर्जी निकलेंगे एवं सभी की नियुक्ति निरस्त हो जायेगी। सूत्रों की माने तो आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में शिकायतों की भरमार है जांच अधिकारियों की जांच में पसीने छूट रहे हैं आपको बता दें कि विकासखण्ड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र में भी आंगनबाड़ी सहायिका में घोटाला किया गया है जिसको लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई है और आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति में प्रयोग की गई आय प्रमाण पत्र की जांच कर नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करने की भी मांग की गई है । शिकायत कर्ता रोशनी देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र विकासखंड कप्तानगंज तहसील हरैया जिला बस्ती की निवासिनी है पीड़िता का आरोप है कि ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र में आंगनवाड़ी सहायिका के नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी हुआ था जिसमें गरीबी की रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दिए जाने का प्रावधान है।

पीड़िता गरीब दलित महिला है जिसका




आय प्रमाण पत्र 42000 वार्षिक बना हुआ है परंतु उपमा पुत्री प्रमोद कुमार पत्नी शुभम पांडेय ने कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर लेखपाल की मिली भगत सेथनवारपुर से निवास प्रमाण पत्र एवं 45 000 वार्षिक का आय प्रमाण पत्र बनवाकर शार्ट लिस्ट में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है जबकि उपमा मिश्रा के पिता स्वास्थ्य विभाग में में नौकरी करते थे और वर्तमान समय में पेंशन भी पाते हैं उपमा मिश्रा के पति के नाम से लखनऊ के पता से कार भी है उपमा मिश्रा के पिता और पति दोनों लोग करोड़पति हैं इन लोगों का लखनऊ में भी आलीशान मकान जिसकी कीमत कई करोड़ रुपए है यदि एक करोड़पति लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं तो हम गरीबों की श्रेणी क्या होगी? पीड़िता ने योगी आदित्यनाथ समेत जिले उच्च अधिकारियों से मांग की है कि उक्त का आय एवं निवास प्रमाण पत्र जो फर्जी तरीके से जारी कराया गया है उपमा मिश्रा का मायका फरेंदा जागीर है जो हरैया विकासखंड में है तथा उपमा मिश्रा की शादी शुभम पांडेय से हुई है जिनका गांव पंचायत भरूकहवा विकास खंड दुबौलिया है अतः उपमा मिश्रा पुत्री प्रमोद कुमार का आय प्रमाण पत्र निरस्त कर दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का कष्ट करें जिससे संविधान की गरिमा बनी रहे तथा पीड़ित गरीब को न्याय मिल सके। अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है?

# संक्षिप्त खबरें

## चालक को लगी झपकी, पलटा ई-रिक्शा; कैंसर मरीज समेत एक ही परिवार के सात लोग घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव रायबरेली हाईवे पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मजार से दर्शन कर लौट रहा ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में कैंसर मरीज समेत एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।नरेंद्रपुर चौदहमील गांव निवासी माया, रीता, अंकित, गीता, अंशुमान, अनामिका और प्रयागराज के जगनपुर निवासी भीमसेन खीरो क्षेत्र स्थित एक मजार पर मत्था टेकने गए थे। सभी लोग ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे। सैमसी गांव के निकट पहुंचते ही चालक तौफीक खान को झपकी आ गई। इससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल भीमसेन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की पूछताछ में चालक तौफीक ने बताया कि वह रात भर नौटंकी देख रहा था। ई रिक्शा चलाते समय उसे झपकी लग गई।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर सीएचसी सरेनी में वृक्षारोपण व फल वितरण

### सेवा दिवस के रूप में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**लालगंज(रायबरेली)-** सरेनी।नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण एवं फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा जनसेवा को संगठन की प्राथमिकता बताया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला,ब्लॉक प्रभारी कामता प्रसाद गौड़,यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिव प्रताप सिंह,सरेनी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र द्विवेदी,चंदन द्विवेदी एवं आशु महाराज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।ब्लॉक अध्यक्ष नीरज शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए मरीजों के बीच फल वितरण और वृक्षारोपण किया गया है।उनका जीवन जनसेवा,सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित रहा है।ब्लॉक प्रभारी कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।राहुल गांधी के जन्मदिवस पर पौधे लगाकर स्वच्छ और हरित भारत का संदेश दिया गया है।यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव शिव प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए।राहुल गांधी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सदैव जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।मरीजों के बीच फल वितरण कर मानव सेवा का संदेश दिया गया है।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।

# लखनऊ में ट्यूशन के लिए अंदर गई बड़ी बहन, पीछे खड़ी अन्वी पर गिर पड़ा 110 किलो का गेट, मौत

**●लखनऊ के मोहिद्दीनपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर लगा 110 किलो वजनी लोहे का गेट गिरने से दो वर्षीय अन्वी की मौत हो गई, जिससे परिवार में मातम छा गया।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** पीजीआइ थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गांव में शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। घर के बाहर लगा करीब 110 किलो वजनी लोहे का गेट अचानक गिर पड़ा, जिसके नीचे दबकर दो वर्षीय अन्वी की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। कुछ देर पहले तक जिस घर में मासूम की किलकारियां गूंज रही थीं, वहां अब सिसकियां सुनाई दे रही हैं। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले सूरज कुमार शुक्रवार सुबह घर पर ही थे। वह अपनी दोनों बेटियों के साथ समय बिता रहे थे। परिवार के लोगों ने बताया कि सुबह दोनों बच्चियां घर के बाहर गेट के पास खेल रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली दिशा ने बड़ी बेटी सृष्टि को ट्यूशन पढ़ने के लिए आवाज दी। दिशा को किसी शादी समारोह में जाना था, इसलिए उसने रोज शाम के बजाय सुबह ही सृष्टि को बुला लिया था। आवाज सुनकर सृष्टि बैग लेने के लिए घर के अंदर चली गई, जबकि छोटी बहन अन्वी गेट के पास ही खड़ी रही। तभी अचानक भारी लोहे का गेट भरभराकर अन्वी के ऊपर गिर पड़ा। तेज आवाज और बच्ची की चीख सुनकर परिवार के लोग बाहर दौड़े। अन्वी गेट के नीचे दब चुकी थी और उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिवारजन और पड़ोसियों ने किसी तरह गेट हटाया और बच्ची को पीजीआई ट्रामा सेंटर पहुंचाया, लेकिन सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। गेट लगाने वाले पर जताई लापरवाही की आशंकाः हादसे के बाद पिता सूरज कुमार ने गेट लगाने में लापरवाही की आशंका जताई। उनका कहना है कि करीब आठ वर्ष पहले मकान बनवाते समय यह गेट लगवाया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि यह महज संयोग था कि बड़ी बहन कुछ सेकंड पहले ही वहां से हट गई, अन्यथा वह भी हादसे की चपेट में आ सकती थी। घरवालों ने बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं कराया और अंतिम संस्कार कर दिया।

## बिसवां में नंदी पर तेजाबः विहिप-बजरंग दल का 5 दिन का अल्टीमेटम

**बिसवां सीतापुर-** सनातन आस्था के प्रतीक नंदी कलुआ पर तेजाब डालने वालों को 5 दिन में जेल नहीं भेजा तो आंदोलन छेड़ा जाएगा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने स्थानीय प्रशासन को सीधी चेतावनी दे दी है। विहिप नगर प्रचार प्रमुख सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी ने बताया कि गुलजार शाह मेला मैदान के पास रहने वाले बेजुबान सांड कलुआ पर अज्ञात हमलावरों ने तेजाब उड़ेल दिया। गंभीर रूप से झुलसा कलुआ तड़प रहा है। इससे हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि कलुआ बेहद सीधा था, रोज महाराजा गंज कार्यालय पर आता था, कभी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। शुक्रवार को विहिप नगर प्रचार प्रमुख सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी, नगर अध्यक्ष प्रेम शंकर बाजपेयी, आयुष मिश्रा ने एसडीएम बिसवां के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। आरोप है कि घटना के बाद भी पशु चिकित्सा विभाग सोया है। न इलाज हुआ, न आरोपी पकड़े गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश के लिए दिन रात एक कर रहे हैं, मगर बिसवां का प्रशासन मूकदर्शक बना है। गुलजार शाह मेला मैदान को केंद्र मानकर उच्च स्तरीय जांच टीम तुरंत बने। पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज कर 5 दिन में दरिंदों को जेल में डाला जाए। तड़पते नंदी कलुआ के लिए सरकारी डॉक्टरों की टीम अभी तैनात हो। विहिप-बजरंग दल ने साफ कहा है कि 5 दिन में गिरफ्तारी और इलाज नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर महराजगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव, जनहित की राजनीति को बताया प्रेरणा स्रोत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली:** रायबरेली के सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष Rahul Gandhi के जन्मदिवस के अवसर पर महराजगंज कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव Sushil Pasi ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं समर्थक उपस्थित रहे। आपको बता दें कि, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि, राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, युवाओं के अधिकारों तथा आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाले जननेता हैं। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी लगातार किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं तथा उनकी राजनीति जनसेवा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समर्पित है। सुशील पासी ने कहा, 'राहुल गांधी का जीवन देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। हम सभी उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हैं ताकि वे देशहित और जनहित के मुद्दों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाते रहें।' उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी देश में भाईचारे, समानता और लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। जन्मदिवस समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा राहुल गांधी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और उल्लास से भरपूर रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मो. उमर, ताहिर कुरैशी, बृजेश पासी, राधेश्याम एडवोकेट, मुनीर भाई, अज़मल खान, सुनील कुमार, शीतांशु मौर्य, चाँद भाई, रमेश पासी, बिंधा पासी, बाला प्रसाद मौर्य, संदीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं समर्थक मौजूद रहे।

# घर में घुसने का प्रयास, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी का आरोप

**● पुलिस से कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित रॉयल सिटी कॉलोनी में एक महिला ने पूर्व कर्मचारी और उसकी पत्नी पर गाली-गलौज, छेड़छाड़, जबरन घर में घुसने का प्रयास तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। रॉयल सिटी निवासी मिथलेश वर्मा पत्नी बृज किशोर वर्मा द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि 18 जून 2026 की सुबह करीब आठ बजे रानू यादव, जो पूर्व में उनके रॉयल आइसक्रीम कारखाने में कार्य करता था, उनके घर के बाहर पहुंचा और आवाज लगाने लगा।

आरोप है कि गेट पर पहुंचने पर रानू यादव नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगा तथा आइसक्रीम की रेहड़ी मांगने लगा। मना करने पर वह अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विवाद करने लगा। पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर रानू यादव और उसकी पत्नी ज्योति यादव ने उसका हाथ पकड़कर जबरन घर के अंदर खींचने का प्रयास किया। आरोप है कि रानू यादव ने छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंची पुत्री सोनम वर्मा के साथ भी आरोपितों ने गाली-गलौज की तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया गया। घटना के बाद से पीड़िता और उसका परिवार भयभीत है। मिथलेश वर्मा ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित रानू यादव और ज्योति यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## आम तोडते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक

**लालगंज (रायबरेली)।** आम तोड़ना एक युवक को भारी पड़ गया। पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के रौसी झंडा गांव निवासी अजय कुमार (21) पुत्र धुन्नी वर्मा शुक्रवार को गांव के बाहर आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। इसी दौरान वह पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करंट का झटका लगने के बाद अजय पेड़ की डाल में ही फंस गया। इससे वह नीचे गिरने से बच गया। यदि वह ऊंचाई से नीचे गिर जाता तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह उसे पेड़ से नीचे उतारा। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## 'R&D उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव और सुधार' विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** राजधानी लखनऊ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'Repair, Maintenance and Improvement of R & D Equipments' विषय पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में श्री जय चंद, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी-2, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने आर एंड डी उपकरणों की मरम्मत, अनुरक्षण तथा प्रदर्शन क्षमता में सुधार से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक उपकरणों के नियमित रखरखाव, समयबद्ध मरम्मत तथा तकनीकी उन्नयन से उनकी कार्यक्षमता, विश्वसनीयता एवं उपयोगी आयु में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने अपने व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर अनेक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किए तथा उपकरणों के प्रभावी अनुरक्षण एवं उन्नयन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की। व्याख्यान के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। जिससे उपस्थित अभियंताओं, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को विषय की गहन जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी. पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में प्रयुक्त उपकरणों का प्रभावी अनुरक्षण, समयबद्ध मरम्मत एवं तकनीकी उन्नयन वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे तकनीकी व्याख्यान अभियंताओं, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं



को नवीनतम तकनीकों और व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता एवं तकनीकी दक्षता में वृद्धि होती है। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं समसामयिक तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के संयोजक इं. जी. एम. पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला विद्यालय निरीक्षक एवं लेखाधिकारी से संगठन के पदाधिकारियों की वार्ता एवं प्रमुख निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं लखनऊ के संरक्षक डॉ. आर.पी. मिश्र के नेतृत्व में महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री डॉ. आर.के. त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री चंद्र एवं आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक ने आज दिनांक 18 जून 2026 को जिला विद्यालय निरीक्षक श्री देवेंद्र कुमार पांडेय एवं लेखाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह से पूर्व प्रेषित ज्ञापन दि. 25 मार्च, दि. 30 मार्च, दि. 08 अप्रैल और दि. 02 मई, 2026 की प्रमुख समस्याओं के संबंध में वार्ता की तथा ज्ञापन की अन्य अनिस्तारित समस्याओं के विन्दुवार निस्तारण किए जाने की मांग की।

**वार्ता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

1- बालक एवं बालिका विद्यालयों के प्रोन्नत वेतनमान प्रकरणों के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक और लेखाधिकारी ने अवगत कराया कि बैठक हो चुकी है कुछ प्रकरणों की आपत्तियां हैं जिन्हें दूर कराकर शनिवार तक आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

2- चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज के वेतन के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने वार्ता के समय प्रबंधक से बात की और वेतन बिल प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। प्रबंधक से ही वार्ता के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने संबंधित लिपिक को और प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर कराकर प्रबंधक को हस्ताक्षर हेतु बिल प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया।

3- जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं को माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार अन्य विद्यालयों में संबद्ध करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि शिक्षिकाओं को शहरी क्षेत्र के ही विद्यालयों में संबद्ध किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक शिक्षिका के लिए विषय के अनुसार तीन से पांच विद्यालयों की सूची तैयार कराई जा रही है। जिसके अनुसार प्रत्येक शिक्षिका से उनकी सहमति के आधार पर संबद्धता की जाएगी।

4- बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं विद्यालय में लंबित अवशेष प्रकरणों का परीक्षण ऑफलाइन किया जाएगा और अनुमन्यता के पश्चात 2 लाख तक के अवशेषों का भुगतान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा तत्काल किया जाएगा। पूर्व में ऑनलाइन जमा किए गए अवशेष प्रकरण को भी नियमानुसार पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा रिजेक्ट कर दिया है जिससे वह विद्यालय में पहुंच गए हैं। जिला संगठन ने ऐसे प्रकरणों को भी ऑफलाइन परीक्षण कराकर अनुमन्यता एवं भुगतान की बात कहीं जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने विचार विमर्श कर कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया एक लेखाकार की पूर्णकालिक नियुक्त हो चुकी है, दूसरा स्वास्थ्य विभाग से संबद्ध है। किंतु तीसरे लेखाकारके लिए व्यवस्था की जाएगी तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाएगा।

5- बैठक में बताया गया कि एनपीएस की



सेवानिवृत्त कुछ शिक्षक और शिक्षिकाओं के लिए ग्रांट प्राप्त हो चुकी है जिसकी भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। शेष शिक्षक/ शिक्षिकाओं की ग्रांट की शासन से मांग की जा चुकी है। निर्णय हुआ कि शासन से ग्रांट के लिए पुनः पत्र लिखा जाएगा जिसकी प्रति संगठन को उपलब्ध कराई जाएगी।

6- बैठक में आश्वस्त किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के आयकर फॉर्म 16 जुलाई के प्रथम सप्ताह में सभी शिक्षक एवं शिक्षकों को निःशुल्क उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

7 - बैठक में निर्णय लिया गया कि तदर्थ शिक्षकों का वेतन बिल प्रत्येक माह विद्यालय के रेगुलर बिल के साथ प्रस्तुत किया जाएगा और दोनों बिल एक साथ पारित किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व प्रेषित ज्ञापन की अन्य मांगों तथा उपरोक्त निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए एक सप्ताह बाद जिला विद्यालय निरीक्षक और लेखाधिकारी के साथ जिला संगठन की समीक्षा बैठक होगी। डा. आर.पी. मिश्र- प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ, डा. आर.के. त्रिवेदी- प्रदेशीय मंत्री, अनिल शर्मा- जिलाध्यक्ष, आर,पी, सिंह -कोषाधयक्ष आलोक पाठक -आय व्यय निरीक्षक, डा मीता श्रीवास्तव -सदस्य राज्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## सुशील कुमार बच्चा को वित्त एवं लेखा अधिकारी पद परपदोन्नति होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आदर्श कोषागार, जवाहर भवन लखनऊ के मुख्य कोषाधिकारी आनंद कुमार, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के वित्त नियंत्रक के.के. पांडे, बस्ती के मुख्य कोषाधिकारी अशोक प्रजापति त2था सिद्धार्थनगर के मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुशील कुमार बच्चा को वित्त एवं लेखा अधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सुशील कुमार बच्चा ने कर्मचारी हितों के संरक्षण तथा लेखा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी पदोन्नति से विभाग को और अधिक सशक्त एवं अनुभवी नेतृत्व प्राप्त होगा। इस अवसर पर सुशील कुमार बच्चा ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे आप सबका समय-समय पर प्राप्त होने वाला मार्गदर्शन एवं सहयोग आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों एवं विभागीय दायित्वों के निर्वहन के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के मीडिया प्रभारी संजीव त्रिपाठी तथा मुख्य अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सर्वोदय नगर के अध्यक्ष आशीष दीक्षित सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना के बारे में दी जानकारी




**बिसवां (सीतापुर)।** संविदा कर्मी परिजन सेवा संस्थान द्वारा वृहस्पतिवार को महमूदाबाद तहसील के गांव कम्हरिया (भुसना) में पी0एम0 सूर्य घर योजना अंतर्गत जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहसिन अंसारी ने तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया। मुख्य अतिथि विवेक विमल ने उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना ग्रामीणों को योजना के लाभ, उसकी पात्रता, आवेदन करने की प्रक्रिया और सोलर रूफटॉप स्थापना सम्बन्धी जानकारी दी साथ ही उपस्थित लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिये गये और उनका समाधान प्रक्रिया भी समझायी गयी। अंत में सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान कमलेश,विजय बाबा, कैलाश कुमार,कमल किशोर, चेतराम, रामपती, गीता देवी, मंझिली देवी,राज कुमारी, राहुल, रामचन्द्र, सुभाष चंद्र, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सुल्तानपुर निवासी 90 वर्ष से अधिक आयु की बुजुर्ग मां पुरबिन आज भी हर काम से नहीं हटती पीछे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली:** जहां बढ़ती उम्र के साथ अधिकांश लोग दूसरों के सहारे जीवन व्यतीत करने लगते हैं, वहीं विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर निवासी 90 वर्ष से अधिक आयु की बुजुर्ग मां पुरबिन आज भी अपनी मेहनत, आत्मनिर्भरता और अदम्य जीवटता से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी दिनचर्या किसी युवा महिला से कम नहीं है। घर के लगभग सभी काम वह स्वयं करती हैं और अपनी सक्रिय जीवनशैली से यह साबित कर रही हैं कि, इच्छाशक्ति मजबूत हो तो उम्र केवल एक संख्या बनकर रह जाती है। आपको बता दें कि, मां पुरबिन का परिवार भरा-पूरा है। उनके एक पुत्र संतलाल लोधी हैं, जो वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं, जबकि उनकी दो बेटियां विवाह के बाद अपने-अपने परिवारों में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं। परिवार में बहू, दो नाती, दो नातिन और दो पनाती भी हैं। परिवार के सभी सदस्य उनका सम्मान करते हैं और उनकी देखभाल के लिए तत्पर रहते हैं, फिर भी मां पुरबिन आत्मनिर्भर जीवन जीना ही पसंद करती हैं। बुजुर्ग मां पुरबिन की एक विशेष इच्छा भी है। वह चाहती हैं कि, अपने जीवनकाल में अपने एक अविवाहित नाती का विवाह अपनी आंखों से देखें। यही इच्छा उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करती है। उम्र बढ़ने के बावजूद उनकी दिनचर्या आज भी बेहद सक्रिय है। वह घर में झाड़ू लगाने से लेकर भोजन बनाने तक के सभी कार्य स्वयं करती हैं। पशुओं की देखभाल, गाय-भैंस का दूध निकालना, खैलर चलाकर मट्ठा तैयार करना, गोबर उठाना, चावल साफ करना तथा अपने हाथों से आटा गूंधकर मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां बनाना उनके रोजमर्रा के कार्यों में शामिल है। उम्र के प्रभाव से उनकी कमर भले ही झुक गई हो, लेकिन उनके हौसले और कार्य करने की क्षमता में आज भी कोई कमी दिखाई नहीं देती। ग्रामीण परिवेश में सादगीपूर्ण जीवन, नियमित शारीरिक श्रम और अनुशासित दिनचर्या को ही वह अपनी अच्छी सेहत का राज मानती हैं। उनका कहना है कि, शरीर को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखने के लिए लगातार काम करना जरूरी है। यही कारण है कि, परिवार के मना करने के बावजूद वह स्वयं अपने काम करना पसंद करती हैं। मां पुरबिन बताती हैं कि, उनका बेटा ग्राम प्रधान होने के नाते उन्हें आराम करने की सलाह देता है, लेकिन



वह मानती हैं कि, निष्क्रियता शरीर को कमजोर बना देती है। इसलिए वह अपने दैनिक कार्यों को ही व्यायाम और स्वास्थ्य का आधार मानती हैं। आज के समय में, जब कम उम्र में ही लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, मां पुरबिन की जीवनशैली समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आती है। उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता यह सिखाती है कि, नियमित श्रम, सकारात्मक सोच और सक्रिय जीवनशैली इंसान को लंबे समय तक स्वस्थ, सक्षम और आत्मविश्वासी बनाए रख सकती है। मां पुरबिन की यह प्रेरणादायी कहानी न केवल ग्रामीण महिलाओं के लिए बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए एक मिसाल है। उनकी जीवटता और कर्मशीलता को देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि, उम्र भले ही 90 पार कर जाए, लेकिन हौसले जवान हों तो जीवन की रफ्तार कभी नहीं थमती।


## पूर्वोतर रेलवे लखनऊ मंडल

### सार्वजनिक सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ जंक्शन के अतर्गत, SSE/W/BNZ के अन्तर्गत, प्लाट/दुकान के स्वामित्व परिवर्तन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न है।**

| क्र0 स0 | दुकान/प्लाट स0 लोकेशन | आवेदक का नाम | पूर्व आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल काबिज का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 46, समपार स0 7/ML | श्री महेश चन्द्र गुप्ता | श्रीमती राम कुमारी | श्री महेश चन्द्र गुप्ता | आवेदन पत्र अनापत्ति प्रमाण पत्र शपथ-पत्र भागीदारी अनुबंध |
| 2. | 47, समपार स0 7/ML | श्री राजेश चन्द्र गुप्ता | श्रीमती टराम कुमारी | श्री राजेश चन्द्र गुप्ता | |

उक्त दुकानो/प्लाटो के स्वामित्व परिवर्तन करने सम्बंधी किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति हो तो वह 15 दिनों के अन्दर SSE/W/BNZ कार्यालय से सम्पर्क कर लिखित सूचित कर सकता है निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो SSE/W/BNZ विधिक प्रक्रिया स्वामित्व परिवर्तन करने हेतु सक्षम होगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी

**प. क्रमांक :- जी। दुकान। बा0 स0**


## युवक से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**क्राइम**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव निवासी राजेंद्र से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि आगामी जून को उनकी बहन की शादी है। बारात आनी है। गांव के ही संतलाल, रामस्वरूप, अजय व पार्वती सार्वजनिक रास्ते पर बांस गाड़कर बंद कर रहे थे। एतराज किया तो उनके साथ मारपीट की। बचाने आई उसकी उनकी बहन से भी मारपीट की गई। बताया कि आरोपी उनके घर के सामने कपड़े और गंदगी डालकर कचरा फैलाते हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है।

यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है। उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है।

अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा। यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी और आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपने मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक सीमित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चर्चाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी।

लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए, तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है। वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है।

इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है।

हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें।

निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।

**महेन्द्र तिवारी**

## अतिक्रमण और जाम से कराहते शहर: फुटपाथ गायब, सड़कें सिकुड़ीं, वक्त बर्बाद

**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**



दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरु व कोलकाता की तरह अब उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, आगरा और इलाहाबाद जैसे शहर जाम से जूझ रहे हैं, फुटपाथों पर दुकानदारों व स्ट्रीट वैंडर ने कब्जा कर लिया है आखिर अब पैदल चलने वाले लोग कहां चलें और वाहनों को चलाने वाले कहां वाहन चलायें। नतीजा सड़कों पर जाम आधा घंटे का रास्ता दो घंटे में पूरा हो रहा है और हमारे शहरों के नगर निगम व यातायात विभाग कुछ भी कर पाने में असमर्थ दिखाई दे रहा है। देश के नगर निगमों ने इंदौर नगर निगम से कुछ भी नहीं सीख पाया। सुबह 9 बजे लखनऊ का आलमबाग, कानपुर का टाटमील चौराहा, आगरा की एमजी रोड और इलाहाबाद का चौक व सिविल लाइंस हर जगह एक ही तस्वीर - सड़कें गाड़ियों से पैक, फुटपाथ पर ठेले, दुकानों का सामान बाहर, और लोग सड़क पर चलने को मजबूर। भारत के शहर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सड़कें उतनी ही रहीं। नतीजा: अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम ने शहरों की सांस रोक दी है। अतिक्रमण: फुटपाथ पर कब्जा, सड़क पर हक। व्यावसायिक अतिक्रमण- दुकानदार शटर से 5-10 फीट बाहर सामान रख देते हैं। कपड़े, सब्जी, मैकेनिक का सामान सब सड़क पर। आवासीय अतिक्रमण- कॉलोनियों में लोग घर के आगे पार्किंग, बाउंड्री वॉल, सीढ़ियां निकाल लेते हैं।

**अस्थायी कब्जा-** ठेले, रेहड़ी, टेंट, धार्मिक आयोजन। एक बार लग गया तो हटाना मुश्किल। जगह की कमी- जमीन महंगी है, तो लोग सार्वजनिक जगह को निजी समझ लेते हैं। राजनीतिक संरक्षण- चुनाव के समय हटाने की हिम्मत कोई नहीं करता। वोट बैंक बन जाते हैं। प्रशासन की निष्क्रियता तोड़फोड़ होती है, फिर 15 दिन में वही स्थिति। जुर्माना वसूलने का सिस्टम कमजोर है। जाम: सिर्फ देरी नहीं, आर्थिक नुकसान- कितना बुरा है हाल? नीति आयोग के मुताबिक बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली में लोग औसतन सालाना 100-120 घंटे जाम में फंसते हैं। यानी 15 दिन सिर्फ गाड़ी में बैठे-बैठे। आर्थिक: ईंधन बर्बादी, डिलीवरी में देरी, प्रोडक्टिविटी गिरना। दिल्ली में हर साल 60,000 करोड़ रु का नुकसान सिर्फ ट्रैफिक जाम से होता है। स्वास्थ्य- गाड़ी में बैठे-बैठे PM 2.5 और CO सांस में जाता है। एम्स की स्टडी कहती है कि ट्रैफिक पुलिस और ऑटो ड्राइवरों में फेफड़े की बीमारी 40% ज्यादा है। मानसिक तनाव- रोज 1 घंटा जाम में फंसने वाले लोगों में एंग्जाइटी और रोड रेज के केस 3 गुना ज्यादा हैं। अतिक्रमण और जाम एक-दूसरे को फीड करते हैं। सड़क 60 फीट की है, लेकिन 20 फीट पर दुकानों का सामान, 10 फीट पर पार्किंग। बच गई 30 फीट। 30 फीट पर 3 लेन की जगह 2 लेन बनती है। एक गाड़ी खराब हुई नहीं कि पूरी सड़क ब्लॉक। लोग फुटपाथ पर नहीं चल सकते, तो सड़क पर चलते हैं। इससे ट्रैफिक स्लो होता है।

यानी 10% सड़क पर कब्जा होने से ट्रैफिक की स्पीड 40% तक गिर जाती है। कुछ शहरों ने क्या किया? इंदौर का सिस्टम - बात जब स्मार्ट सिटी की होती है तो सबसे पहले इंदौर का नाम आता है क्योंकि इंदौर नगर निगम ने कई ऐसे प्रावधान किए हैं जिनसे अन्य नगर निगमों को सीख लेनी चाहिए। इंदौर नगर निगम ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 80% फुटपाथ खाली कराए, स्ट्रीट वेंडर को वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया। अब शहर स्वच्छता में नंबर 1 है और ट्रैफिक फ्लो बेहतर है। भुवनेश्वर ITMS यानी इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम लगाया। कैमरे और AI से जाम का रियल टाइम एनालिस होता है। सिग्नल खुद एडजस्ट होते हैं। अहमदाबाद BRTS और फुटपाथ डेमार्केशन ने पैदल यात्रियों को जगह दी। अतिक्रमण पर जुर्माना सख्त किया। वेंडिंग जोन बनाओ- हर 500 मीटर पर स्ट्रीट वेंडर के लिए जगह तय करो। दिल्ली में ये कानून 2014 में बना, लेकिन लागू नहीं हुआ। रियल टाइम एक्शन- शिकायत पर 24 घंटे में कार्रवाई। Noida का 'हटाओ ऐप' इसका उदाहरण है। पार्किंग पॉलिसी- रेजिडेंशियल एरिया में ऑन-स्ट्रीट पार्किंग को महंगा करो। ऑफ-स्ट्रीट पार्किंग को सस्ता करो। मास ट्रांजिट- मेट्रो, बस, साइकिल लेन बढ़ाओ। जब लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट यूज करेंगे तो गाड़ी कम होगी। मास्टर प्लान में बदलाव- नई कॉलोनियों में 30% जगह सड़क और फुटपाथ के लिए रिजर्व हो। जवाबदेही तय करो- अतिक्रमण हटाने का टार्गेट म्यूनिसिपल कमिश्नर के दायरे में हो। हर 3 महीने में ऑडिट हो। नागरिक क्या कर सकते हैं? फोटो खींचो, रिपोर्ट करो- MCD, BMC, BBMP के पास ऐप हैं। 100 शिकायत पर एक्शन होता है।

स्थानीय दुकानदारों से बात करो- 10 दुकानदार मिलकर तय करें कि सामान अंदर रखेंगे। एकता काम करती है। पैदल चलो- 1-2 किमी के काम के लिए गाड़ी मत निकालो। साइकिल और मेट्रो यूज करो। शहर सिर्फ सीमेंट और कंक्रीट नहीं होते, वो लोगों के चलने-फिरने, सांस लेने की जगह हैं। जब फुटपाथ गायब हो जाएं और सड़कें पार्किंग बन जाएं, तो शहर रहता नहीं, सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट रह जाता है। अतिक्रमण हटाना सिर्फ बुलडोजर का काम नहीं है। ये पॉलिसी, पॉलिटिक्स और पब्लिक के तीनों के बदलने से होगा। वरना अगले 10 साल में हमारे शहर सिर्फ गूगल मैप पर लाल रंग के दिखेंगे - जाम का रंग।

# महंगाई पर लगेगी लगाम, भारत को मिलेगी राहत: ईरान-अमेरिका शांति समझौते से ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती

'होर्मुज खुलने से सस्ता होगा तेल, महंगाई घटेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बड़ा सहारा '

ईरान और अमेरिका के बीच 110 दिनों तक चले तनाव और संघर्ष के बाद हुए शांति समझौते ने पूरी दुनिया को राहत की सांस लेने का अवसर दिया है। इस समझौते का सबसे सकारात्मक प्रभाव भारत पर पड़ने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले कुछ महीनों में भारत में महंगाई की दर 0.5 से 0.8 प्रतिशत तक घट सकती है। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में भी राहत मिलने की संभावना है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौटने से भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है।

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी प्रकार का तनाव सीधे भारतीय बाजार और आम लोगों की जेब पर असर डालता है। युद्ध के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा आने से तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई थी और कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थीं। अब ईरान द्वारा होर्मुज को बिना शर्त खोलने की घोषणा के बाद वैश्विक तेल आपूर्ति सामान्य होने लगी है, जिससे ऊर्जा कीमतों पर दबाव कम होगा।

युद्ध के दौरान भारतीय बास्केट के कच्चे तेल का भाव 69 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 157 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। हालांकि अब यह घटकर लगभग 78 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है, लेकिन फिर भी युद्ध पूर्व स्तर से करीब 14 प्रतिशत अधिक है। इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शांति प्रक्रिया स्थायी रहती है तो अगले कुछ महीनों में तेल की कीमतों में और कमी आ सकती है। इसका सीधा लाभ भारतीय उपभोक्ताओं को मिलेगा।

महंगाई नियंत्रण की दिशा में यह समझौता महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें कम होने से परिवहन लागत घटेगी। परिवहन सस्ता होने का असर खाद्यान्न, सब्जियों, फल, दूध, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर दिखाई देगा। इससे बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर दबाव कम होगा और आम परिवारों के घरेलू बजट को राहत मिलेगी।

रसोई गैस की कीमतों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। युद्ध के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 942 रुपये तक पहुंच गए थे। ऊर्जा आपूर्ति सामान्य होने के बाद इन कीमतों में कमी की संभावना बढ़ गई है। इससे विशेष रूप से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के परिवारों को राहत मिलेगी।

भारत के लिए इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू ऊर्जा सुरक्षा भी है। ईरान पर लगे आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध हटने की स्थिति में भारत के लिए वहां से सीधे तेल और गैस खरीदने का मार्ग फिर से खुल सकता है। इससे भारत को तेल आयात के अधिक विकल्प मिलेंगे और वह बेहतर कीमतों पर ऊर्जा खरीद सकेगा। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा।

चाबहार बंदरगाह को लेकर भी भारत के लिए यह समझौता बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने इस रणनीतिक परियोजना में लगभग 1400 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ईरान पर प्रतिबंधों के कारण इस परियोजना की संभावनाएं सीमित हो गई थीं, लेकिन अब परिस्थितियां बदलने से चाबहार बंदरगाह भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक व्यापारिक पहुंच का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे भारत के निर्यात और क्षेत्रीय व्यापार को नई गति मिलेगी।




खाड़ी देशों में कार्यरत भारतीयों के लिए भी यह समझौता राहत लेकर आया है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान सहित खाड़ी क्षेत्र में लगभग 95 लाख भारतीय काम करते हैं। युद्ध और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण उनकी नौकरियों तथा आय पर संकट के बादल मंडराने लगे थे। शांति स्थापित होने से रोजगार की स्थिरता बनी रहेगी और भारत को मिलने वाली विदेशी मुद्रा भी सुरक्षित रहेगी।

युद्ध के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अनुमान है कि इस संघर्ष से दुनिया को लगभग तीन ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुईं, समुद्री व्यापार बाधित हुआ और ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ गई। विकासशील देशों में रोजगार और निवेश पर भी नकारात्मक असर पड़ा। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा, लेकिन अब हालात सामान्य होने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

इस संघर्ष ने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति को भी सामने रखा। 110 दिनों तक चले इस युद्ध में किसी भी पक्ष ने जमीनी सेना नहीं उतारी। मिसाइलों, ड्रोन और लड़ाकू विमानों के जरिए लड़ाई लड़ी गई। यह आधुनिक सैन्य रणनीति और तकनीकी युद्ध का एक नया उदाहरण बनकर उभरा। हालांकि आर्थिक दृष्टि से इसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच बनी यह सहमति स्थायी रूप लेती है तो भारत को सबसे अधिक लाभ मिलने वाले देशों में शामिल किया जा सकता है। महंगाई में कमी, ऊर्जा आपूर्ति की स्थिरता, रोजगार सुरक्षा, व्यापार विस्तार और निवेश के नए अवसर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान कर सकते हैं।

आने वाले तीन से छह महीनों में इस समझौते का वास्तविक प्रभाव दिखाई देना शुरू होगा। यदि तेल की कीमतें और नीचे आती हैं तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पूरी तरह सामान्य हो जाती हैं तो भारत में महंगाई नियंत्रण के प्रयासों को बड़ी सफलता मिल सकती है। ऐसे में यह शांति समझौता केवल दो देशों के बीच तनाव समाप्त करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## छोटे-छोटे निरंतर प्रयास हमें बड़ी सफलता की ओर ले जाते हैं




यह लेख कोई भाषण या उपदेश नहीं है, बड़े-बड़े ऋषि मुनि और महापुरुषों की सार्थक सात्विक और निरंतर मेहनत का प्रतिफल है कि वे निरंतर परिश्रम.संयम और संकल्प से अपने जीवन में सफल हुए हैं। मनुष्य के जीवन में सफलता कोई आकस्मिक पल नहीं होते हैं, बल्कि यह छोटे-छोटे निरंतर प्रयासों, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम का प्रतिफल होते हैं। संसार में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उन्होंने अपनी उपलब्धियों की ऊँचाइयों को एक ही प्रयास में प्राप्त नहीं किया, बल्कि छोटे-छोटे कदमों से अपनी मंजिल तक पहुँचे। नदी की विशाल धारा भी बूंद-बूंद जल के निरंतर प्रवाह से बनती है और पर्वत जैसी कठिन बाधाएँ भी सतत प्रयासों के आगे झुक जाती हैं।

भारतीय ऋषि-मुनियों ने भी कर्म और प्रयास को जीवन का मूल मंत्र बताया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता में नहीं। यह संदेश हमें निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जब व्यक्ति परिणाम की चिंता छोड़कर अपने कार्य में लग जाता है, तब सफलता स्वयं उसके चरण चूमती है।

महर्षि वाल्मीकि ने कहा था कि संसार में कोई भी उपलब्धि परिश्रम के बिना प्राप्त नहीं होती। प्रकृति का प्रत्येक पल हमें यही शिक्षा देता है। एक छोटा-सा बीज धरती के भीतर संघर्ष करता है, फिर अंकुरित होकर विशाल वट-वृक्ष का रूप धारण करता है। यदि वह प्रारंभिक कठिनाइयों से घबराकर रुक जाए तो कभी वृक्ष नहीं बन सकता।

स्वामी विवेकानंद का प्रसिद्ध कथन है उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यह वाक्य केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि सफलता का सिद्धांत है। विवेकानंद स्वयं अनेक संघर्षों से गुजरकर विश्व मंच पर भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रतिनिधि बने। यदि उन्होंने कठिनाइयों के सामने हार मान ली होती तो उनका नाम इतिहास में अमर नहीं होता। महात्मा गांधी ने भी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर छोटे-छोटे प्रयासों से एक विशाल स्वतंत्रता आंदोलन खड़ा किया और स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। उनके नेतृत्व में करोड़ों भारतीयों ने निरंतर संघर्ष किया और अंततः भारत को स्वतंत्रता मिली। गांधीजी कहा करते थे-धीरे किया गया कार्य भी यदि सही दिशा में हो तो अवश्य सफल होता है। वैज्ञानिक जगत में भी अनेक उदाहरण मिलते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## दैनिक राशिफल

**मेष**
आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ**
आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। रुके हुए कार्य पूरे होने के संकेत हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खान-पान में संयम बरतें।

**मिथुन**
नए लोगों से संपर्क लाभदायक रहेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति के अवसर मिल सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें।

**कर्क**
भावनाओं पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक मामलों में धैर्य से काम लें। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**सिंह**
नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा।

**कन्या**
योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ मिलेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला**
दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। साझेदारी के कार्यों में सफलता मिल सकती है। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक**
कार्यभार अधिक रह सकता है, लेकिन मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। निवेश के मामलों में विशेषज्ञ की सलाह लें।

**धनु**
भाग्य का साथ मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर**
धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कुंभ**
नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मीन**
रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता रहेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं।

# प्रकृति के पुनर्जन्म का भारत मॉडल: एक नई सभ्यता की शुरुआत

**[ संसद से ज्यादा खेतों में लिखा जा रहा है सभ्यता का भविष्य ]**

**[ मिट्टी, मन और मिशन: भारत की वह हरित कहानी जो दुनिया पढ़ रही है ]**

सभ्यताओं का भविष्य केवल संसदों में नहीं, खेतों की मिट्टी, जंगलों की हरियाली और जलस्रोतों की जीवनधारा में भी लिखा जाता है। ऐसे समय में जब दुनिया भूमि क्षरण, सूखे और मरुस्थलीकरण की गंभीर चुनौती से जूझ रही है, भारत ने आशा और संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2011 से 2020 के बीच देश ने 21.76 मिलियन हेक्टेयर क्षतिग्रस्त भूमि को पुनर्जीवित किया है, जो 'बॉन चैलेंज' के 26 मिलियन हेक्टेयर लक्ष्य का लगभग 84 प्रतिशत है। यह केवल भूमि बहाली का आंकड़ा नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय दृष्टि का प्रमाण है जिसने विकास और प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री माना। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि जलवायु नेतृत्व संपन्नता से नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों से हासिल होता है। संकल्प और संवेदनशीलता के साथ यह यात्रा वर्ष 2015 में शुरू हुई, जब भारत ने 'बॉन चैलेंज' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रारंभ में लक्ष्य 2020 तक 13 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक अतिरिक्त 8 मिलियन हेक्टेयर भूमि बहाली का था, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में यूएनसीसीडी के 14वें पक्षकार सम्मेलन के दौरान बढ़ाकर 26 मिलियन हेक्टेयर कर दिया गया। 17 जून 2026 को विश्व मरुस्थलीकरण विरोधी दिवस पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जारी दूसरी प्रगति रिपोर्ट ने इस प्रगति को वैश्विक मंच पर रखा। रिपोर्ट में तेलंगाना को सर्वाधिक भूमि पुनर्स्थापन करने वाला राज्य बताया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडिशा का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। इन राज्यों ने वनरोपण, जल संरक्षण, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्राकृतिक पुनरुत्थान से अनुपयोगी भूमि को फिर से जीवन दिया।

किसी भी पर्यावरणीय कार्यक्रम की सफलता तभी है जब उसका असर सीधे जनजीवन तक पहुंचे। भारत की भूमि बहाली यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि उसने हरियाली के साथ आजीविका भी पैदा की। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.22 अरब व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। ग्रामीण युवा, महिलाएं और सीमांत किसान इसके प्रमुख लाभार्थी बने। जहां कभी बंजर भूमि बेरोजगारी, पलायन और निराशा का प्रतीक थी, वहां आज हरे खेत, फलदार बाग और पशुधन के लिए चारा दिखाई देता है। इस पहल ने मिट्टी को उपजाऊ बनाया, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दी, गरीबी घटाई और गांवों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। यह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन का ऐसा मॉडल है, जिसकी प्रासंगिकता लंबे समय तक रहेगी। इस उपलब्धि का पर्यावरणीय प्रभाव दीर्घकालिक है। स्वस्थ भूमि केवल फसल नहीं उगाती, बल्कि भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। पुनर्स्थापित भूमि कार्बन अवशोषण




बढ़ाती है, मिट्टी की उर्वरता लौटाती है और जल चक्र को संतुलित करती है। इससे सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं की तीव्रता कम होती है। जैव विविधता को नया आवास मिलता है और पारिस्थितिक तंत्र मजबूत होता है। वैज्ञानिक लंबे समय से मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध सबसे प्रभावी और कम खर्चीला उपाय स्वस्थ भूमि है। भारत ने इस सत्य को व्यवहार में बदलकर दिखाया है, इसलिए वैश्विक भूमि बहाली विमर्श में उसकी भूमिका अग्रिम पंक्ति में है।

दुनिया के सामने 'बॉन चैलेंज' का लक्ष्य 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि पुनर्स्थापन का है। इस वैश्विक अभियान में भारत का योगदान प्रेरक और नेतृत्वकारी दोनों माना जा रहा है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हासिल हुई है जब कई विकसित देश अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों और आर्थिक प्राथमिकताओं के बीच संतुलन साधने में संघर्ष कर रहे हैं। भारत ने सिद्ध किया है कि आर्थिक विकास और प्रकृति संरक्षण अलग राहें नहीं, बल्कि साथ-साथ चलने वाली प्रक्रिया हैं। यह उपलब्धि वैश्विक दक्षिण की क्षमता का संदेश है कि समाधान संसाधनों से नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता से निकलते हैं। भारत की सफलता का मूल आधार उसकी नीतिगत स्पष्टता और जनभागीदारी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, ग्रीन इंडिया मिशन, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां और राज्यों की स्थानीय पहलें मिलकर काम कर रही हैं। स्थानीय समुदायों को भागीदार और संरक्षक बनाकर प्रयासों को स्थायित्व दिया गया है। एग्रोफॉरेस्ट्री ने खेती और वानिकी के बीच सहयोग बढ़ाया है, जबकि ड्रोन, सैटेलाइट निगरानी और भू-स्थानिक तकनीक ने निगरानी और मूल्यांकन को अधिक सटीक बनाया है। यही कारण है कि भारत का मॉडल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सहभागी विकास और पर्यावरण प्रबंधन का वैश्विक उदाहरण बन गया है।

फिर भी आत्मसंतोष का कोई कारण नहीं है। देश में अभी भी विशाल क्षेत्र भूमि क्षरण की समस्या से प्रभावित है। 2030 तक निर्धारित शेष लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयासों की गति और व्यापकता दोनों बढ़ानी होंगी। निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स, अनुसंधान संस्थानों और युवा नवाचारकों को इस अभियान से अधिक गहराई से जोड़ना होगा। जलवायु वित्त की उपलब्धता बढ़ाना भी अनिवार्य है, ताकि छोटे किसान, वनवासी और आदिवासी समुदाय इस परिवर्तन के पूर्ण लाभार्थी बन सकें। साथ ही, सतत निगरानी, वैज्ञानिक मूल्यांकन और परिस्थितियों के अनुरूप रणनीतियों में निरंतर सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि प्राप्त उपलब्धियां टिकाऊ और दीर्घकालिक बनी रहें। भारत की यह हरित यात्रा केवल पर्यावरण संरक्षण का अध्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व की नई परिभाषा है। इसने सिद्ध किया है कि सच्ची प्रगति वही है, जिसमें प्रकृति और मानव दोनों का भविष्य सुरक्षित हो। 21.76 मिलियन हेक्टेयर भूमि की बहाली एक उपलब्धि अवश्य है, परंतु उससे भी बड़ा महत्व उस दृष्टि का है जिसने धरती को संसाधन नहीं, उत्तरदायित्व माना। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। वह देख रही है कि एक राष्ट्र केवल लक्ष्य निर्धारित नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें समय से पहले वास्तविकता में बदलने का साहस भी दिखा रहा है। यह हरित क्रांति हमें स्मरण कराती है कि प्रकृति हमारी विरासत नहीं, हमारी संतानों से लिया गया ऋण है। उसकी रक्षा करके ही हम समृद्ध, सुरक्षित और सतत भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नौतनवा ब्लॉक के 40 पंचायत सहायकों का मानदेय बाधित, निष्कासन की प्रक्रिया शुरू

**रतनपुर/महराजगंज।** शासकीय कार्यों में लापरवाही और डिजिटल हाजिरी को हल्के में लेना नौतनवा ब्लॉक के 40 पंचायत सहायकों को भारी पड़ गया है। पंचायत विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए जून माह की अटेंडेंस न लगाने वाले इन सभी 40 पंचायत सहायकों का मानदेय तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। साथ ही सभी लापरवाह कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उनके सेवा निष्कासन की विधिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। एडीओ पंचायत कार्यालय से इस कार्रवाई का फरमान जारी होते ही ब्लॉक के संविदा कर्मियों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों को प्रतिदिन अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद नौतनवा ब्लॉक के 40 पंचायत सहायकों ने जून महीने में अपनी अटेंडेंस नहीं लगाई। मासिक समीक्षा के दौरान जब यह गंभीर लापरवाही सामने आई तो पंचायत विभाग ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सख्त नाराजगी जताई। पंचायत सहायक विकास अधिकारी रामकृष्ण प्रसाद ने तत्काल प्रभाव से सभी का मानदेय बाधित करने का आदेश जारी कर दिया। एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि डिजिटल अटेंडेंस शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जून माह की उपस्थिति दर्ज न करने वाले 40 पंचायत सहायकों का मानदेय रोक दिया गया है और उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही इन सभी के खिलाफ सेवा से निष्कासन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि सरकारी कार्यों और विभागीय नियमों की अनदेखी करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद से अन्य पंचायत सहायकों में भी खलबली मची हुई है।

### ग्राम चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई



**सिद्धार्थनगर।** ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा गांव में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत रमवापुर खास में भी विकास विभाग के पूर्व सूचना के तहत प्रशासक/प्रधान जफर आलम की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कहा कि ग्राम पंचायत के सभी विद्यालयों में बेंच की व्यवस्था कराई जा चुकी है। स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं के विकास से ही ग्राम पंचायत को आदर्श एवं विकसित बनाया जा सकता है। सचिव निशा श्रीवास्तव ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 21 दिनों के भीतर आवेदन करने सहित सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को बताया।इस दौरान मालती देवी, सूर्य प्रकाश, कृष्ण मोहन गिरी, शांति देवी, मिथिलेश गिरी, चंद्रप्रभा चौधरी, नंदनी, सरिता, लक्ष्मी देवी, सफाईकर्मी कन्हैया लाल, प्रदीप कुमार, सुखबली, किरन यादव, विजयराम आदि लोग मौजूद रहे।

### अपराध में शामिल अपचारी गिरफ्तार, विधिक कार्यवाही के उपरान्त भेजा गया जेल

**दुर्गागंज** उत्तर प्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, जनपद भदोही की थाना दुर्गागंज पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन तथा शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में दुर्गागंज पुलिस टीम द्वारा थाना दुर्गागंज क्षेत्र अंतर्गत दंगा/बलवा उत्पन्न कर हत्या का प्रयास सहित आपराधिक बल का प्रयोग कर शांति भंग करने अपराध में शामिल अपचारी को दुर्गागंज बाजार से गिरफ्तार किया गया है।

सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 10/26 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(3), 109,117(2) बी0एन0एस0 से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने के उपरान्त जेल भेजा गया।

## विकास का पोल खोल रहा है गोपालपुर से बारानगर माँ कालिका स्थान पर जाने वाला सड़क मार्ग

● सड़क के बदहाली पर क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश,जनप्रतिनिधियों के उदासीनता का है परिणाम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील मुख्यालय से गोला उरुवा सड़क मार्ग पर गोपालपुर से बारानगर माँ कालिका के स्थान तक जाने वाले सड़क मार्ग का हाल बदहाल बना हुआ है। इस मार्ग पर गुजरने वाले शासन एवं प्रशासन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आ रहे है। क्षेत्र के लोगों का कहना है प्रदेश और देश में डबल इंजन की सरकार चल रही है।क्षेत्र में स्थित सड़को के मरम्मत का कार्य चल रहा है लेकिन इस सात किमी सड़क मार्ग पर निवर्तमान विधायक स्व राजेंद्र सिंह के कार्यकाल के बाद किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस सड़क मार्ग पर मरम्मत करने का कार्य नहीं किया ।जिससे यह सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर होते हुए सरकार द्वारा पीटे जा रहे बिकास के ढीढोरे रूपी आईने का वास्तविक पोल उजागर कर रहा है। इस व्यवस्था से क्षेत्र के लोगो में भारी असंतोष व्याप्त है।

प्राप्त विवरण के अनुसार गोपालपुर से झकरटा, सहडौली , मन्नीपुर, बिजुलियाडाड होते हुए बारानगर माँ कालिका स्थान पर जाने वाला लगभग सात किमी सड़क की स्थित दयनीय होकर विकास कार्य को मुंह चिढ़ाते नजर आ रही है। गोपालपुर से नवली तक की सड़क को बालू ढोने वाले बड़े वाहनों ने तोड़ डाला।बीच में जनता के विरोध के बाद किसी तरह शासन द्वारा बनवाया गया लेकिन खदान से बालू ढोनेका कार्य चल रहा है। कितने दिन तक सड़क टिकेगी कोई भरोसा नहीं है।नवली से बारानगर माँ कलिका के स्थान पर जाने वाले सड़क का कोई खबर लेने वाला नहीं दिख रहा है।जिससे इस मार्ग से सफर करने वाले लोग शासन प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आ रहे है।बताते चले कि वर्ष 2007 में विधानसभा धुरियापार क्षेत्र से विधायक राजेंद्र सिंह चुने गए थे। उनके कार्यकाल में गोपालपुर से लेकर बारानगरा होते हुए धुरियापार तक लगभग 15 किमी सड़क मार्ग का मरम्मत कार्य सम्पन्न हुआ था। उनके बाद पुनः इस सड़क मार्ग का किसी भी जनप्रतिनिधि ने खबर लेना उचित नहीं समझा।और नहीं सड़क पर मरम्मत कार्य सम्पन्न हुआ ।जिसका परिणाम रहा कि इस सड़क मार्ग पर काला सड़क कम और सफेद सड़क ज्यादा देखने को मिल रहा है। इस सड़क मार्ग से सफर करने वाले लोग शासन प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों की उदारता का प्रशंसा करते हुए इस क्षेत्र की जनता को कोसते नजर आते है। आसन्न बिधानसभा का चुनाव वर्ष 2027 सामने आ चुका है। बिकास की धुरी पर खड़ा इस सड़क मार्ग का भी जीर्णोद्धार होगा क्या।

## रोहिणी नदी में मिला 48 वर्षीय व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

● नायब तहसीलदार की मौजूदगी में आपदा मित्रों ने निकाला शव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के नयागांव स्थित रोहिणी नदी में शुक्रवार को एक 48 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान जगदीश निषाद (48) पुत्र हीरालाल, निवासी ग्राम रामपुर नयागांव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार जगदीश निषाद शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे घर से निकले थे। काफी समय तक वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों को सुबह लगभग साढ़े दस बजे रोहिणी नदी में एक शव तैरता दिखाई दिया। नजदीक जाकर देखने पर उसकी पहचान जगदीश निषाद के रूप में हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन के निर्देश पर आपदा मित्रों की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकाला गया।

मौके पर पहुंची तिवारीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक और मायूसी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोहिणी नदी के कई हिस्सों में पानी काफी गहरा है, जिसके कारण पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि नदी और अन्य जलाशयों के किनारे विशेष सतर्कता बरतें तथा अकेले जाने से बचें, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पल्स पोलियो अभियान की सफलता हेतु एसडीएम ने बैठक कर दिए दिशा निर्देश

**कोंच (जालौन)-** पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में एक बैठक स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। आगामी 28 जून से प्रारंभ हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए शुक्रवार को एसडीएम हेमन्त कुमार पटेल ने अपने कार्यालय में बैठक की। बैठक में मौजूद सीएचसी के चिकित्साधीक्षक अनिल कुमार शाक्य ने पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के बारे में बताया कि जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जानी है।

अभियान के पहले दिन नगर में बूथ लगाए जाएंगे और फिर अगले दिन से कर्मचारी घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलायेंगे। उन्होंने बताया कि कोंच नगर में 31 बूथ बनाये गए हैं जिन पर 72 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नदीगांव एवं ग्रामीण क्षेत्र में 134 बूथ लगाए जाएंगे, 65 टीमों में 195 कर्मचारी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाने का काम करेंगे। पिंडारी और उससे सटे ग्रामीण इलाकों में 130 बूथ लगाए जा रहे हैं और 64 टीमों में 192 कर्मचारी पोलियो अभियान को सफल बनाएंगे।

## नाली के पानी के विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में जमकर मारपीट; 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोरखपुर:** गोला थाना क्षेत्र के सड़सड़ा बुजुर्ग गांव में नाली के पानी को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड चलीं, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में गांव निवासी जिलेदार मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके विपक्षी हीरा, राजदेव यादव तथा उनके परिवार के लोग उनकी जमीन से नाली का पानी बहा रहे थे। उन्होंने जब उस नाली को बंद कर दिया तो विपक्षी पक्ष नाराज हो गया। आरोप है कि हीरा पक्ष के रितेश, राजनाथ, बैरागी और किसुन समेत अन्य लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

जिलेदार मिश्रा के अनुसार, जब उनके पुत्र वीरेंद्र मिश्रा और शैलेन्द्र मिश्रा बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उन्हें भी चोटें आईं और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के राजदेव यादव ने भी पुलिस को दी गई तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके घर के सामने पशुशाला है और 17 जून की शाम वह अपने पशुओं को नहला रहे थे। इसी दौरान पानी उनके ही खेत की ओर बह रहा था, जिसे लेकर जिलेदार मिश्रा उनसे अभद्र भाषा में बात करने लगे। विरोध करने पर जिलेदार मिश्रा ने अपने परिजनों को ललकार दिया।

राजदेव यादव के मुताबिक, जयप्रकाश मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, रिंकी तथा अन्य लोगों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि वीरेंद्र मिश्रा घर से कुदाल लेकर आए और उनके कंधे पर वार कर दिया, जिससे




उन्हें चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे हीरालाल को भी पीटा गया। घटना की सूचना मिलने पर गोला पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पांच-पांच लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 115(2), 351(3) और 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में विवाद को लेकर चर्चा का माहौल है, जबकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना दोबारा न हो सके।

## आकांक्षात्मक ब्लॉकों में हर सप्ताह गांवों का दौरा करेंगे अधिकारी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फोटो 17

**देवरिया।** जनपद के पांच आकांक्षात्मक विकास खंडों में योजनाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने अधिकारियों को नियमित रूप से गांवों का भ्रमण कर समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निरीक्षण कार्य में लापरवाही या निर्देशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों का वेतन रोका जाएगा और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने गौरी बाजार, लार, बरहज, भागलपुर और बनकटा विकास खंडों के लिए गठित टीमों से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी नामित अधिकारी प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और बुधवार को अपने निर्धारित गांवों का दौरा करेंगे तथा निरीक्षण केवल कमियां खोजने के लिए नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांवों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का आकलन करें तथा मौके पर ही आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के सत्रों में जरूरी संसाधनों और उपकरणों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को योजनाओं की संतृप्ति के




लिए प्रेरित और सहयोगित किया जाए। एक दिन में एक ही गांव का निरीक्षण कर उसकी समस्याओं के स्थायी समाधान पर ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, जिला विकास अधिकारी एस.के. सिंह, परियोजना निदेशक अनिल कुमार, डीसी एनआरएलएम आलोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सोनभद्र पुलिस की प्रयास से हत्या एवं दहेज उत्पीड़न के अभियोग में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

### हत्या एवं दहेज उत्पीड़न का अभियुक्त दोषसिद्ध

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के कुशल पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे Operation Conviction अभियान के क्रम में थाना रायपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। सोनभद्र पुलिस की प्रभावी विवेचना, सुदृढ़ साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी के फलस्वरूप थाना रायपुर पर पंजीकृत हत्या एवं दहेज उत्पीड़न के अभियोग में माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए दण्डित किया गया। धारा : 498ए, 302 भा0द0वि0 एवं 3/4 डीपी एक्ट अभियुक्त मनोज बनवासी पुत्र सागर बनवासी, निवासी सिकारपुर, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र।

## बॉर्डर पर पुलिस का 'सर्जिकल स्ट्राइक' 2 लाख के अवैध जूते समेत तस्कर गिरफ्तार, नेपाल भेजने की थी तैयारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लक्ष्मीपुर खुर्द, ठूठीबारी, महराजगंज।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने में ठूठीबारी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्कशक्ति मोहन अवस्थी के सख्त निर्देश पर चल रहे अभियान में थाना ठूठीबारी पुलिस ने 2 लाख रुपये के अवैध जूते बरामद कर एक शातिर तस्कर को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी लक्ष्मीपुर पुलिस उपनिरीक्षक मनीष कुमार तिवारी को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि भारी मात्रा में अवैध जूते की खेप नेपाल भेजी जा रही है। जिसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत जाल बिछाया और लक्ष्मीपुर खुर्द से अभियुक्त को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कुल 20 गत्ता जूते बरामद हुआ. एक गत्ते में दर्जनों पीस, कुल 679 जोड़ी जूते मिली जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2,00,000 रुपये आंकी गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहिचान सानू कुमार यादव पुत्र शिवशरण यादव लक्ष्मीपुर खुर्द, थाना ठूठीबारी उम्रः 32 वर्ष हुई। आरोपी की शिक्षा पूछने पर हाईस्कूल पास बताया । अभियुक्त के खिलाफ धारा 111 कस्टम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कागजी कार्रवाई कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है। माना जा रहा है कि यह खेप नेपाल में ऊंचे दामों पर खपाई जानी थी। SP शक्ति मोहन अवस्थी ने साफ कहा है कि 'सीमा पर अवैध तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गोरखपुर में राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, हजारों लोगों ने लिया भंडारे का प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर के गोलघर क्षेत्र इंदिरा गांधी प्रतिमा परिसर में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पूरे परिसर को सजाया गया था और कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के व्यक्तित्व एवं उनके राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत स्वर बताया। भंडारे में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की सफलता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, गोरखलाल श्रीवास्तव सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सामाजिक समरसता और जनसेवा के संदेश को भी प्रमुखता से रखा। कांग्रेस कमेटी गोरखपुर के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी देश के करोड़ों लोगों की उम्मीदों के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और उनके लंबे जीवन तथा स्वस्थ भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार आम जनता की आवाज उठाने का कार्य कर रहे हैं और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि देश को आज राहुल गांधी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी को देश के सर्वोच्च नेतृत्व की भूमिका में देखना चाहते हैं और जनता के बीच भी उनके प्रति



विश्वास लगातार बढ़ रहा है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर में लोग राहुल गांधी की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग उन्हें देश के भविष्य के नेतृत्व के रूप में देख रहे हैं। जन्मदिवस समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे आयोजन में जनसहभागिता का माहौल बना रहा। भंडारे के समापन तक हजारों लोगों की उपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही।

## घर में घुसकर हमला, पांच लोग घायल; हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**सहजनवां-गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के टड़वा कला गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक परिवार के घर में घुसकर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार टड़वा कला निवासी राजकुमार यादव पुत्र रूप नारायण यादव के बच्चों और पड़ोस के बच्चों के बीच कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। स्थानीय लोगों और परिजनों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद की रंजिश में शुक्रवार सुबह विपक्षी पक्ष के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर राजकुमार यादव के घर पहुंच गए।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया। इस दौरान सुरसती देवी (60), ममता (40), रूप नारायण यादव (65), राजकुमार यादव (41) और दीनानाथ (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। घायलों को तत्काल उपचार



के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने राजकुमार यादव और दीनानाथ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। अन्य घायलों का भी इलाज कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़ित राजकुमार यादव की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुनीश चंद, दिनेश चंद, आनंद यादव, संध्या यादव और राजमती यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट, बलवा तथा जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि एक पक्ष की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। साथ ही दोनों पक्षों की ओर से चार लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 63 वाहनों का चालान

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गोरखपुर रोड, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में सघन जांच की गई। इस दौरान सड़क किनारे वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, तीन सवारी बैठाकर चलने वालों तथा वाहन पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों का पूरी तरह अनुपालन करने की अपील की है, ताकि स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा भी की जा सके।

## सीएम से मिले गोण्डा के पत्रकार, बोले- 'घोषणा हुई, जमीन मिली, पर बजट नहीं', मीडिया संकुल का निर्माण अटका

» ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापनः तहसील स्तर पर भवन, व पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड की भी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिले में मीडिया संकुल भवन का निर्माण बजट के अभाव में अधर में लटका है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद इकाई गोण्डा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मीडिया संकुल के लिए तत्काल बजट जारी करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के आवाहन से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के विधि सलाहकार अधिवक्ता गौरीशंकर चतुर्वेदी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गोण्डा जनपद मुख्यालय पर मीडिया संकुल भवन बनाने की घोषणा काफी पहले हो चुकी है। इसके लिए भूमि का आवंटन भी कर दिया गया और जिला प्रशासन ने आगणन रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी। बावजूद इसके बजट जारी न होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

**ये हैं 5 बड़ी मांगें:**

1. **मीडिया संकुल का बजट जारी हो-** घोषणा के बाद भी भवन न बनने से पत्रकारों में रोष।

2. **तहसील स्तर पर मीडिया भवन-** तरबगंज, करनैलगंज, मनकापुर में पत्रकारों की बैठक-कार्यक्रम के लिए भवन बनें।

3.**पत्रकारों के विरुद्ध शिकायत के मामले-** राजपत्रित अधिकारी से जांच हो, फिर एसोसिएशन के 3 चयनित पदाधिकारी जांच टीम में शामिल हों,दोषी पाए जाने पर ही उनके विरुद्ध कार्यवाही हो।

4. **पत्रकारों को स्वास्थ्य सुविधा-** मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त सभी पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड व सरकारी अस्पताल में फ्री दवा मिले।



5. **कार्यालय के लिए जमीन-** जिला मुख्यालय पर संगठन को कार्यालय बनाने हेतु भूमि या अस्थायी भवन दिया जाए। जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा, 'पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, लेकिन गोण्डा में पत्रकारों के बैठने तक की जगह नहीं है। सीएम से उम्मीद है कि हमारी मांगों पर जल्द निर्णय होगा। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक उमानाथ तिवारी, संयोजक राज कुमार सिंह, महामंत्री अशोक पाठक, , मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार दूबे सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी, चालक समेत 10 लोग घायल



**फिरोजाबाद।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नसीरपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हादसा हुआ। लखनऊ से आगरा की तरफ आ रही स्लीपर कोच बस किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। दुर्घटना में चालक समेत 10 लोग घायल हुए हैं। माना जा रहा है कि हादसा चालक को झपकी लगने की वजह से हुआ। नसीरपुर क्षेत्र में माइल स्टोन 57.9 किलोमीटर पर सुबह पांच बजे तेज रफ्तार बस नंबर हरु07 क्र9797 खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। दुर्घटना में बस चालक जय प्रकाश निवासी सुल्तानपुर समेत 10 सवारियां घायल हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद में भर्ती कराया है। चालक जयप्रकाश की हालत गंभीर है, उसे सैफई रेफर कर दिया गया है। वह बस के अगले हिस्से में फंस गया था। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से हादसे की बात सामने आई है। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बस को हटाकर यातायात सुचारू कराया।

### फिरोजाबाद में सर्राफ को आंखों में मिर्च डालकर लूटा था, मुठभेड़ में नोएडा के तीन बदमाश गिरफ्तार; एक के पैर में लगी गोली



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के खतराना मुहल्ले में 12 जून की रात नौ बजे सर्राफ हरिओम वर्मा की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर 470 ग्राम सोना और 1.45 लाख रूपये की लूट की गई थी। वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी घर के पास घटना हुई थी। घटना को बाइक सवार तीन लुटेरों ने अंजाम दिया था। शिकोहाबाद पुलिस ने गुरुवार देर रात तीन बजे छीछामई नहर पुलिया के पास सूचना पर बदमाशों की घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की फायरिंग में एक लुटेरे सुमित उर्फ भोला के पैर में गोली लगी है। जबकि दो लुटेरों नीरज शर्मा और कौशेंद्र को दौड़ा कर पकड़ लिया गया है। एएसपी अनुज चौधरी ने बताया, तीनों लुटेरे कामबक्शपुर नोलेज पार्क, गौतम बुद्ध नगर के रहने वाले हैं। उनके कब्जे से लूट का सोना बेचकर प्राप्त 19 लख रुपये, लूट में इस्तेमाल बाइक, स्कॉर्पियो, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के दौरान भर्ती कराया गया है।

# बीमार पिता के इलाज के लिए दर-दर भटक रही बेटी, संपत्ति विवाद बना बड़ी बाधा

**● लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी इलाज पर संकट, बेटी ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रिश्तों और जिम्मेदारियों को झकझोर देने वाला एक मामला गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र से सामने आया है, जहां गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक बुजुर्ग के इलाज के लिए उनकी बेटी संघर्ष कर रही है। बेटी का आरोप है कि पिता की संपत्ति पर कब्जा रखने वाले परिजन इलाज के लिए आर्थिक मदद देने को तैयार नहीं हैं, जिसके चलते उनके जीवनरक्षक उपचार पर संकट गहरा गया है। गुरुवार को गोला गोकर्णनाथ कोतवाली पहुंची आरजू नाज ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पिता मोहम्मद कलीम के इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई। तहरीर में लगाए गए आरोपों के अनुसार, उनके पिता लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। अब तक इलाज पर लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं, जबकि आगे भी बड़ी धनराशि की आवश्यकता बताई जा रही है। आरजू नाज का कहना है कि पिता की जमीन-जायदाद और अन्य संपत्तियों पर उनकी मां तथा कुछ रिश्तेदारों का कब्जा है। आरोप है कि जब उन्होंने पिता के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की तो उन्हें सहयोग देने के बजाय अपमानित कर भगा दिया गया। बेटी का यह भी आरोप है कि जिन लोगों के पास संपत्ति का नियंत्रण है, वे न तो पिता के इलाज में सहयोग कर रहे हैं और न ही उनकी समुचित देखभाल कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, पिता की बिगड़ती हालत को देखते हुए समय पर इलाज कराना बेहद जरूरी है, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी और पारिवारिक विवाद के कारण उपचार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से हस्तक्षेप कर मामले में उचित कार्रवाई करने तथा पिता के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों से बातचीत कर पूरे मामले की वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**रिश्तों के बीच संपत्ति विवाद का साया**

यह मामला केवल एक पारिवारिक विवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि जब परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारी से जूझ रहा हो, तब संपत्ति और अधिकारों के विवाद मानवीय संवेदनाओं पर कितना भारी पड़ सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीमारी की स्थिति में परिवार के सभी सदस्यों को आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए, ताकि मरीज का इलाज प्रभावित न हो।

**क्या कहते हैं कानूनी जानकार**



कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यदि मामला संपत्ति और पारिवारिक खर्चों के बंटवारे से जुड़ा है तो यह मुख्य रूप से सिविल प्रकृति का विवाद माना जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस प्रायः दोनों पक्षों को बुलाकर समझौते का प्रयास करती है। यदि विवाद का समाधान नहीं होता है तो संबंधित पक्ष न्यायालय की शरण ले सकते हैं। वहीं बीमार व्यक्ति के भरण-पोषण और देखभाल से जुड़े मामलों में कानूनी उपाय भी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से राहत प्राप्त की जा सकती है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बीमार पिता को समय पर इलाज मिल पाता है या नहीं तथा पारिवारिक विवाद का समाधान किस दिशा में आगे बढ़ता है।

# खराब धान बीज बेचने पर बीज विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** किसानों को खराब गुणवत्ता का धान बीज उपलब्ध कराने और कृषि विभाग को संतोषजनक जवाब न देने पर जिला कृषि प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महेवागंज स्थित मै0 दशमेश क्रॉप केयर का बीज लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला कृषि अधिकारी एवं बीज अनुज्ञापन प्राधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच कराई गई। ग्राम रकेहटी, निघासन निवासी किसान कासिम अली ने आरोप लगाया था कि फर्म द्वारा उपलब्ध कराया गया धान बीज गुणवत्ताहीन था। जांच के दौरान विभाग ने फर्म से संबंधित अन्य किसानों की सूची मांगी, लेकिन फर्म द्वारा आवश्यक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे सत्यापन प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसी क्रम में फूलबेहड़ क्षेत्र के किसान पिंटू गिरि ने भी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि फर्म से खरीदे गए धान बीज का अंकुरण अत्यंत खराब रहा, जिससे उनकी फसल प्रभावित हुई और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। किसान का आरोप है कि शिकायत के बावजूद डीलर, वितरक और कंपनी प्रतिनिधियों ने समस्या के समाधान के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं ली। कृषि विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 16 जून को फर्म को नोटिस जारी कर पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसे बीज नियंत्रण आदेश-1983 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए विभाग ने फर्म की बीज अनुज्ञप्ति संख्या DAO/LMP/1522 को निलंबित कर दिया। जिला कृषि अधिकारी ने फर्म को सात दिनों के भीतर समस्त साक्ष्यों के साथ स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब न मिलने पर बीज अधिनियम-1966, बीज नियंत्रण आदेश-1983, बीज नियम-1968 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग की इस कार्रवाई को किसानों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मॉडर्न नर्सरी वेलफेयर सोसायटी चुनावः विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** मॉडर्न नर्सरी वेलफेयर सोसायटी के आगामी संगठन चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव अधिकारी अवधेश सिंह की देखरेख में विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र खरीदे और विधिवत रूप से दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण, पारदर्शी और लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और उम्मीदवारों में संगठन के प्रति भारी एकजुटता और उत्साह देखने को मिला।

**विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों का विवरण इस प्रकार है**

अध्यक्ष पदः लक्ष्मी गंगवार जी एवं मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष पदः संजीव श्रीवास्तव एवं वंदना यादव, महामंत्री पदः रूपाली गुप्ता, सचिव पदः मनोज कुमार एवं



अनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष पदः विकास पाठक ।

नामांकन पत्र जमा करने के बाद सभी मुख्य दावेदारों और पदाधिकारियों ने चुनाव अधिकारी अवधेश सिंह के साथ एक विशेष बैठक की, जिसमें आगामी चुनावी रूपरेखा और सोसायटी के कल्याणकारी कार्यों पर चर्चा की गई। चुनाव अधिकारी अवधेश सिंह ने बताया कि प्राप्त हुए सभी नामांकन पत्रों की नियमानुसार जांच की जाएगी और आगे की चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान सोसायटी के तमाम सम्मानित सदस्य और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी प्रत्याशियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 20 व 21 जून को रहेंगे भदोही दौरे पर

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा 20 एवं 21 जून को भदोही दौरे पर रहेंगे। प्रभारी अधिकारी (प्रोटोकॉल) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 20 जून को सायं छह बजे वाराणसी सर्किट हाउस से प्रस्थान कर शाम सात बजे राजस्व अतिथि गृह, ज्ञानपुर पहुंचेंगे। यहां वह चौपाल कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज मैदान, ज्ञानपुर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 8:30 बजे वाराणसी के लिए रवाना होंगे तथा 9:30 बजे सर्किट हाउस वाराणसी पहुंचेंगे। मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## 'किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए' — डीएम के संदेश ने जीता दिल

**● अमीरनगर की शांति समिति बैठक से दिया गया सौहार्द, भाईचारे और इंसानियत का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को अमीरनगर पुलिस चौकी पर आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रशासन और समाज के बीच बेहतर संवाद का उदाहरण देखने को मिला। बैठक में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर सामाजिक समरसता, कानून व्यवस्था और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह का एक भावनात्मक संदेश लोगों के दिलों को छू गया।

**उन्होंने प्रसिद्ध शायर निदा फ़ाज़ली के मशहूर शेर का उल्लेख करते हुए कहा—**

'अपना ग़म ले के कहीं और न जाया जाए, घर में बिखरी हुई चीज़ों को सजाया जाए... घर से मस्जिद है बहुत दूर, चलो यूं कर लें, इकिसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए। '

डीएम ने कहा कि किसी भी धर्म और पर्व का मूल उद्देश्य मानवता, प्रेम और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि मोहर्रम को उसकी परंपराओं और गरिमा के अनुरूप शांतिपूर्वक मनाया जाए तथा समाज में भाईचारे का वातावरण बनाए रखा जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी तथा किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करना नहीं, बल्कि सभी की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि लखीमपुर खीरी की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक एकता से है। इस विरासत को सुरक्षित रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से धैर्य, संयम और आपसी सम्मान के साथ पर्व मनाने की अपील की। एसएसपी ने सोशल



मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक संदेशों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने कहा कि एक गलत सूचना पूरे माहौल को प्रभावित कर सकती है। किसी भी अपुष्ट खबर को साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं, ताजियादारों और क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोहर्रम का पर्व पूरी शांति, सौहार्द और शासन की गाइडलाइन के अनुरूप मनाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, विभिन्न धर्मगुरु, ताजियादार एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बालश्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ चला बड़ा अभियान, 10 बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्य कर रहे 10 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। इस दौरान संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए भविष्य में बालश्रम न कराने की सख्त चेतावनी दी गई। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली के निर्देशों तथा पुलिस अधीक्षक खीरी के आदेश पर यह अभियान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) एवं नोडल अधिकारी के निर्देशन में चलाया गया। अभियान में एएचटी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राम अवतार, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, आरक्षी अरविंद कुमार, महिला आरक्षी शिवानी कौशिक, महिला आरक्षी संध्या श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा तथा चाइल्ड लाइन प्रभारी अंजुम परवीन की संयुक्त टीम शामिल रही। टीम ने थाना नीमगांव, बेहजम, गोला मैलानी और संसारपुर क्षेत्र में दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंटों तथा मोटर स्पेयर पार्ट्स की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। जांच के दौरान 10 बच्चे विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्य करते हुए पाए गए, जिन्हें तत्काल बालश्रम से मुक्त कराया गया। श्रम विभाग ने संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू करते हुए उन्हें बाल श्रम निषेध कानूनों का पालन करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। अधिकारियों ने आमजन को बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम तथा 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक भागीदारी का आह्वान किया।



संयुक्त टीम ने लोगों को विभिन्न आपातकालीन एवं सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी और अपील की कि यदि कहीं बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह या बच्चों के शोषण से जुड़ा कोई मामला सामने आए तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा हेल्पलाइन पर दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें शिक्षा एवं बेहतर भविष्य उपलब्ध कराने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## बरेली में जमीन को लेकर दो भाइयों में हो रहा था झगड़ा, दादी की गोद से गिरा तीन माह का मासूम; मौत

**बरेली के हरेली गांव में भूमि विवाद के चलते दो भाइयों की मारपीट में दादी की गोद से गिरकर तीन माह के बालक राम लड़ैते की मौत हो गई।**



**बरेली।** हरेली गांव में भूमि विवाद ने तीन माह के राम लड़ैते की जान ले ली। गुरुवार रात दो भाइयों में मारपीट के दौरान बालक अपनी दादी विमला देवी की गोद से गिर गया। सिर में गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। उसकी मां अनीता का प्रसव के दौरान निधन हो गया था। गांव में रहने वाले वीरपाल का भाई सर्वेश समेत दो अन्य भाइयों से बंटवारे का विवाद चल रहा। गुरुवार रात 12 बजे वीरपाल फैक्ट्री से ड्यूटी कर लौटा तो नशे में था।उसने सर्वेश व दो अन्य भाइयों को गाली दी। इसके विरोध में सर्वेश आगे आए तो मारपीट होने लगी। यह देख मां विमला बीचबचाव करने दौड़ी। उसी दौरान उनकी गोद से बालक गिर गया। रात एक बजे गांव पहुंची पुलिस को वीरपाल और उसके बेटों के विरुद्ध तहरीर दी गई।

## बरेली में सनसनीः नकली अफसर बनकर युवक का अपहरण, 75 हजार लूटे, 5 लाख की फिरौती मांगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** कार सवार दो बदमाशों ने एक युवक और उसके दोस्त का अपहरण कर लिया। दोनों को कई घंटों तक कार में घुमाते रहे कुछ देर बाद उसके दोस्त को बीच रास्ते में उतार कर पीड़ित को बंधक बना लिया। उसके खाते से 75 हजार रुपये निकलवाए और पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। जब अपहरणकर्ताओं को लगा कि रुपये नहीं मिल पाएंगे तो वह पीड़ित को नवाबगंज क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 को फोन कर पूरी सूचना दी। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। तब पूरी कहानी का राजफाश होगा। बहेड़ी के सेमरा गांव निवासी अशफाक कंबाइन मशीन चलाने का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार को वह अपने दोस्त जहीर के साथ में अपनी कार से घूमने निकले थे। लौटते समय नैनीताल लिंक रोड पर उन्हें लखनऊ नंबर की एक कीया कार दिखाई दी। कीया कार सवारों ने अशफाक की कार के आगे अपनी कार लगाकर उन्हें घेर लिया। कार में से उतरे पांच लोगों ने खुद को सीआइडी अफसर बताया और अशफाक और जहीर को अपनी कार में बैठा लिया। आरोप है कि आरोपितों ने उन्हें मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद आरोपितों ने जहीर को कार से उतार दिया और अशफाक को बंधक बना लिया। उसे कई घंटों तक घुमाया और नवाबगंज की तरफ से किसी जनसेवा केंद्र पर कार रोकी और अशफाक के खाते से आरोपितों ने 75 हजार रुपये निकलवाए। इसके बाद फिर से कार में बैठाया और फिर से घुमाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपितों ने पांच लाख रुपये की मांग की मगर अशफाक ने रुपये की व्यवस्था नहीं होने की बात कही तो आरोपितों ने मारपीट भी की। शाम तक घुमाने पर जब आरोपितों को लगा कि अब उन्हें रुपये नहीं मिलेंगे तो वह अशफाक को नवाबगंज क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि आरोपितों ने अशफाक का मोबाइल भी छीन लिया था। किसी तरह से उन्होंने किसी राहगीर का फोन लेकर डायल 112 को फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुंची। उन्होंने पूरी बात सुनी और घटना बहेड़ी थाना क्षेत्र की होना कहकर बहेड़ी भेज दिया।

**उत्तराखंड के हैं आरोपित, गिरफ्तारी को गई टीम**

मामले में बहेड़ी थाना प्रभारी दिनेश शर्मा का कहना हैं कि घटना की जानकारी है। अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित उत्तराखंड के हैं। पीड़ित के परिचितों ने ही उसकी पुरानी बात बताकर टप्पेबाजी कराई है। आरोपितों की तलाश में टीम लगी है। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने 4901.65 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूरी

**● मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ संग बेहतर संपर्क के लिए 13 मार्गों का होगा विकास**

**देवीपाटन और बस्ती मंडल के विधानसभा क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग की विकास परियोजनाओं के कार्यों की हुई समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महज़ तेरह दिनों बाद फिर गोंडा का दौरा किया। उन्होंने अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन भी देखा। इसमें प्रमुख रूप से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम संग अन्य धार्मिक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को



स्वीकृति दी। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। इस दौरान देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती की सड़क व संपर्क मार्ग परियोजनाओं की प्रगति परखी। इसके साथ बस्ती मंडल के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ने, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और पुल सेतु से जुड़े निर्माण कार्यों पर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री को देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट दी। इस



दौरान मुख्यमंत्री ने गड्ढामुक्त अभियान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 810 कामों को मंजूरी दी। इसमें करीब 1472.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे ग्रामीण अंचलों में 1602 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाकर बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। करीब पचास से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण व दुरुस्तीकरण किया जाएगा।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं पर हुआ मंथन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के लिए सड़क मार्गों के दुरुस्तीकरण पर केंद्रित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ देखा। इसमें आधारभूत संरचना के कार्य भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने पिछड़े क्षेत्रों व आकांक्षात्मक ब्लॉक क्षेत्रों में जारी विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

**औद्योगिक क्षेत्रों की भी बेहतर होगी कनेक्टिविटी**

मुख्यमंत्री ने दो राज्य राजमार्गों, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी, 81 लघु सेतु व सात बड़े पुलों को बनाने की मंजूरी दी। शहरी क्षेत्रों में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए बाईपास मार्गों, ओवरब्रिज आदि के कामों को मंजूरी दी।

देवीपाटन मंडल में सड़क सुरक्षा के कार्यों को कराने कभी निर्देश दिया। इसके साथ जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 12 हेलीपैड के निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी। उन्होंने हरदौपट्टी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, कटरा बाजार के पंडितपुरवा नहवा परसौरा वाया खजुहा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, सुभानपुर बेलवानोहर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य, हट्टीपुरवा से कुढ़ियांव संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, चांदपुरडीहा संपर्क मार्ग निर्माण कार्य आदि की अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली।

## फिरोजाबाद में सिक्सलेन हाईवे के पास 100 करोड़ से विकसित की जाएगी नई कॉलोनी

**● फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत पचवान गांव में 100 करोड़ की लागत से एक बड़ी आवासीय कॉलोनी विकसित कर रहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण (विप्रा) द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत सिक्सलेन के निकट गांव पचवान पर एक बड़ी कॉलोनी विकसित करने के लिए तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। प्रथम चरण की लांचिंग के लिए 14 हेक्टेअर से अधिक भूमि का किसानों से बैनामा कराने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विप्रा ने इस भूमि को विकसित कराने के लिए 100 करोड़ की डीपीआर तैयार करा ली है।

**अब तक 14 हेक्टेअर से अधिक भूमि क्रय की जा चुकी है**

आवास विकास परिषद द्वारा विकसित सुहाग नगर आवासीय कॉलोनी को छोड़कर वर्षों बाद भी शहर में कोई बड़ी कॉलोनी विकसित नहीं हो पाई है। जबकि प्राइवेट बिल्डरों द्वारा सिक्सलेन, हाईवे से लेकर मुख्य मार्गों से लेकर खेत खलिहानों में धड़ल्ले से आवासीय कॉलोनियां और बहुमंजिला अपार्टमेंट विकसित किए जा रहे हैं। इसमें तमाम कॉलोनियां बिना नक्शा पास कराए और मानकों को ताक पर रखकर विकसित की जा रही हैं। इस कमी को दूर करने के लिए विप्रा ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत सिक्सलेन के निकट बड़ी आवासीय कॉलोनी विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए गांव पचवान में कुल 28.84 हेक्टेअर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके सापेक्ष अब तक 14 हेक्टेअर से अधिक भूमि क्रय की जा चुकी है। इसका उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (यूपी रेरा) में पंजीयन की प्रक्रिया भी चल रही है। इसके साथ कॉलोनी के लिए चिह्नित भूमि को विकसित करने की दिशा में भी प्रयास तेज हो गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑपरेशन दहन में उत्कृष्ट पैरवी पर विशेष लोक अभियोजक माया मोहन पाण्डेय सम्मानित




**भदोही।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों के विधिसम्मत विनष्टीकरण की प्रक्रिया में उत्कृष्ट योगदान देने पर विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) माया मोहन पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर एक मार्च से 30 जून तक संचालित अभियान के तहत जनपद में जब्त अवैध मादक पदार्थों के निस्तारण की कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस प्रक्रिया में माया मोहन पाण्डेय ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 52ए सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत न्यायालय में प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर आवश्यक न्यायिक अनुमतियां प्राप्त हो सकीं। अभियान के दौरान विभिन्न मुकदमों से संबंधित लगभग 2132.93 किलोग्राम गांजा, 65 डायजेपाम गोलियां तथा 0.065 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थों का विधिसम्मत विनष्टीकरण कराया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विशेष लोक अभियोजक की विधिक दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### बकाया रुपये के विवाद में अधेड़ पर जानलेवा हमला, चार पर मुकदमा

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर उपरवार गांव में बकाया रुपये के विवाद को लेकर एक अधेड़ पर कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोपालपुर उपरवार निवासी प्रभाशंकर दुबे (45) ने आरोप लगाया कि रुपये के लेन-देन को लेकर रंजिश रखने वाले चार लोगों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई। बताया जाता है कि भोर में टहलने निकले एक युवक ने घायल की स्थिति देखकर तत्काल यूपी-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि 19 जून को प्रभाशंकर दुबे पुत्र स्वर्गीय भोलानाथ दुबे निवासी गोपालपुर उपरवार की ओर से सूचना दी गई कि पैसों के लेन-देन को लेकर विपक्षी अभिषेक पाण्डेय उर्फ जुगल, सुजीत पाण्डेय, पंकज मिश्रा तथा गुड्डू मिश्रा ने एक राय होकर उनके साथ मारपीट की।एसपी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गोपीगंज में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान का आज होगा समापन

**भदोही।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान' का आज 20 जून 2026 को विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर, भदोही में भव्य समापन होगा। यह अभियान 17 जून 2026 से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल स्थापित किए गए हैं, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विभागीय स्टॉलों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। आज आयोजित समापन समारोह में माननीय सांसद डॉ विनोद विंद जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# सिर छूने की ऊंचाई पर लटक रहे बिजली के तार, बड़ी माता मोहल्ले में हादसे का मंडरा रहा खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिर्जापुर।** नगर के मध्य स्थित बड़ी माता मोहल्ले में बिजली विभाग की लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। मोहल्ले के मतई चौक तथा बड़ी माता गली में बिजली के तार इतने नीचे लटक गए हैं कि राहगीरों के सिर से टकराने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्र के संकरे मार्गों से प्रतिदिन सैकड़ों लोग पैदल, दोपहिया वाहन और साइकिल से गुजरते हैं। वहीं मोहल्ले में बच्चों और बुजुर्गों की भी लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में नीचे झूल रहे बिजली के तार किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही खतरा और बढ़ गया है, क्योंकि नमी और बारिश के दौरान बिजली के तारों से करंट उतरने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई स्थानों पर बिजली के तार जर्जर भी हो चुके हैं और खंभों के बीच उचित दूरी व कसाव न होने के कारण तार नीचे झुक गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि कोई लंबा व्यक्ति, सामान लेकर गुजर रहा राहगीर या ऊंचे वाहन का चालक इन तारों की चपेट में आ जाए तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मतई चौक क्षेत्र बाजार और आवागमन का प्रमुख मार्ग है। यहां दिनभर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने अब तक मौके का निरीक्षण करना भी जरूरी नहीं समझा। लोगों का कहना है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में बैठा दिखाई दे रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनका कहना है कि नीचे लटक रहे तारों को जल्द से जल्द ऊंचा कराया जाए और जर्जर तारों को बदला जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। अधिशासी अभियंता आर के यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में है जल्द ही इस पर कार्रवाई की जायेगी । ताकि हादसे को टाला जा सके।

## 90 लाख की लागत से लगेगा गंगा पुल पर सुरक्षा जाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** गंगा पुल पर सुरक्षा जाली लगाने का कार्य शुरू होने से पूर्व शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने विधि-विधान से पूजन किया। गंगा नदी पर बने इस ऐतिहासिक पुल से आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही थीं। जनता की मांग पर शासन ने सुरक्षा जाली लगाने की स्वीकृति दी है। पूजन के दौरान विधायक ने कहा कि 90 लाख की लागत से बनने वाली यह जाली युवाओं का जीवन बचाएगी। पुल के दोनों तरफ सात फिट ऊंची स्टील की जाली लगाई जाएगी जो दो माह मे पूर्ण हो जाएगी।अधिकारियों ने बताया की जाली लगाने का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। पक्का पुल अब आत्महत्या का स्थल नहीं रह पाएगा। सुरक्षा जाली लगने के बाद पुल से गंगा में कूदना मुस्किल हो जाएगा। पिछले दो साल में यहां से दर्जनो लोगों ने गंगा मे पुल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके है। स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रयास का स्वागत किया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद,विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह,मण्डल अध्यक्ष मंगरु साहनी,महामंत्री अभिलाष राय,आलोक श्रीवास्तव,पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह,चन्द्रहाश गुप्ता,पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह एड0, मण्डल उपाध्यक्ष अजयशेखर पाण्डेय,अखिलेश मिश्रा बच्ची सभासद विकास कश्यप,अखिलेश पांडे आदि सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सचिव करेंगे भदोही का भ्रमण

**भदोही।** उत्तर प्रदेश शासन के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सचिव श्री कृष्ण कुमार 20 एवं 21 जून 2026 को जनपद भदोही के भ्रमण पर रहेंगे। भ्रमण के दौरान वे शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास कार्यक्रमों तथा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। 20 जून 2026 को सायं 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इसी बैठक में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके उपरांत 21 जून 2026 को प्रातः 6:00 बजे सचिव श्री कृष्ण कुमार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा योग के प्रति जनजागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे।

# मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** आगामी त्यौहार मुहर्रम के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के साथ पीस कमेटी की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को त्यौहार के दौरान शांति/सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा ताजियादारों से ताजिया निकालने हेतु अनुमति लेने व शासन द्वारा जारी गाइडलाईन का अनुपालन करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि अपने-अपने नगरों में साफ-सफाई, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। कर्बला, ताजिया वाले स्थानों के रास्ते को एसडीएम, अधिशासी अभियंता विद्युत, एसएचओ, अधिशासी अधिकारी क्वाडिनेशन कर भ्रमण कर लें, ताकि कही कोई दिक्कत न होने पाये। उपस्थित ताजियादारों ने अपनी-अपनी समस्या रखी जिस पर जिलाधिकारी ने निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून एवं शांति व्यवस्था को कायम रखने के साथ-साथ आप लोगो कि यदि कोई समस्या है तो उनका समय रहते समाधान किया जाना है और कहा कि किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जायेगी। उन्होने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है। त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल बैठकर उस का आनंद लें। उन्होंने कहा कि जो लोग ताजिया निकालना चाह रहे हैं या पूर्व से निकालते आ रहे हैं वे सभी लोग ताजिया निकालने हेतु अपना आवेदन तहसील में जमा करा दें। आवेदन के साथ में जुलूस के दौरान आपके द्वारा तैनात किये गये स्वयं सेवकों की सूची मो0नं0 सहित उपलब्ध करा दें साथ ही आवेदन में यह भी सुनिश्चित करें कि ताजिया किन-किन मार्गो से होते हुए निकाला जायेगा जिससे कि प्रशासन और पुलिस बल को तैनात किया जा सके। बिना अनुमति के ताजिया/जुलूस किसी भी दशा में नहीं निकाला जायेगा। जो समय ताजिया निकालने हेतु निर्धारित किया गया है उसी के आधार पर ताजिया निकालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अनुमति के दौरान ताजिये के आकार के संबंध में दी गई सूचना के उपरांत किसी भी प्रकार का फेर बदल न करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाली भ्रमित खबरों पर ध्यान न दें और



न ही किसी भ्रमित करने वाले ऑडियो/वीडियो को बिना किसी पुष्टि के किसी को भी हस्तांतरित न करें। इस तरीके की खबरों की सूचना तुरंत पुलिस और प्रशासन को दें जिससे समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि जुलूस के साथ तथा जुलूस निकलने वाले मार्गो पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। ताजिया निकालने हेतु जो मार्ग निर्धारित किये गये हैं उन्हीं मार्गो का प्रयोग करें। बिना किसी सूचना के ताजिया निकालने वाले मार्ग में बदलाव न करें यदि ऐसा करते हैं तो यदि कोई घटना घटित होती है तो संबंधित स्वयं जिम्मेदार होगा और उसकी जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कुछ अराजक तत्व जुलूस में शामिल होकर घटना को अंजाम देने का प्रयास कर सकते हैं।

## शहर कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर द्वारा मनाया गया नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन




**मीरजापुर।** शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर द्वारा शहर अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक जी के नेतृत्व में जन-जन के नेता, करोड़ों कार्यकर्ताओं की प्रेरणा, नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी जी का जन्मदिन विन्ध्याचल स्थित वशिष्ठ छात्रावास में सैकड़ों बटुकों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तत्पश्चात वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के बीच फल एवं मां विंध्यवासिनी मंदिर में आने वाले भक्तों के बीच शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी का निडर नेतृत्व, जनहित के प्रति अटूट समर्पण तथा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के इस पथ पर सदैव अटूट संकल्पशक्ति प्रदान करें।

## अरुण सिंह जी के आगमन पर ढोल ताशा के साथ जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी बरौधा कचार मीरजापुर में भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव/ सांसद राज्यसभा अरुण सिंह जी के आगमन पर ढोल ताशा के साथ जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकार बंधुओं से वार्ता में मुख्य अतिथि जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं । ये 12 साल भारत के पुनर्निर्माण के वर्ष हैं, जहां विकास को प्राथमिकता मिली और जनता का विश्वास सरकार की सबसे बड़ी पूंजी बना । आगे उन्होंने '12 साल विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के' विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि विकास के 12 साल इन वर्षो में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों ने देश की बुनियाद को मजबूत किया । हर घर जल, हर घर बिजली और पीएम आवास योजना से करोड़ों परिवारों के जीवन में बदलाव आया। विश्वास के 12 साल सरकार ने पारदर्शी शासन दिया ।




DBT के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे । भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार हुआ और जनता का शासन-व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा। जनकल्याण के 12 साल आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली। उज्ज्वला योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, किसान सम्मान निधि और मुफ्त राशन योजना से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार पहुंची। प्रेस वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, एम0एल0सी0 श्याम नारायण सिंह, विधायक नगर पं0 रत्नाकर मिश्र, विधायक चुनार अनुराग सिंह, विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्या, नगर पालिका चेयरमैन श्याम सुन्दर केशरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के साथ पत्रकार बंधु एवं जिला मीडिया सह प्रभारी रतन कुमार सिंह, विजय शक्ति दूबे, शुभम जायसवाल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

## मोबाइल दुकान के सामने से रेंजर साइकिल चोरी, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। गुरुवार को राजमार्ग स्थित बस स्टैंड के पास पेट्रोल पंप के समीप मोबाइल दुकान के बाहर खड़ी रेंजर साइकिल अज्ञात चोर उठा ले गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।अंजही मोहाल निवासी अमृतलाल अग्रहरि के अनुसार, उनका पुत्र गुरुवार सुबह करीब 11 बजे रेंजर साइकिल से बस अड्डा स्थित मोबाइल दुकान पर गया था। साइकिल दुकान के बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आने पर साइकिल गायब मिली।आसपास के लोगों ने बताया कि मदर डेयरी कंपनी की टी-शर्ट पहने एक युवक साइकिल ले जाते हुए देखा गया था। काफी खोजबीन के बाद भी साइकिल का पता नहीं चल सका।अमृतलाल अग्रहरि ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर चोर की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी सख्त, ओवरलोड वाहनों पर होगी कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने परिवहन एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। डीएम ने सभी विद्यालयों को वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अद्यतन रखने तथा वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने ओवरलोड वाहनों, डंपरों तथा नियमों का उल्लंघन कर संचालित होने वाली बसों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में दुर्घटना संभावित स्थलों की भी समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं संबंधित विभागों को ऐसे स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही, सड़क संकेतक, चेतावनी बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला सहित पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित प्रयास का आश्वासन दिया।

# विकसित भारत प्रदर्शनी में विकास योजनाओं की गूंज, किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के गुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ज्ञानपुर।** विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में जिला प्रशासन एवं सूचना विभाग द्वारा आयोजित विकसित भारत प्रदर्शनी के तीसरे दिन केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संजय बिन्द तथा मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से आमजन के जीवन स्तर में सुधार आया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की नीतियों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़े हैं। विधायक दीनानाथ भास्कर ने कहा कि बिना भेदभाव सभी वर्गों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने नागरिकों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, महिला एवं युवा कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, सांस्कृतिक विरासत, आंतरिक सुरक्षा तथा विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की संकल्पना को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। साथ ही जनपद की विकास गाथा भी प्रदर्शित की गई। कृषि विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला आकर्षण का केंद्र रही। कृषि विज्ञान केंद्र बगही के विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी देते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन और आय बढ़ाने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान उद्योग एवं कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट एवं सहायता लाभ वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## 20 जून को त्रिलोकपुर में राज्य मंत्री करेंगे रात्रि चौपाल, 21 जून को ज्ञानपुर में होगा योग दिवस आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 20 जून 2026 को विकास खण्ड औराई की ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। वहीं 21 जून 2026 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड, ज्ञानपुर में जनपद स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य विकास अधिकारी बालगोविन्द शुक्ल कहा कि20 जून को सायं 6:00 बजे आयोजित रात्रि चौपाल में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के राज्य मंत्री श्री हंस राज विश्वकर्मा प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया जाएगा। रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों की विशेष टीमें उपस्थित रहेंगी। राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल द्वारा वरासत, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा भूमि संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। पंचायतीराज एवं ग्राम विकास विभाग के सचिव, रोजगार सेवक एवं सहायक कर्मी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना तथा मनरेगा जॉब कार्ड से संबंधित मामलों का समाधान करेंगे। इसी प्रकार कृषि विभाग के कर्मचारी किसान सम्मान निधि एवं फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्य करेंगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराएंगी। चिकित्सा विभाग की आशा एवं एएनएम द्वारा आयुष्मान कार्ड से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नलकूप एवं सिंचाई विभाग के कर्मचारी सिंचाई संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में उपस्थित होकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराएं। और कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त 21 जून 2026 को प्रातः 6:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड, ज्ञानपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जनपद प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रमों के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**भदोही:-** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों, एनकार्ड, कानून व्यवस्था एवं विभिन्न प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा विभागों के मध्य बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, समस्त सहायक अभियोजन अधिकारियों एवं अपर शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम सहित अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र दंडित कराने पर जोर दिया। बैठक के दौरान न्यायालयों में पंजीकृत मामलों, जमानत प्रकरणों, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, अंतिम बहस, गवाहों की उपस्थिति एवं अभियोजन स्वीकृति से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

# आज आदर्श इण्टरमीडिएट कॉलेज बिसुंदरपुर मीरजापुर में शिक्षक कक्ष का किया गया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




मुख्य अतिथि मा राम शकल जी, सांसद लोक सभा एवं राज्य सभा तथा प्रोफेसर शिशिर कुमार पाण्डेय, कुलपति, जगदुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर मुख्य अतिथि द्वय द्वारा माल्यार्पण से किया गया, तदुपरान्त संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। दो शिक्षक कक्ष का उद्घाटन मा राम शकल जी सांसद लोक सभा एवं राज्य सभा ने किया तथा एक शिक्षण कक्ष एवं स्ट्रांग रूम का उद्घाटन प्रोफेसर शिशिर कुमार पाण्डेय, कुलपति, जगदुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट ने किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि द्वय, विशिष्ट अतिथि अखिलेश चंद्र द्विवेदी , प्रबंधक श्रीमती संध्या द्विवेदी, प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार पाठक, उप प्रधानाचार्य विनय कुमार तिवारी संजय कुमार, उमेश कुमार जी, अश्वनी कुमार मिश्र, अमित कुमार तिवारी इत्यादि का माल्यार्पण कर स्वागत विद्यालय परिवार ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य जी करते हुए विद्यालय के इतिहास, मुख्य अतिथि मा राम शकल जी पूर्व सांसद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वही मुख्य अतिथि प्रोफेसर शिशिर कुमार पाण्डेय, कुलपति, जगदुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के जीवन वृत्त की चर्चा के क्रम मे बताया कि वे इसी आदर्श इण्टरमीडिएट कॉलेज बिसुंदरपुर मीरजापुर के पूर्व छात्र रहे हैं। इण्टर की शिक्षा यही से प्राप्त की थी तथा आपसे पूर्व के वर्ष में नेहरू इण्टर कॉलेज पनवाड़ी महोबा में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति पत्रिका के विमोचन एवं वार्षिकोत्सव में आने पर प्रथम सानिध्य प्राप्त हुआ था। आप आदर्श इण्टरमीडिएट कॉलेज बिसुंदरपुर से विद्यालय शिक्षा प्राप्त कर आज यही मुख्य अतिथि के रूप में आना एक होनहार छात्र की परिकल्पना है। दोनों अतिथियों ने विद्यालय से जुड़े अपने संस्मरण के साथ विस्तार से शिक्षा जगत में अपने योगदान की परिचर्चा की। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रबंधिका संध्या द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रवि शंकर ओझा एवं अरूण कुमार श्रीवास्तव ने किया। अरविंद कुमार, कैलाश कुमार, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, वीरेंद्र प्रताप, कपिल देव, राजपति जी, सर्वेश कुमार जी, श्याम बिहारी जी इत्यादि शिक्षक एवं समस्त कर्मचारी एन सी सी के छात्र स्काउट्स के छात्र, रसोईया, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया




**नैनी,प्रयागराज-** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय कॉटन मिल्स तिराहे पर देश के करोड़ों लोगों की आवाज, युवाओं की धड़कन, कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, लोकसभा सदस्य, विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 56वा जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा ने कहा कि राहुल गांधी को देश के करोड़ों लोगों के प्रति संकल्प, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक बताया। महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने राहुल गांधी को जननायक एवं लोकप्रिय सांसद और निकट भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का संकेत दिया। कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं ने अपने नेता राहुल गांधी जी के आदेश पर कार्य करने की शपथ ली।मौजूद लोगों में , कार्यक्रम में सर्वश्री नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, धीरेंद्र यादव धीरू, विनोद जैकब, मुन्ना जाफरी, राजकुमार कुशवाहा, इंजिनियर विजय कुमार कुशवाहा, सुधीर शर्मा, सतीश कुमार श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहें।

### फर्जी दस्तावेज बनाकर मकान कब्जाने के आरोपी गिरफ्तार, कई संगीन मुकदमों में है नामजद



**बहरिया, प्रयागराज।** थाना बहरिया पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान पर अवैध कब्जा करने के प्रयास और धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बाबूगंज तिराहे के पास से पकड़कर न्यायालय भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना बहरिया में दर्ज मुकदमा संख्या 85/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त इमरान अहमद उर्फ गुलजार पुत्र निसार अहमद, निवासी जुगनीडीह, थाना बहरिया, कमिश्नरेट प्रयागराज को बुधवार को थाना क्षेत्र के बाबूगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है। मामले के संबंध में पुलिस ने बताया कि मुकदमा वादिनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इमरान अहमद उर्फ गुलजार ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके मकान से संबंधित कूटरचित (फर्जी) दस्तावेज तैयार किए और मकान पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट भी की। शिकायत के आधार पर थाना बहरिया में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने बाबूगंज तिराहे के निकट घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई।

### एटीएम से बैटरी चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार




**मेजा/प्रयागराज।** थाना मेजा पुलिस ने ग्राम सोनार का तारा में स्थित एटीएम से बैटरी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई तीन बैटरियां, एक मोबाइल फोन, 3,870 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑटो रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थाना मेजा क्षेत्र के ग्राम सोनार का तारा में स्थित एटीएम से बैटरियां चोरी होने की सूचना मिलने पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना तथा स्थानीय स्तर पर की गई पड़ताल के आधार पर तीन संदिग्धों को चिन्हित किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम से बैटरी चोरी करने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई तीन बैटरियां, एक मोबाइल फोन, 3,870 रुपये नकद तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद कर लिया।

# स्विस बैंक का नया खुलासा: भारतीयों का पैसा घटा लेकिन खातों में जमा रकम बढ़ गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** स्विस बैंकों में जमा भारतीयों के 'काले धन' को लेकर देश में लंबे समय से बहस छिड़ी हुई है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक (एसएनबी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में जमा भारतीयों का कुल पैसा साल 2025 में करीब 8 प्रतिशत घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (यानी लगभग 36,793 करोड़ रुपये) रह गया है। एसएनबी ने गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए। हालांकि, इस कुल गिरावट के बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि आम लोगों और संस्थाओं के निजी बचत खातों (कस्टमर डिपॉजिट) में जमा रकम एक ही साल में 50% से ज्यादा बढ़कर लगभग 6,000 करोड़ रुपये (524 मिलियन स्विस फ्रैंक) हो गई है। कुल भारतीय धनराशि में इसकी हिस्सेदारी लगभग 16 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, भारतीयों से जुड़ी कुल राशि 3.25 अरब स्विस फ्रैंक रही। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 2.6 अरब स्विस फ्रैंक का था, जो बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिए रखे गए हैं। इस श्रेणी की राशि में भी करीब 15 प्रतिशत की गिरावट आई है? इस बीच, स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक (एसएनबी) के गुरुवार को जारी सालाना आंकड़े उम्मीद और बदलाव की एक नई तस्वीर पेश करते हैं।साल 2025 में स्विस बैंकों में भारतीय नागरिकों और कंपनियों का कुल धन आठ फीसदी से अधिक घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 36,793 करोड़ रुपये) रह गया है। यह गिरावट स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिये रखे जाने वाले फंड में कमी के कारण आई है। हालांकि, इसी अवधि में व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के सीधे खातों (कस्टमर डिपाजिट) में 50 फीसदी से ज्यादा का जोरदार उछाल देखा गया, जो बढ़कर 524 मिलियन स्विस फ्रैंक (लगभग छह हजार करोड़ रुपये) हो गया। संस्थागत फंड में गिरावट, पर व्यक्तिगत जमा में आई तेजी स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल भारतीय धन का सबसे बड़ा हिस्सा 'अन्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों' के माध्यम से रखे गए फंड का है। इस हिस्से में 15 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 2.6 अरब स्विस फ्रैंक रह गया। इसके विपरीत, व्यक्तियों के खातों में आया उछाल यह दर्शाता है कि अब बैंकिंग के वैध और सीधे रास्तों को प्राथमिकता मिल रही है। बैंक फार इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआइएस) के 'लोकेशनल बैंकिंग स्टैटिस्टिक्स' भी इसी ओर इशारा करते हैं, जिसके अनुसार भारतीय व्यक्तियों की जमा राशि 2025 में 20 प्रतिशत बढ़कर 89.73 मिलियन डालर (लगभग 780 करोड़ रुपये) हो गई है। 'काले धन' पर शिकंजा व वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति स्विस अधिकारियों का हमेशा से यह रुख रहा है कि स्विस बैंकों में जमा हर संपत्ति को 'काला धन' नहीं माना जा सकता। भारत और स्विट्जरलैंड के बीच 2018 से लागू 'आटोमैटिक एक्सचेंज आफ इंफार्मेशन' के तहत हर साल संदिग्ध खातों की जानकारी साझा की जा रही है, जिससे कर चोरी पर कड़ा प्रहार हुआ है। इन आंकड़ों के मुताबिक, कुल जमा राशि में गिरावट आने के बावजूद व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के खातों में जमा धन 50 फीसदी से अधिक बढ़कर




52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (करीब 6,000 करोड़ रुपये) हो गया। हालांकि, कुल राशि में इन जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 16 फीसदी ही रही। अब स्विट्जरलैंड भारतीय टैक्स चोरों और बड़े व्यवसायियों के लिए 'सेफ हेवन' नहीं रह गया है।इसका सबसे बड़ा कारण भारत और स्विट्जरलैंड के बीच लागू 'सूचनाओं का ऑटोमैटिक आदान-प्रदान' (AEOI) है।इसके तहत स्विस बैंक हर साल भारतीयों के खातों की पूरी वित्तीय जानकारी सीधे भारत सरकार को सौंप देते हैं।इस पारदर्शिता और भारत सरकार की सख्त टैक्स नीतियों के डर से लोग स्विस बैंकों से अपना पैसा निकाल रहे हैं।

## भीषण गर्मी और लू का कहर, फूल बेचने निकले व्यक्ति सड़क पर बेहोश होकर गिरे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और चिलचिलाती धूप आम जनजीवन के लिए आफत बनती जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिगनौता निवासी लगभग 55 वर्षीय मनोज पटेल प्रतिदिन की तरह शुक्रवार दोपहर फूल बेचने के लिए मोटरसाइकिल से घर से निकले थे। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही वह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित डांडी ढाल पर जनता पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे, भीषण गर्मी और लू के तेज थपेड़ों के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े।अचानक गिरने से उनके चेहरे, विशेष रूप से नाक पर गंभीर चोट आई, जिससे काफी मात्रा में खून बहने लगा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सड़क किनारे छांव में लिटाया और प्राथमिक राहत देते हुए उनके चेहरे पर पानी छिड़का।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस को बुलाया। इसी दौरान मनोज पटेल के परिजन और पड़ोसी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। आपात स्थिति को देखते हुए परिजनों ने समय गंवाए बिना उन्हें पास में उपलब्ध एक ई-रिक्शा के माध्यम से तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।प्राथमिक चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार,अत्यधिक गर्मी और लू लगना (हीट स्ट्रोक) उनकी बेहोशी का मुख्य कारण माना जा रहा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा धूप में निकलते समय सिर को ढककर ही बाहर जाएं।

## बकाया रुपये के विवाद में दुकानदार को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज-** नैनी कोतवाली क्षेत्र के दक्षिणी लोकपुर मोहल्ले में बकाया रुपये को लेकर हुए विवाद में दुकानदार को गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को देवरख स्थित डीपीएस स्कूल के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, दक्षिणी लोकपुर शिव नगर मोहल्ला निवासी अनिल कुमार सिंह, पुत्र स्वर्गीय सूर्य नारायण सिंह, किराने की दुकान चलाते हैं। पड़ोस में रहने वाले शिवम शर्मा, पुत्र स्वर्गीय रज्जन शर्मा, पर करीब 3,000 रुपये का उधार काफी समय से बकाया था। अनिल कुमार सिंह कई बार उससे रुपये मांग चुके थे, लेकिन वह भुगतान नहीं कर रहा था। बीते सोमवार को शिवम शर्मा रुपये देने के लिए दुकान पर पहुंचा, लेकिन उसने 3,000 रुपये के बजाय केवल 2,500 रुपये देने की कोशिश की। इस पर दुकानदार अनिल कुमार सिंह ने पूरा बकाया 3,000 रुपये मांगा। शिवम ने शेष 500 रुपये बाद में देने की बात कही, जिससे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर शिवम शर्मा ने दुकानदार अनिल कुमार सिंह पर गोली चला दी। गोली उनके पैर में घुटने के नीचे लगी और आर-पार निकल गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।घटना के बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस ने उसे देवरख स्थित डीपीएस स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी शिवम शर्मा के खिलाफ पहले से ही पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## मोहर्रम के पहले जुम्मे पर चक फैजुल्ला की मस्जिद में नमाजियों को शरबत पिलाया गया



**नैनी, प्रयागराज।** मोहर्रम के मुबारक महीने के पहले जुम्मे के अवसर पर नैनी क्षेत्र के चक फैजुल्ला मोहल्ले स्थित मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने के बाद नमाजियों और क्षेत्रवासियों को शरबत पिलाकर आपसी भाईचारे और मोहब्बत का संदेश दिया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और मोहर्रम की अहमियत पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजसेवी तारिक आफताब, मोहम्मद आकिब, मौलाना शफीक साहब, सरफराज, अनीस अहमद, सज्जू खान, इस्लाम और हाशिम सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया।आयोजकों ने कहा कि मोहर्रम का महीना त्याग, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है तथा ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## नैनी आईटीआई में मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन, 2268 युवाओं का हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज-** युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय आईटीआई नैनी परिसर में एक दिवसीय मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गणेश केशरवानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रोजगार मेले में प्रयागराज मण्डल सहित आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मेले में देश की प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट, रिलायंस, भारत मोटर्स, लावा मोबाइल, ब्लिंकिट, लेनोवो सहित कुल 51 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इन कंपनियों द्वारा लगभग 9000 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। आयोजकों के अनुसार रोजगार मेले में कुल 6198 अभ्यर्थियों एवं प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण कर प्रतिभाग किया। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं



योग्यता परीक्षण के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया गया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान 2268 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि गणेश केशरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार मेले युवाओं और उद्योग जगत के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलता है, वहीं कंपनियों को भी योग्य एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होता है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को रोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की तथा उनके अनुभव, योग्यता और तकनीकी दक्षता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की। मेले में आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों से प्रशिक्षित युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत ईपीएफओ द्वारा इफको फूलपुर में आयोजित हुआ समानांतर कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) के अंतर्गत देशभर के लाभार्थियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं हितधारकों को संबोधित करते हुए लगभग ?2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित किए जाने के अवसर पर इसके समानांतर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन ईफको फूलपुर इकाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श सुमित कुमार, डीएलसी प्रयागराज, पी.के. सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक, ईफको फूलपुर, विनिता सिंह, एडीएम (फाइनेंस), तथा राहुल वर्मा, कमिश्नर, ईपीएफओ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 लाभार्थियों, नियोक्ताओं तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिभागी प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री







विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से लाइव जुड़े और योजना के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल जी विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा नव नियुक्त 32 कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए । नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा कर्मियों ने अपने रोजगार अवसरों के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन एवं सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के माध्यम से देश में अब तक लगभग 70 लाख नए रोजगार सृजित किए जा चुके हैं तथा लाखों युवाओं को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा, कौशल और क्षमता को विकसित भारत के निर्माण का आधार बताते हुए सरकार की रोजगार सृजन एवं कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम का समापन राहुल वर्मा(क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

## कौशांबी में बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल किया सील

**कौशांबी।** मंझनपुर क्षेत्र के कोतारी पश्चिम स्थित न्यू प्रीति हॉस्पिटल में बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो जाने से आक्रोशित स्वजन ने गुरुवार रात जमकर हंगामा किया। स्वजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया। सरायअकिल क्षेत्र के सुरसेनी गांव निवासी लोकेश कुमार ने 35 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी को उपचार के लिए 11 जून को दीवर कोतारी स्थित न्यू प्रीति अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वजन का आरोप है कि चिकित्सक ने भर्ती करने के दिन ही महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन किया। करीब एक सप्ताह बाद महिला की तबियत गुरुवार को अचानक बिगड़ने लगी। आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने समुचित उपचार नहीं किया। समय रहते बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न कराए जाने के कारण महिला की रात में मौत हो गई। जांच के दौरान अस्पताल बंद मिला। प्रारंभिक जांच और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर टीम ने अस्पताल को सील कर दिया है।

## चुनार-चोपन रेल खंड के समपार फाटक संख्या-19 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के लिए लगाए गए गर्डर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में रेल एवं सड़क यातायात को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। चुनार-चोपन रेल खंड पर लूसा के निकट स्थित समपार फाटक संख्या-19 के यतायात सुगम बनाने के लिए निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज के रेलवे भाग पर स्टील गर्डरों के सफल लांचिंग/स्थापना का कार्य संपन्न किया गया। निर्माणाधीन आरओबी की कुल लंबाई 585 मीटर है, जबकि रेलवे हिस्से की लंबाई 36 मीटर तथा चौड़ाई 7.5 मीटर है। यह परियोजना चुनार नगर को राज्य राजमार्ग-35 (मिर्जापुर-सोनभद्र मार्ग) से बेहतर एवं निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद समपार फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी तथा सड़क एवं रेल दोनों यातायात की सुरक्षा और परिचालन



दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होगा। निर्माण कार्य के दौरान आधुनिक तकनीकों एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया गया। विशाल क्रेनों की सहायता से स्टील गर्डरों को निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया। यह कार्य रेलवे एवं निर्माण एजेंसियों के समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। रोड ओवर ब्रिज के पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्र के निवासियों, व्यापारिक गतिविधियों तथा यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही यह परियोजना क्षेत्रीय विकास एवं बेहतर यातायात अवसंरचना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देगी

## प्राकृतिक खेती से किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**● मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दिलाया विकसित कृषि का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** जिला पंचायत सभागार, प्रयागराज में शुक्रवार को 'प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं विकसित कृषि संकल्प अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल खेती की लागत को कम करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाकर किसानों की आय में भी वृद्धि करती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने तथा कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम होगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा। कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं, जैविक खाद के उपयोग, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को प्राकृतिक खेती से मिलने वाले लाभों एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल, विधायकगण, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी), भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष, महापौर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी, किसान एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने कृषि क्षेत्र को अधिक उन्नत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## डाकघर के डाकिया पर लापरवाही का आरोप, समाजसेवी ने की कार्रवाई की मांग

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी डाकघर में कार्यरत डाकिया पर अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। समाजसेवी विनोद जायसवाल ने आरोप लगाया है कि चक रघुनाथ क्षेत्र में तैनात डाकिया अपने निर्धारित कार्यों को स्वयं करने के बजाय अन्य लोगों से करवाते हैं तथा आम नागरिकों के कार्यों में अनावश्यक टालमटोल और आनाकानी करते हैं।समाजसेवी विनोद जायसवाल का कहना है कि इस प्रकार की कार्यशैली से क्षेत्र के लोगों को डाक सेवाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और डाक सेवाओं को सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित कराने की मांग की है।स्थानीय लोगों ने भी डाक वितरण व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से निर्वहन करना चाहिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अवैध टैक्सी स्टैण्ड संचालन, डग्गामार वाहन व बिना नम्बर के वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में वृहद जाम के दृष्टिगत शहर को जाम से मुक्त किये जानें हेतु चिन्हित किए गए 16 स्थायी होल्डिंग्स एरिया में ही बस व ट्रक की पार्किंग कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस, सम्भागीय परिवहन अधिकारी व परिवहन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से डग्गामार बसों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बिना नम्बर की ट्रकों व गाड़ियों व अपंजीकृत वाहनों पर कार्रवाई तेज करने हुए सघन प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यदि किसी चालक के द्वारा बार-बार यातायात नियमों का उल्लघंन किया जाना पाया जाता है, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के संचालन में आ रही समस्याओं को दूर करने तथा मेजा व करछना के रूटों पर बसों के संचालन को प्रभावी तरीके से करने के लिए कहा है। उन्होंने ताशकंद मार्ग पर कटों को बंद कराते हुए 23 जून तक अवगत कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने एनएचएआई व एनएच को मार्गो पर भारी क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपात स्थिति में पुलिस विभाग को क्रेन उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई,



एनएच, नगर-निगम एवं पीडीए द्वारा निर्मित मार्गो के किनारे रेलिंग, डिवाइडर इत्यादि सरकारी सम्पत्ति को किसी व्यक्ति विशेष द्वारा क्षति पहुंचायी गयी हो तो सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि यदि इन सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाये जानें में किसी स्थानीय मैरेज हाल, पेट्रोल पम्प संचालक, होटल संचालक की संलिप्तता पायी जाती है तो उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकद्मा दर्ज करते हुए विधिक रूप से कार्यवाही की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध टैक्सी स्टैण्ड संचालित न हो तथा डग्गामार वाहन व बिना नम्बर के वाहन न चलने पाये, इसपर निगरानी रखने तथा अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को नेशनल हाईवे व सड़क के किनारे स्थित हॉस्पिटलों की जिओटैगिंग कराये जाने तथा एम्बुलेंस को उन लोकेशनों पर स्थापित कराये जाने का निर्देश दिया है कि जिससे कि रिस्पांश टाइम कम से कम तथा पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस की तैनाती रहे। उन्होंने नेशनल हाईवे पर निर्धारित दूरी पर एम्बुलेंस व क्रेन की उपलब्धता अवश्य हो, के निर्देश दिए है। उन्होंने सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारियों को ब्लाइंड स्पॉटों पर क्या सुधार किए जा सकते है, के लिए योजना बनाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्टंट बाजी पर रोक लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाये जाने हेतु गठित टॉस्क फोर्स को ओवर लोडिंग अवैध खनन पर रोक लगाये पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

## संक्षिप्त खबरें

### नारायणपुर में नए बीडीओ कमलेश कुमार दास ने संभाला पदभार

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:** नारायणपुर प्रखंड के 39वें प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के रूप में कमलेश कुमार दास ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान प्रभारी बीडीओ एवं अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता से कार्यभार संभाला। गौरतलब है कि पूर्व बीडीओ मुरली यादव के स्थानांतरण के बाद नारायणपुर के अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता को बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। लगभग नौ माह बाद प्रखंड को नियमित बीडीओ मिला है। पदभार ग्रहण करने के बाद बीडीओ कमलेश कुमार दास ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्य करते हुए आम लोगों को योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से प्रखंड के समग्र विकास को गति दी जाएगी, ताकि विकास की दौड़ में कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाए। इस अवसर पर अंचलाधिकारी देवराज गुप्ता ने नए बीडीओ को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मौके पर सहायक अभियंता कुमार अनुराग, कनीय अभियंता गौतम मंडल, वकील मरांडी, कैलाश मंडल, राहुल सिन्हा, सुशांत कुमार, उदय ओझा, नरेश सोरेन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### बेहराबाद के सुजीत कुमार को अग्निवीर परीक्षा में मिली सफलता, खुशी की लहर



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के बेहराबाद गांव के निवासी सुजीत कुमार ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। सुजीत कुमार राजू यादव के पुत्र हैं और अपनी मेहनत तथा लगन के बल पर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया है। सुजीत की सफलता की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल है। उनके परिजन, मित्र और ग्रामीण उन्हें बधाई दे रहे हैं। विद्यालय परिवार भी अपने इस छात्र की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सुमित कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब अपना पढ़ाया हुआ विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर एक नई पहचान बनाता है, तो शिक्षक का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और मन आनंद से भर उठता है। उन्होंने कहा कि सुजीत कुमार ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने सुजीत कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ देश सेवा के पथ पर अग्रसर रहें तथा अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन करते रहें।

# रवि किशन को 'प्रधानमंत्री' बता बैठे पवन सिंह, वायरल वीडियो पर यूजर्स ने पावर स्टार को कर दिया ट्रोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार और एमएलसी पवन सिंह की जुबान फिसलने के कारण आलोचनाएं झेलनी पड़ रही हैं। पवन के बोलने में हुई यह चूक अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। कार्यक्रम के दौरान मंच से संबोधित करते हुए पवन सिंह ने भाजपा सांसद और अभिनेता रवि किशन से कहा कि आप पहले कलाकार हैं, इसके बाद प्रधानमंत्री हैं। उनके इतना कहते ही मंच पर मौजूद लोगों के बीच हंसी और तालियों का माहौल बन गया। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। अब सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद पवन सिंह यूजर्स के निशाने पर आ गए हैं। कई लोगों ने इसे मजाकिया अंदाज में लिया, तो कुछ ने जमकर ट्रोल भी किया है।

**रवि किशन को बताया प्रधानमंत्री, यूजर्स ने पकड़ ली बात**

वीडियो में पवन सिंह संभवतः सांसद कहना चाहते थे, लेकिन उनकी जुबान फिसल गई। रवि किशन खुद भी मंच पर मुस्कुराते नजर आए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी इस बयान पर ठहाके लगाए। हालांकि, सोशल मीडिया पर मामला अलग दिशा में चला गया। यूजर्स ने वीडियो को शेयर करते हुए तरह-तरह के कमेंट करने शुरू कर दिए हैं। देखते ही देखते यह क्लिप वायरल हो गई है।

**ट्रोल्स के निशाने पर आए भोजपुरी स्टार**

वीडियो के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा- पीने के बाद ये खुद चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बन जाता है। वहीं, दूसरे यूजर सुदर्शन ने टिप्पणी की कि यह हमेशा नशे में रहता है।

जब से एमएलसी बना है, इसका अंदाज ही बदल गया है। कई अन्य यूजर्स ने भी पवन सिंह की इस चूक और जुबान फिसलने को लेकर मजेदार मीम्स और पोस्ट साझा की हैं। हालांकि, कुछ समर्थकों ने इसे महज बोलने में हुई सामान्य गलती बताया है। तेजी से वायरल हुए इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर पक्ष और विपक्ष दोनों तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। यूजर्स और फैंस के बीच बहस भी जारी है।

**लाठीचार्ज वाले कार्यक्रम से वायरल हुआ वीडियो**

दिलचस्प बात यह है कि यह वही कार्यक्रम था, जहां भीड़ अनियंत्रित होने के बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। कार्यक्रम पहले ही विवादों और अव्यवस्था को लेकर चर्चा में था। अब पवन सिंह का यह बयान भी सुर्खियों में आ गया है। एक छोटी सी चूक ने पूरा फोकस बदल दिया। सोशल मीडिया के माध्यम से यह वीडियो लाखों लोगों तक पहुंच चुका है।

## पाकुड़िया थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

● सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** पाकुड़िया थाना परिसर में बीते शुक्रवार को आगामी मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में, संपन्न कराने हेतु एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आहूत बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो की संयुक्त,अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में सिविल व पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित,सभी नागरिकों से पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट तथा सरकारी नियमों के पालन को लेकर,विस्तृत चर्चा की गई।बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने कहा कि आपसी भाईचारा और आपसी तालमेल ही,हमारे समाज की ताकत है। वहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने सभी से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी, संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। और पर्व के दौरान किसी भी व्यक्ति को नशा से दूर रहने की चेतावनी दी गई ताकि, कार्यक्रम में शांति बनी रहे। थाना प्रभारी ने सबों से अपील की कि नशा करने वाले व्यक्ति को जुलूस में,शामिल न होने दे। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों से अनुरोध किया गया है कि, वे इस शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें और अधिक से अधिक संख्या में, बैठकों व प्रशासनिक प्रयासों का हिस्सा बनकर इन्हें सफल बनाएं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि खुरशीद अलम, झा मो मो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हंसदा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष हरवंश, ऐ सी आई सनातन माझी, ऐ सी आई महादेव चौधरी विभिन्न समाज के धर्मावलंबी, प्रबुद्ध समाज सेवी, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति तथा पुलिस बल के जवान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पटना में आम की बहार, रोज पहुंच रहे 80 से 100 ट्रक; मालदा की सबसे ज्यादा मांग

**पटना।** राजधानी पटना के फल बाजारों में इन दिनों आम की आवक चरम पर है। शहर में प्रतिदिन 80 से 100 ट्रक आम पहुंच रहे हैं, इससे बाजार पूरी तरह गुलजार हो गया है। बाजार समिति, मीठापुर और पटना जंक्शन समेत विभिन्न थोक मंडियों में बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों से आम की खेप लगातार आ रही है। आवक बढ़ने से उपभोक्ताओं को विभिन्न किस्मों के आम उचित कीमत पर उपलब्ध हो रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, सबसे अधिक आवक मालदा आम की हो रही है। कृषि उत्पादन समिति मुसल्लहपुर बाजार समिति के थोक कारोबारी राकेश कुमार ने बताया कि बाजार समिति में प्रतिदिन 35 से 40 ट्रक एवं 25-30 पिकअप आम उतर रहे हैं, जबकि मीठापुर में आठ से 10 ट्रक आयसर और पिकअप वाहनों के माध्यम से पहुंच रहे हैं। पटना जंक्शन क्षेत्र में भी पांच से आठ ट्रक आम की आपूर्ति हो रही है। भागलपुर से सफेद मालदा और जर्दा, बेतिया से मालदा व जर्दा तथा दरभंगा से मालदा आम की बड़ी खेप राजधानी पहुंच रही है। वहीं,, पश्चिम बंगाल से हिमसागर, लखनभोग और मालदा किस्म के आम बाजारों में आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश से भी मालदा आम की आवक शुरू होने की संभावना है, इससे आपूर्ति और बढ़ेगी।

## बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही प्रमुख मनोज रजक उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने केक काटकर और मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं के बीच खुशी साझा की तथा संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने राहुल गांधी के विचारों, उनके देश के प्रति समर्पण एवं त्याग को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि उनके विचारों को आत्मसात कर कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत रही है और उसे आगे भी बनाए रखने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने यह भी संकल्प लिया कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाकर आगामी चुनावों में सीट को पुनः कांग्रेस के पक्ष में लाने के लिए पूरी मेहनत की जाएगी। मौके पर डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, अब्दुल मनान वारसी, प्रमुख मनोज रजक, दीपक गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष, ओबीसी प्रकोष्ठ, मो. तौकीर रजा, विष्णुधारी महतो, मंडल अध्यक्ष सुनील साव, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, रिजवान अली, पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर आलम, विनोद दास, मनोज रविदास, फिरदौस खान, अर्जुन साव, गुलाम मुस्तफा, अनवर अली, सिकंदर दास, अशोक बाड़ा, मुकेश पासवान, मोहम्मद मकसूद, पंकज पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राहुल गांधी के दीर्घायु एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

## बरही में फोस्टैक प्रशिक्षण कार्यक्रम आज, दुकानदारों से शामिल होने की अपील

FoSTaC
खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अंतर्गत आयोजित फोस्टैक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज शनिवार को सुबह 11 बजे बरही के टाउन हॉल (नगर भवन) में किया जाएगा। आयोजकों द्वारा क्षेत्र के सभी दुकानदारों एवं खाद्य व्यवसाय संचालकों को सूचित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने फोस्टैक प्रशिक्षण को पूरा करें। यह प्रशिक्षण खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता और खाद्य पदार्थों के सुरक्षित संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी के साथ-साथ प्रमाणन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा। आयोजकों ने सभी संबंधित दुकानदारों से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण को सफल बनाने की अपील की है।

## वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी में लोक कला के संरक्षण हेतु सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

● कला एवं संस्कृति का संरक्षण ही विकास का परिचायक है : प्राचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी में लोक कला के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ललन यादव एवं दसवीं की छात्रा तनु कुमारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों, शिक्षाविदों एवं कला प्रेमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष, ललित कला विभाग उत्तर प्रदेश, डॉ उत्तमा दीक्षित डीन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने दोनों प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोक कला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है तथा इसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने भी हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय स्तर पर डी.ए.वी. विद्यालय, बरही के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने ललन यादव एवं तनु कुमारी को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस सम्मान से विद्यालय एवं बरही क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों को लोक कला के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

# विद्यार्थियों को मिलेगा शीतल पेयजल

● सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुढ़ई वॉटर चिलर मशीन का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बुढ़ई, देवघर, झारखंड:-** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बुढ़ई में विद्यार्थियों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। यह मशीन अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जबकि इसके स्थापना कार्य में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर का सहयोग रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में वॉटर चिलर मशीन का उद्घाटन पीएमजेएफ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं तथा ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष प्रेम पाठक ने कहा कि क्लब समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े प्रकल्पों को आगे बढ़ाया जाएगा। विद्यालय समिति के अध्यक्ष रमेश मोदी ने अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट एवं लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वॉटर चिलर मशीन से विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में काफी सुविधा मिलेगी तथा उन्हें स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम में लायंस क्लब के उपाध्यक्ष सुमंत गुटगुटिया, सचिव विजय आनंद लच्छीरामका, सह सचिव राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष रामानुज मिश्रा, विनोद लच्छीरामका, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजा राम तिवारी, स्थानीय पंचायत के मुखिया सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं अन्य उपस्थित थे।

## दार्जिलिंग में 'हीट बीट' अभियान: एनएसएस स्वयंसेवकों ने नींबू पानी बांटकर लू से बचाव का दिया संदेश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव के बीच विद्यासागर कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई ने आम लोगों को जागरूक करने के लिए एक सराहनीय पहल की। 'हीट बीट' नामक इस जनजागरूकता अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में राहगीरों को नींबू पानी और ठंडा पानी वितरित किया। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने लोगों को गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप से बचने, हल्के और सूती कपड़े पहनने जैसी सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) हीट स्ट्रोक का प्रमुख कारण है, इसलिए गर्मियों में नियमित अंतराल पर तरल पदार्थों का सेवन आवश्यक है। इस अवसर पर यूथक्रिया ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक एवं गवर्निंग बॉडी अध्यक्ष राघव चंद्र नाथ, कॉलेज के निदेशक डॉ. विजय कुमार झा तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रंगलाल बिस्वास उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों की इस सामाजिक पहल की सराहना की। डॉ. विजय कुमार झा ने कहा, 'शिक्षा के साथ सेवा का भाव भी जरूरी है। एनएसएस के स्वयंसेवक आज समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।' वहीं राघव चंद्र नाथ ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में युवा शक्ति निर्णायक भूमिका निभा सकती है। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने राहगीरों को रोककर न केवल उन्हें ठंडा पेय उपलब्ध कराया, बल्कि हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण और बचाव के उपाय भी समझाए। इस पहल ने स्थानीय लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ-साथ महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता भी प्रदान की।

## वर्षों से जलभराव से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

**गोपीगंज।** नगर के वार्ड संख्या 8 व 23 स्थित लस्सर पुलिया-अंजही मोहल्ला स्टेशन रोड पर वर्षों से बनी जलभराव की समस्या को लेकर शुक्रवार को स्थानीय नागरिकों ने चक्का जाम कर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से नाले का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है, जिससे आवागमन, व्यापार और स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों ने बताया कि जलभराव का पानी घरों में घुसने से भवनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। नागरिकों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व वार्ड संख्या 5 की सभासद शाहजहां बेगम मौजूद रही। प्रदर्शन की सूचना पर नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने सभासद से वार्ता कर बताया कि नाली बनने के कुछ खामियां थी जिसे ठीक करने को कहा गया है और इसी वार्ड में दूसरी नाली का टेंडर हो गया है जल्द ही काम शुरू हो जाएगा जिससे जल निकासी का समाधान हो जायेगा। लोगो को समझाबुझाकर हटाया। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से हसनैन, मुजाहिद, संजय गुप्ता,अशोक गुप्ता, चौधरी, शिवम, सूरज, इरसाद, बंटी, शेरू, बादल, अर्पित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जन-आक्रोश मार्च को ऐतिहासिक बनाने में जुटी आजसू, देवघर से बड़ी भागीदारी का दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवघर, झारखंड:-** आजसू पार्टी देवघर जिला कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में 22 जून को धनबाद में आयोजित होने वाले आजसू पार्टी के स्थापना दिवस सह जन-आक्रोश मार्च की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम की सफलता को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि देवघर जिला से लगभग 1000 कार्यकर्ता एवं समर्थक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए सभी प्रखंड एवं नगर इकाइयों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रवेक्षक राजा साहनी ने कहा कि आजसू पार्टी का इतिहास संघर्ष, जनहित और झारखंडी अस्मिता की रक्षा से जुड़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं में वृद्धि हुई है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 22 जून का जन- आक्रोश मार्च जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का मंच बनेगा। जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि देवघर जिला संगठन पूरी ताकत के साथ स्थापना दिवस सह जन-आक्रोश मार्च में भाग लेगा।

उन्होंने बताया कि देवघर से 1000 कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए व्यापक तैयारी चल रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि 22 जून को सुबह 11 बजे धनबाद के गोल्फ मैदान में कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद जन-आक्रोश मार्च गोल्फ मैदान से शुरू होकर कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स ग्राउंड तक जाएगा, जहां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बुलेट ट्रेन से बदलेगी बिहार की रफ्तार, अश्विनी वैष्णव ने कहा- पटना से दिल्ली का सफर 4 घंटे 41 मिनट में

● रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि पटना को बुलेट ट्रेन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा, जिससे दिल्ली का सफर महज 4 घंटे 41 मिनट में पूरा होगा। यह परियोजना बिहार के परिवहन परिदृश्य को नया आयाम देगी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार को बड़ी खुशखबरी मिलने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि पटना को बुलेट ट्रेन नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर दिल्ली-लखनऊ-वाराणसी-पटना बुलेट ट्रेन कॉरिडोर प्रस्तावित है। परियोजना पूरी होने के बाद बिहार की राजधानी हाई स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगी। इससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा मिलेगी। बुलेट ट्रेन बिहार के परिवहन परिदृश्य को नई पहचान दे सकती है।

**4 घंटे 41 मिनट में पूरी होगी पटना-दिल्ली की दूरी**

रेल मंत्री के अनुसार बुलेट ट्रेन शुरू होने पर पटना से दिल्ली का सफर महज 4 घंटे 41 मिनट में पूरा होगा। वहीं नॉन-स्टॉप सेवा शुरू होने पर यह दूरी चार घंटे से भी कम समय में तय की जा सकेगी। वर्तमान में ट्रेन से यह यात्रा 12 से 16 घंटे तक लेती है। बुलेट ट्रेन से समय की बड़ी बचत होगी। व्यापार, शिक्षा और रोजगार के लिए यात्रा करने वालों को विशेष लाभ मिलेगा। यात्रियों के लिए यह एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

**वाराणसी से पटना होते हुए सिलीगुड़ी तक विस्तार की योजना**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कॉरिडोर दिल्ली से लखनऊ और वाराणसी होते हुए पटना तक पहुंचेगा। भविष्य में इसका विस्तार सिलीगुड़ी तक किए जाने की भी योजना है। यह परियोजना उत्तर भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। हाई स्पीड रेल नेटवर्क क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा। बिहार पूर्वी भारत के रेल मानचित्र पर और मजबूत स्थिति में आएगा। परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**मुंबई-अहमदाबाद परियोजना से मिलेगा अनुभव**

देश की पहली हाई स्पीड रेल परियोजना मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर अगले वर्ष तक तैयार होने की उम्मीद है। रेल मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से भारतीय इंजीनियरों को महत्वपूर्ण अनुभव मिला है। इसी अनुभव का उपयोग अन्य बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में किया जाएगा। देशभर में हाई स्पीड रेल नेटवर्क विस्तार की तैयारी चल रही है। तकनीकी दक्षता और आधुनिक इंजीनियरिंग इसमें अहम भूमिका निभाएगी। बिहार को भी इसका सीधा लाभ मिलने वाला है।

**तीसरी-चौथी लाइन से बढ़ेंगी 200 अतिरिक्त ट्रेनें**

बिहार में कई रेलखंडों पर तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण तेजी से जारी है। रेल मंत्री ने कहा कि अगले चार से पांच वर्षों में ये कार्य पूरे हो जाएंगे। इसके बाद राज्य में लगभग 200 अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन संभव होगा। इससे रेल यातायात का दबाव कम होगा। यात्रियों को अधिक ट्रेनों और बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। माल ढुलाई क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**रेलवे परियोजनाओं पर 1.15 लाख करोड़ का निवेश**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बिहार में रेलवे विकास अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य के लिए 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रेल बजट उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में करीब 1.15 लाख करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। पटना में हार्डिंग पार्क क्षेत्र में पांच नए प्लेटफॉर्म वाला आधुनिक रेलवे स्टेशन भी विकसित किया जा रहा है। इससे पटना जंक्शन पर दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। केंद्र सरकार बिहार की रेल अवसंरचना को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दे रही है।

## पटना के 416 निजी स्कूलों को मान्यता के लिए अंतिम चेतावनी, रद होगा यू-डायस कोड

**पटना।** जिले के 416 स्कूलों ने ई-संबंधन पोर्टल अब तक मान्यता के लिए आवेदन नहीं किए हैं। शिक्षकों के साथ ही स्कूल की आधारभूत संरचना की जानकारी भी साझा नहीं की है। ऐसे विद्यालयों को सूची तैयार कर जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से प्रधानाध्यापकों को एक सप्ताह के अंदर मान्यता लेने के लिए ई-संबंधन पोर्टल पर आवेदन देने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर यू-डायस कोड रद कर दिया जाएगा। इन स्कूलों ने वर्ष 2018-2019 पहले के नियम के अनुसार बिना मान्यता के ही यू-डायस कोड दे दिया गया था, लेकिन अब नए नियम के तहत निजी स्कूलों को पहले जिला शिक्षा कार्यालय की तीन सदस्यीय कमेटी की ओर से मान्यता प्राप्त करने के बाद ही यू-डायस कोड स्वीकार किया जाएगा। जिले के 416 स्कूलों ने ई-संबंधन पोर्टल अब तक मान्यता के लिए आवेदन नहीं किए हैं। शिक्षकों के साथ ही स्कूल की आधारभूत संरचना की जानकारी भी साझा नहीं की है। ऐसे विद्यालयों को सूची तैयार कर जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से प्रधानाध्यापकों को एक सप्ताह के अंदर मान्यता लेने के लिए ई-संबंधन पोर्टल पर आवेदन देने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर यू-डायस कोड रद कर दिया जाएगा। इन स्कूलों ने वर्ष 2018-2019 पहले के नियम के अनुसार बिना मान्यता के ही यू-डायस कोड दे दिया गया था, लेकिन अब नए नियम के तहत निजी स्कूलों को पहले जिला शिक्षा कार्यालय की तीन सदस्यीय कमेटी की ओर से मान्यता प्राप्त करने के बाद ही यू-डायस कोड स्वीकार किया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने सूची में शामिल इन स्कूलों को एक सप्ताह के अंदर ई-संबंधन पोर्टल पर आवेदन के लिए कहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वैवाहिक स्थल के सामने से बाइक चोरी

**कोंच (जालौन)**- बीती रात नगर में उरई रोड पर स्थित एक वैवाहिक क्लब के सामने सड़क के उस पार खड़ी बाइक चोरी हो जाने की घटना प्रकाश में आयी है। मोहल्ला लाजपत नगर निवासी साकेत बिहारी अपने भाई हिमांशु अग्रवाल के नाम पंजीकृत टीवीएस रेडियॉन मोटरसाइकिल नंबर यूपी-92 एजे-5929 लेकर गुरुवार की रात करीब 8 बजे आर्शीवाद क्लब में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ था। उसने अपनी बाइक लॉक कर क्लब के सामने खड़ी कर दी और अंदर चला गया। करीब दो घंटे बाद जब वह क्लब से बाहर निकला तो उसकी बाइक मौके से नदारद थी। उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन बाइक नहीं मिली। पीड़ित साकेत ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया अपने नेता राहुल गांधी का जन्मदिन



**कोंच (जालौन)**- लोकसभा में विपक्ष के नेता, उप्र के अमेठी से सांसद, कांग्रेस पार्टी के महासचिव राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेसियों ने सरोजिनी नायडू पार्क में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कांग्रेस नगर कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की अगुवाई में पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। जन्मदिन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के राजनीतिक योगदान, जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता तथा देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूती से उठाने के प्रयासों की सराहना की। राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी लगातार आम जनता के हितों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाते हैं और उनके नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिली है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी प्रमोद शुक्ला, श्रीनारायण दीक्षित, अनिल पटेरिया, लकी दुबे, नासिर सेठ, विनोद कुशवाहा, विशाल, आजादउद्दीन, सिराजउद्दीन, जाहिद, सज्जन कुमार, सरताज, कासिम, शमशुद्दीन, छोटेलाल, पप्पू राईन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वेल्डिंग के दौरान कंटेनर में लगी भीषण आग, चॉकलेट से भरा ट्रक जलकर खाक



**तालबेहट।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित ग्राम तेरई फाटक के पास शुक्रवार को वेल्डिंग कार्य के दौरान एक चॉकलेट से भरे कंटेनर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कंटेनर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसमें रखा सामान और वाहन जलकर खाक हो गया। घटना में चालक समेत दो लोग झुलस गए। जानकारी के अनुसार हैदराबाद से पंजाब की ओर चॉकलेट लेकर जा रहा कंटेनर किसी तकनीकी खराबी के कारण तेरई फाटक के पास खड़ा था। इसी दौरान वाहन में वेल्डिंग का कार्य कराया जा रहा था। बताया जाता है कि वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से कंटेनर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा वाहन धू-धू कर जलने लगा। हादसे में अमित पुत्र लखन एवं यशपाल पुत्र मानसिंह निवासी हैदराबाद झुलस गए।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कंटेनर और उसमें भरी चॉकलेट पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के कारण कुछ समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# एक्सीडेंट में मृतक किशोर का ग़मगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

- अंतिम संस्कार के बाद मृतक के चाचा की बारात लेकर गए घर के आठ-दस सदस्य
- पुलिस ने बैगनआर कार चालक के विरुद्ध दर्ज की एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरा के नजदीक गुरुवार की शाम बैगनआर कार और बाइक के बीच आमने-सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार किशोर दीपेश निवासी ग्राम गोरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि उसी बाइक पर ही सवार तीन अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार की शाम शव जैसे ही गांव पहुंचा, कोहराम मच गया। शोकाकुल परिजनों एवं दुःखी ग्रामीणों की मौजूदगी में मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर शुक्रवार को ही मृतक के सगे चाचा अंगद परिहार की बारात जानी थी लेकिन शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक दीपेश के अंतिम संस्कार के उपरांत सिर्फ घर के ही आठ-दस सदस्य बारात लेकर ग्राम चंदुर्रा पहुंचे जहां दुःख और उदासी के बीच विवाह की जो जरूरी रस्में थी, पूरी की गई। इस दौरान न तो बैंड बाजों का शोर था और न ही गोला बारूद की आवाज, खाने-पीने में भी उदासी सामने रही।

इससे पहले एक्सीडेंट की घटना के कुछ देर बाद ही घर पर होने वाला प्रीतिभोज कार्यक्रम भी नहीं हुआ था। उक्त मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर बैगनआर कार चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

विदित हो कि, कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम गोरा निवासी अंगद परिहार की शादी का गुरुवार को मंडप था और घर में प्रीतिभोज की तैयारी चल रही थी। शाम करीब 5 बजे अंगद का भतीजा दीपेश (16) निवासी ग्राम गोरा अपने मौसेरे भाई शिवम (18) निवासी ग्राम नीचे का पुरा सहित परिवार के राजाबाबू (18) और प्रिंस (17) निवासी ग्राम गोरा के साथ एक ही बाइक प्लेटिना पर सवार होकर ग्राम तीतरा से कुछ सामान लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक ग्राम गोरा से करीब 50 कदम पहले पहुंची थी तभी तीतरा की ओर जा रही बैगनआर कार और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। बाइक चला रहे दीपेश का हेलमेट न होने से सिर फट गया था और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि उक्त तीनों



किशोर भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कोंच में भर्ती कराया था जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को उरई के लिए रेफर कर दिया था। पुलिस ने घटनास्थल से बैगनआर कार अपने कब्जे में ले ली थी। मृतक दीपेश तीन भाइयों में मझला था।

## लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम चंदकुआं स्थित स्मारक पर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर लोगों ने कैंडल जलाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया जिसके बाद रामस्वरूप रावत इंटर कॉलेज में विचार गोष्ठी की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि झांसी की रानी ने अपने अद्वितीय शौर्य और पराक्रम से इतिहास में अमिट स्थान बनाया है। उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया जो देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। वह केवल एक वीर योद्धा ही नहीं बल्कि महिला शक्ति, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक भी हैं। उनका जीवन युवा शक्ति खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी साहस नहीं खोया और देश की स्वतंत्रता के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करती रहीं। ऐसे महान व्यक्तित्वों के बलिदान को याद करना और आने वाली पीढ़ी तक उनके आदर्शों को पहुंचाना समाज की जिम्मेवारी है। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष रामभूषण उदैनिया, गोपालदास बंगरा, नीलेश दीक्षित, रामकुमार विरथरे, डॉ. वरुण पाठक, कार्यक्रम आयोजक आनंद पांचाल, शिक्षाविद विजय रावत, लोकेंद्र याज्ञिक, अंजू शर्मा, विवेक तिवारी, अखिलेश व्यास, दिनेश सोनी, आकाश खरे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 5 करोड़ 34 लाख से रजबहा पुनर्स्थापना हेतु विधायक ने किया भूमि पूजन

- दर्जन भर गांवों के किसानों को सिंचाई हेतु नहीं होना पड़ेगा परेशान- मूलचंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**- किसानों के लिए खेतों में सिंचाई हेतु करीब 5 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से तहसील क्षेत्र में खकसीस रजबहा की 16.200 किमी दूरी की पुनर्स्थापना एवं नहरी भूमि सीमांकन कार्य अब जल्द ही मूर्तरूप लेता हुआ नजर आएगा, शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने उक्त कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ कराया। क्षेत्र के किसानों की मांग पर विधायक मूलचंद्र द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए शासन स्तर पर पैरवी किए जाने के फलस्वरूप प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अनुमोदन पर स्वीकृत हुए इस कार्य के शुभारंभ को लेकर खकसीस गांव के निकट स्थित गौड़ बाबा मंदिर परिसर में विधायक ने उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच हवन आदि कर भूमि पूजन किया। विधायक ने प्रतीक स्वरूप फावड़ा चलाकर कार्य आरंभ कराया। इस मौके पर मौजूद क्षेत्र के किसानों के बीच अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि भगवंतपुरा से शुरू होकर आगे सिकरी नाले में समाहित होने वाले इस खकसीस रजबहा की पुनर्स्थापना (चौड़ी और गहरी खुदाई सहित पक्का निर्माण) होने से आसपास के गांव जुगराजपुरा, लरियापुरा, गोवर्धनपुरा, खैरावर, सुलखना, धन्जा, क्योलारी, हिडोखरा आदि गांवों/मौजों के खेतों में सिंचाई के लिए किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा, साथ ही पानी की उपलब्धता से अन्य जरूरतें भी पूरी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं खुशहाली के लिए यह बड़ा कदम है। आने वाले कुछ माह में ही बेतवा नहर प्रखंड द्वितीय उरई एवं सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा इस रजबहा की पुनर्स्थापना का कार्य पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व विधायक सहित जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष साहब सिंह चौहान आदि का विभागीय कर्मियों ने स्वागत किया। इस मौके पर नहर विभाग के अधिशासी अभियंता सीपी सिंह, सहायक अभियंता राजीव वाजपेयी, अवर अभियंता भरत प्रकाश, विधायक प्रतिनिधि महेश राजावत पतराही, नामित सभासद कोंच सुनील शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंगरा भरत भदौरिया, ऋषि उपाध्याय, रामशोभरन कुशवाहा, प्रदीप नगाइच, अरविंद गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## सड़क पर टूटे पड़े पेड़ से टकराई बाइक, चालक घायल

**कोंच (जालौन)**- सड़क किनारे टूटे पड़े पेड़ से टकराकर बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए घायल को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रामचन्द्र पटेल (55) पुत्र रघुवर दयाल निवासी ग्राम संदी थाना आटा अपने भांजे की रिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आशीर्वाद होटल कोंच आया हुआ था। गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे कार्यक्रम के बाद वह बाइक से अपने गांव वापस लौट रहा था। इसी दौरान उरई रोड स्थित ग्राम भदारी के नजदीक अंधेरे में उसकी बाइक सड़क किनारे टूटे पड़े एक पेड़ से टकरा गई और बाइक से उछलकर वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त पीछे से आ रहे परिजनों ने घटनास्थल पर रुककर रामचन्द्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया।

## अवैध वसूली प्रकरण में दो नर्सों से मांगा जवाब, जांच के बाद होगी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मातृत्व भवन में प्रसूताओं से अवैध वसूली के आरोपों के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए दो स्टाफ नर्सों से स्पष्टीकरण तलब किया है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रसूता या उसके परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। गौरतलब है कि गुरुवार को प्रसव के लिए भर्ती एक महिला के परिजनों से कथित रूप से चार हजार रुपये की अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया था। आरोप है कि विरोध करने पर एक नर्स ने परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मामले की जानकारी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. विशाल पाठक ने बताया कि आरोपों के संबंध में स्टाफ नर्स मंजू सिंह एवं कमला सिंह को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। दोनों कर्मचारियों के जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या मरीजों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अधीक्षक ने मरीजों और उनके परिजनों से किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर लिखित रूप से अवगत कराने की अपील की है।

## जन चौपाल में पढ़ी जा रही आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची, ग्रामीणों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर

- पारदर्शिता, जनसहभागिता और पात्र लाभार्थियों के चयन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची जनपद सोनभद्र की ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में संचालित इस प्रक्रिया का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना है। जन चौपाल के दौरान ग्रामवासियों के समक्ष पात्रता सूची प्रस्तुत की जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक सूची का अवलोकन कर सके तथा सूची में शामिल किसी भी नाम के संबंध में तथ्यात्मक आपत्ति होने पर उसे दर्ज करा सके। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन चौपाल की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए तथा ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जन चौपाल में सक्रिय सहभागिता करें तथा यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे समयबद्ध रूप से दर्ज कराएं, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत यह पहल पारदर्शी प्रशासन, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सोनभद्र पुलिस की प्रयास से गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को 02 वर्ष के कारावास की सजा

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के कुशल पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे Operation Conviction अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। सोनभद्र पुलिस की प्रभावी विवेचना, सुदृढ़ साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी के फलस्वरूप थाना पिपरी पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए दण्डित किया गया। थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र एसटी नं0 : 941/2023, मु0अ0 सं0: 76/2023, धारा: 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट पप्पू पटेल पुत्र लक्षनधारी, निवासी काली मंदिर निरंकारी भवन के पास, शक्तिनगर, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र। न्यायालय द्वारा पारित सजा- एएसजे/एफटीसी/स्पेशल गैंगस्टर न्यायालय (14वाँ), सोनभद्र द्वारा अभियुक्त को 02 वर्ष के कारावास एवं 5,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## धरना-प्रदर्शन हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में निर्धारित किया गया पृथक स्थल/कलेक्ट्रेट के पीछे कोषागार कार्यालय के सामने पश्चिम दिशा में होगा

- धरना-प्रदर्शन/निर्धारित स्थल पर ही प्राप्त किए जाएंगे ज्ञापन, आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा जनपद में विभिन्न राजनैतिक, अराजनैतिक एवं अन्य संगठनों द्वारा आयोजित किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन तथा शासकीय कार्यों के निर्बाध सम्पादन के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यालयीय कार्य के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संगठनों एवं दलों के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करते हैं, जिससे आम जनता की समस्याओं की सुनवाई, फरियादियों के मामलों के निस्तारण तथा अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों के संचालन में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए धरना-प्रदर्शन के लिए कलेक्ट्रेट भवन के पीछे स्थित कोषागार कार्यालय के सामने पश्चिम दिशा की ओर एक निर्धारित स्थल चिन्हित किया गया है।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने पुलिस अधीक्षक सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में विभिन्न राजनैतिक, अराजनैतिक एवं अन्य संगठनों द्वारा आयोजित किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम केवल निर्धारित स्थल पर ही आयोजित कराए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय थाना एवं संबंधित पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्यत्र न किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी निर्धारित स्थल पर स्वयं उपस्थित होकर धरनारत प्रतिनिधियों से ज्ञापन प्राप्त करें तथा प्राप्त प्रकरणों में



नियमानुसार आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई, प्रशासनिक कार्यों एवं आमजन की सुविधाओं को प्रभावित किए बिना लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए निर्धारित स्थल का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए।

## तकनीक और एआई के युग में बच्चों को बनाना होगा ज्ञानवान और संस्कारवान

- पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाई स्कूल खड़ोवरा में शिक्षक- अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन
- शिक्षा, तकनीक, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** पं.रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाई स्कूल, खड़ोवरा में शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, तकनीकी शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नैतिक मूल्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में जूनियर हाई स्कूल रजवारा के प्रधानाध्यापक आशीष मिश्रा, जूनियर हाई स्कूल बरखिरिया के प्रधानाध्यापक अनूप सैनी तथा जूनियर हाई स्कूल धोवनखेरी के प्रधानाध्यापक अभिषेक चौरसिया शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक पं.सुनील शर्मा ने की, जबकि संचालन एवं व्यवस्थापन की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने निभाई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) का युग है। बच्चों में नई तकनीकों को लेकर समझ और जिज्ञासा तेजी से विकसित हो रही है। ऐसे समय में विद्यार्थियों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखते हुए आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी जोड़ना आवश्यक है, ताकि वह भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। वक्ताओं ने कहा कि आज प्रतियोगिता का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना होगा। विद्यालय में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला तथा व्यायामशाला जैसी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास समान रूप से हो सके। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन और विचारों का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी ने बिना किसी अस्त्र-शस्त्र के सत्य और अहिंसा के बल पर देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रप्रेम के मूल्यों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक रूप से समृद्ध होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह समाज और राष्ट्र के विकास में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। समाज में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए। यदि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करे तो राष्ट्र की प्रगति और अधिक तेजी से संभव हो सकेगी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, शिक्षक राहुल पटैरिया, रामजू यादव, धूपसिंह राजपूत, मुरारी झा, संजय राजा, आकांक्षा राजा, अंजलि राजा एवं दीक्षा रजक सहित पत्रकार अमित लखेरा व देवेन्द्र साहू समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर नियम विरुद्ध आवासीय पट्टों का निरस्तीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशों के क्रम में तहसील रावर्टसगंज राजस्व ग्राम लसड़ा में राजस्व अभिलेखों, उपलब्ध साक्ष्यों एवं आवास आवंटन पट्टा संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत जांच एवं परीक्षण कराया गया। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि ग्राम सभा की भूमि पर किए गए कुछ आवासीय पट्टों का आवंटन निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप नहीं किया गया था। संबंधित प्रकरण में सक्षम न्यायालय द्वारा अभिलेखीय साक्ष्यों, राजस्व अभिलेखों तथा आवंटन प्रक्रिया के परीक्षण के उपरांत पारित आदेश में नियम विरुद्ध पाए गए आवासीय पट्टों को निरस्त कर दिया गया है। साथ ही वादग्रस्त भूमि को उसके मूल राजस्व स्वरूप में बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित भूमि को पुनः अभिलेखों में पूर्ववत श्रेणी-5(3) बंजर खाते में दर्ज किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त यदि प्रकरण में कोई स्थगन



आदेश प्रभावी हो तो उसके निरस्तीकरण के उपरांत आवश्यक राजस्व कार्यवाही संपादित की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी भूमि, राजस्व अभिलेखों एवं सार्वजनिक संपत्तियों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, नियमों की अवहेलना अथवा अवैध लाभ प्राप्त करने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम समाज एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि की नियमित निगरानी की जाए तथा भूमि से संबंधित सभी मामलों में पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**- शुक्रवार दिनांक 19.06.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे। साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए।

## अवैध वसूली प्रकरण में दो नर्सों से मांगा जवाब, जांच के बाद होगी कार्रवाई

**तालबेहट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मातृत्व भवन में प्रसूताओं से अवैध वसूली के आरोपों के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए दो स्टाफ नर्सों से स्पष्टीकरण तलब किया है। हालांकि अभी तक किसी भी प्रसूता या उसके परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं दी गई है। गौरतलब है कि गुरुवार को प्रसव के लिए भर्ती एक महिला के परिजनों से कथित रूप से चार हजार रुपये की अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया था। आरोप है कि विरोध करने पर एक नर्स ने परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। मामले की जानकारी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. विशाल पाठक ने बताया कि आरोपों के संबंध में स्टाफ नर्स मंजू सिंह एवं कमला सिंह को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। दोनों कर्मचारियों के जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या मरीजों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अधीक्षक ने मरीजों और उनके परिजनों से किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर लिखित रूप से अवगत कराने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### चार ग्राम पंचायतों में रात्रि चौपाल के माध्यम से अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद की 04 ग्राम पंचायतों में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपालों में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। रात्रि चौपालों का आयोजन विकास खंड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत सरायशेर खाँ, बिहार की देवरपट्टी, पट्टी की सैफाबाद व विकास खण्ड गौरा की दसियाभानपुर ग्राम पंचायत में किया गया। चौपालों में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।ग्राम पंचायतों में आयोजित चौपालों में ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, भूमि विवाद तथा अन्य विकास संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, आवश्यक दवाओं का वितरण किया तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि आज शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियो के द्वारा ट्रेनी, आपरेटर असिस्टेन्ट के विभिन्न रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियो का चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियो को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करना होगा।

### सीएम के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीएम के विरूद्ध अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। बीती 17 जून को आरोपी द्वारा मुख्यमंत्री को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। पुलिस ने जांच कर थाना क्षेत्र के पूरे विजयी मजरे राजापुर निवासी अशोक मिश्र उर्फ पुत्तन मिश्र पुत्र देव नारायण मिश्र के विरूद्ध गंभीर धाराओ में केस दर्ज किया। उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

# हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद भी ब्लॉक-8 पार्क पर कार्रवाई नहीं, शासन पहुंची शिकायत

**● केस्को द्वारा विवादित संरचना को विद्युत संयोजन दिए जाने पर भी उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गोविन्द नगर के ब्लॉक-8 स्थित रामदेवी आर्य पार्क का मामला अब शासन स्तर तक पहुंच गया है। पार्क पर हुए अतिक्रमण, कंक्रीट निर्माण, धार्मिक संरचनाओं के विस्तार तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में कथित शिथिलता को लेकर नगर विकास मंत्री कार्यालय ने मामले को प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग को अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया है। जनहित याचिका संख्या 1023/2026 के याचिकाकर्ता एवं गोविन्द नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रकाश वीर आर्य द्वारा भेजे गए विस्तृत प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम एवं केडीए के अभिलेखों में सार्वजनिक पार्क एवं ओपन स्पेस के रूप में दर्ज भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जे और निर्माण कार्य होते रहे, लेकिन संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय प्रकरणों का निस्तारण कागजों तक सीमित रखते रहे।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 22 अप्रैल 2026 को पारित आदेश में ब्लॉक-8 स्थित पार्क में हुए निर्माण कार्यो पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा था कि जिस भूमि को पार्क एवं खेल मैदान के रूप में सुरक्षित रखा गया हो, वहां निर्माण और अतिक्रमण किस प्रकार होने दिया गया। न्यायालय ने संबंधित प्राधिकरणों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पार्कों और खुले स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए तथा किए गए अतिक्रमणों को हटाकर उन्हें उनके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए। प्रकाश वीर आर्य का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश की प्रति 29 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराए जाने के बावजूद अब तक पार्क को अतिक्रमण मुक्त कराने अथवा उसके मूल स्वरूप की बहाली के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके विपरीत पार्क क्षेत्र में नई गतिविधियों और कब्जों की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।

प्रकरण का एक और गंभीर पहलू तब सामने आया जब केस्को को लिखित शिकायत और न्यायालयीय आदेशों की जानकारी दिए जाने के बावजूद पार्क में स्थित विवादित धार्मिक संरचना पर नया विद्युत संयोजन स्थापित कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सार्वजनिक पार्क की विवादित भूमि पर स्थित संरचनाओं को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से अवैध कब्जों को अप्रत्यक्ष संरक्षण



मिलता है तथा भविष्य में ऐसे कब्जों को स्थायित्व प्रदान करने का आधार तैयार होता है। प्रार्थना पत्र में पार्क में अवैध रूप से निर्मित कंक्रीट ढांचों एवं इंटरलॉकिंग को हटाकर पूरे क्षेत्र को पुनः पार्क के रूप में विकसित करने, नए कब्जों एवं मूर्ति स्थापना पर तत्काल रोक लगाने, विद्युत संयोजन प्रकरण की जांच कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों एवं अतिक्रमण कारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। नगर विकास मंत्री कार्यालय द्वारा मामले को प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग को भेजे जाने के बाद अब क्षेत्रीय नागरिकों की निगाहें शासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हाईकोर्ट के आदेशों और शासन स्तर पर संज्ञान लिए जाने के बाद भी पार्क को उसका मूल स्वरूप नहीं मिल पाता, तो यह सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न होगा।

## टोल प्लाजा के पास कथित अवैध खनन से जुड़े आरोप, जांच की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल प्लाजा के समीप ग्राम हरचंदपुर प्रसंदन जाने वाले कच्चे मार्ग के किनारे विकसित की जा रही एक बड़ी प्लाटिंग में कथित अवैध खनन के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जनपद उन्नाव में अवैध खनन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है और बाहरी जनपदों से आए खनन माफिया भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित प्लाटिंग क्षेत्र को समतल करने के लिए उसके समीप से गुजर रहे चिरैया नाला/नहर क्षेत्र से रात के समय चोरी-छिपे मिट्टी का खनन किया जा रहा है। आरोप है कि निकाली गई मिट्टी का उपयोग प्लाटिंग क्षेत्र को भरने तथा उसके चारों ओर ऊंची मेड़बंदी करने में किया जा रहा है। इस पूरे मामले में नहर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।




स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते खनन माफिया मनमाने ढंग से भूमि की खुदाई कर रहे हैं और निकाली गई मिट्टी को ऊंचे दामों पर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। इससे जहां एक ओर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और संबंधित विभाग इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेते हैं तथा जांच के बाद क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है, या फिर मामला केवल औपचारिकताओं तक सीमित रह जाता है।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का लालगंज में आज आयोजन

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com ब्रेकिंग न्यूज़

**प्रतापगढ़।** माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में आज जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में किया जायेगा। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, डीएफओ एवं विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शेष अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा, जिसमें तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का अनुश्रवण कर शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करेंगे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के तुलसी सदन (हादी हाल) में वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, बचत एवं निवेश, वित्तीय प्रबंधन तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उपायुक्त उद्योग साहब सरन रावत, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) नीरज सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, बैंकों के वित्तीय सलाहकार शिशिर खरे, आरसेटी से रविरंजन, एसबीआई के रीजनल मैनेजर रंजीत कुमार, उद्यमी मोहम्मद अनाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, आमजनमानस, प्रबुद्धजन, छात्र-छात्राये आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षो में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गो के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और कौशल



विकास की योजनाएं युवाओं को नई दिशा प्रदान कर रही हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अंत में कार्यक्रम की समाप्ति की उद्घोषणा परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव द्वारा मुख्य अतिथि एवं सम्मानित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा द्वारा किया गया।

## यातायात पुलिस द्वारा बाबूपुरवा, में चलाया गया नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के विरुद्ध अभियान

**● रामादेवी से नौबस्ता तक सर्विस रोड को कराया गया खाली, ताकि सड़क पर न रहे जाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज दिनांक 19.6.2026 को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, थाना प्रभारी बाबूपुरवा एवं यातायात निरीक्षक दक्षिण जोन द्वितीय के नेतृत्व में बाबूपुरवा क्षेत्र एवं ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों तथा अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े होकर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा क्रेन की सहायता से ऐसे वाहनों को हटाकर थाना बाबूपुरवा परिसर में खड़ा कराया

सड़क एवं सार्वजनिक मार्गो पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया गया, जिससे यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके। कार्यवाही के दौरान वाहन स्वामियों एवं संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में सड़क पर वाहन खड़ा न करने तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने के संबंध में



आवश्यक दिशा-निर्देश एवं चेतावनी दी गई। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के दृष्टिगत टीआई पूर्वी प्रथम, NHAI के पदाधिकारीगण, नगर निगम के पदाधिकारीगण एवं स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रामादेवी से नौबस्ता तक सर्विस लेन मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सर्विस लेन एवं सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटवाकर मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। साथ ही नो-पार्किंग क्षेत्रों एवं सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध प्रभावी चालानी कार्रवाई करते हुए यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटवाया गया। कानपुर यातायात पुलिस द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु इस प्रकार की प्रवर्तनात्मक कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## विश्व योग दिवस की तैयारियों में जुटा प्रशासन, प्रशिक्षकों के साथ ब्लॉक शोहरतगढ़ परिसर में लोगों ने किया योगाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। ब्लॉक मुख्यालय शोहरतगढ़ परिसर में योग सप्ताह के तहत चल रहे योगाभ्यास कार्यक्रम में शुक्रवार को लोगों ने योगाभ्यास किया। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य आयोजन को लेकर ब्लाक व तहसील प्रशासन तैयारियों में जुटा है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल आधारित योगाभ्यास ब्लॉक परिसर में कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी में लोग लगे हैं।ब्लाक मुख्यालय शोहरतगढ़ व गावं में भी विश्व योग दिवस मनाने की तैयारी जोरों पर है। ब्लाक मुख्यालय शोहरतगढ़ परिसर में मास्टर ट्रेनर अम्बरीश शुक्ला, प्रीती शुक्ला, मुस्तन शेरुल्लाह ,रवि प्रकाश ओझा, योगेंद्र प्रसाद व राकेश कुमार जायसवाल ने एडीओ पंचायत शोहरतगढ़ संजय पटेल की उपस्थिति में लोगों को योगाभ्यास में प्रोटोकॉल अनुसार शिथिलीकरण अभ्यास में ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटिचालन, घुटना संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, बैठ कर किए जाने वाले आसन में भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन/मरीच्यासन पेट के बल




लेटकर मकरासन, अर्ध भुजंगासन, भुजंगासन, शलभासन एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन में सेतुबंधासन, उत्तान पाद हस्तासन, अर्ध हलासन, शवासन आदि अभ्यास कराये गये। अंत में कपालभांति तथा प्राणायाम में अनुलोम विलोम/ नदीशोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान भी करवाया गया। 12 वें विश्व योग दिवस के स्वस्थ वृद्धावस्था हेतु योग थीम पर आधारित योगाभ्यास कार्यक्रम में लोगों को योग के महत्व व होने वाले लाभ की जानकारी भी दी गयी। इस दौरान एडीओ पंचायत संजय पटेल, मास्टर ट्रेनर अम्बरीश शुक्ला, प्रीती शुक्ला, मुस्तन शेरुल्लाह , रवि प्रकाश ओझा, योगेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार जायसवाल के साथ सेक्रेटरी अजय भारतीया, संदीप सरोज व अरुण उपाध्याय, मनीष वर्मा, विनय पाण्डेय, नन्दलाल, हरीश चन्द्र, पंचगुलाम, महेश, बहेतू, प्रमोद, कृष्ण कुमार, चैन कुमार, रामछबेले आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के कूट रचित पत्र के सहारे आठ बने सिपाही

**प्रतापगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कोटे से चयनित आठ सिपाहियों पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर क्राइम ब्रांच जांच पड़ताल कर रही है। आरोप है कि उक्त रिक्रूट आरक्षी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित कूट रचित पत्र के सहारे नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2023 में भर्ती होकर नौकरी कर रहे हैं। एसआई राजेश कुमार यादव पूर्व आरटीसी प्रभारी पुलिस लाइंस की तहरीर पर नगर कोतवाली मे मुकदमा संख्या 320/26 धारा 318(4),319(2),338,336(3),340(2) बीएनएस बनाम रिक्रूट आरक्षी अभिषेक पांडेय पुत्र मनोज कुमार पांडेय निवासी परमानपुर गौरा जिगना जनपद मिर्जापुर, शुभम दुबे पुत्र संजय दुबे निवासी जासा बधौरा विंध्याचल मिर्जापुर,रवि शंकर पुत्र प्रभु नाथ निवासी रामपुर हंशवार श्रीनिवास धाम जिगना जनपद मिर्जापुर, प्रदीप कुमार पुत्र इंद्रमणी निवासी धानी पट्टी सुपंथा मिर्जापुर, अजय कुमार पुत्र जीत नारायन निवासी जासा बधौरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, खुशबू गुप्ता पुत्री राजेश गुप्ता निवासी भोसिंह का पुरा पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, आकाश मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा निवासी सरोई तिवारी पोस्ट कलना विंध्याचल मिर्जापुर, दिव्यांशु यादव पुत्र परमेश्वर यादव निवासी बथुआ महुआरिया कोतवाली कटरा मिर्जापुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## 'सतत प्रशिक्षण ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की आधारशिला'- डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है। शिक्षण कौशल में निरंतर सुधार तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों से शिक्षकों को अवगत कराने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में आज विद्यालय परिसर में डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस द्वारा आयोजित विज्ञान विषय की त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन एवं मुख्य अतिथि श्री कौशिक भर (मानव संसाधन विभाग, एनयूपीपीएल) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को गरिमामय वातावरण प्रदान किया। कार्यशाला मे (यू.पी.) जोन बी, एफ एवं जी से आए शिक्षकों के संयुक्त तत्वधान एवं परियोजना अधिकारियों के सहयोग से शिक्षण प्रशिक्षण किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने सभी



प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि, 'विज्ञान शिक्षा को प्रभावी, रोचक, प्रयोगात्मक एवं नवाचार-आधारित बनाने के लिए शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। ऐसी कार्यशालाएँ शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों एवं आधुनिक तकनीकों से परिचित कराकर शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करती हैं। 'मुख्य अतिथि श्री कौशिक भर ने शिक्षकों को बदलती शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को निरंतर अद्यतन रखने के लिए प्रेरित किया तथा कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु विद्यालय की सराहना की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु मां बेल्हा देवी धाम में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से मां बेल्हा देवी मंदिर धाम परिसर में योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संयुक्त संयोजन लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष, गौरव, शक्ति एवं अवध द्वारा किया गया।कार्यक्रम में आयुष विभाग के प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी। आयोजन में तरुण चेतना संस्थान के अध्यक्ष मो. नसीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लायंस क्लब के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में भी सहयोग की अपेक्षा जताई।कार्यक्रम में लायंस क्लब गौरव के डॉ. पीयूष कांत शर्मा एवं शिशिर खरे तथा लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के प्रशासक संतोष भगवन ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. सिमी गुप्ता, डॉ. आकांक्षा पाण्डेय, डॉ. ब्रह्मानंद, अशोक पाण्डेय, राजेश मिश्रा, राकेश कुशवाहा, सचिन श्रीवास्तव, पंकज सिंह, देवाशीष, रमेश पटेल, पूनम तिवारी, वंदिता सिंह, सुनीता सिंह एवं चेतना मिश्रा सहित आयुष विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में आरबी सिंह, अशोक प्रताप सिंह, डॉ. श्याम शंकर शुक्ल, राजेश बहादुर पाल, दिनेश प्रताप सिंह, हरिशंकर सिंह 'हैप्पी', संतोष पाण्डेय, पिंकी दयाल, अनीता पाण्डेय, सोनी पाण्डेय, अंजू तिवारी, कृष्णानन्द त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, रणविजय सिंह, राजेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, सरिता पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, बेल्हा देवी मंदिर के सहयोगी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम में केक काटकर और भोजन-फल वितरण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को महुली में स्थित वृद्धाश्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जन्मदिन सेवा समारोह दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में कांग्रेसजनों के साथ वृद्धाश्रम के सैकड़ो बुजुर्गो ने मिलकर केक काटा। इसके बाद सभी वृद्धजनों को भोजन कराया गया और फल वितरण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राहुल गांधी के दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।इस अवसर पर डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गो की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाले, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के मजबूत पैरोकार, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि वह एक ऐसे महामानव जिन्होंने 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' को राष्ट्रीय नारा बना दिया, देश के युवाओं को नया नजरिया दिया है। युवाओं, किसानों, माताओं, बह नों और मजदूरों के संघर्ष को ताकत और विश्वास दिया है।



जिला उपाध्यक्ष द्वय रामशिरोमणि वर्मा व आर.पी.वर्मा ने कहा कि देश और समाज की उन्नति एवं विकास में राहुल गांधी का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।संवैधानिक मूल्यों के प्रखर प्रहरी, सामाजिक न्याय के सशक्त हस्ताक्षर एवं करोड़ों युवाओं की प्रेरणा भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,महेंद्र शुक्ला, लोहा सिंह,काशी नारायण मिश्रा,सरोज कश्यप, डॉ.अभय प्रताप सिंह, प्रेम शंकर द्विवेदी, संदीप त्रिपाठी, योगेश यादव, प्रवीण द्विवेदी, सुरेश कुमार मिश्र, भवानी शंकर दूबे, रविन्द्र मिश्र, अंजनी कुमार पांडेय, शुभम मिश्र, मो.रियाज सिटी, धर्म राज सिंह, नूर आलम, देवमणि पाण्डेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## विधायक सदर ने इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी लैब का किया उद्घाटन

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय सम्बद्ध डा0 सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ में इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी (आईपीएचएल) लैब का उद्घाटन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसमें मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा0 सोमनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा, पुरूष चिकित्सालय, डा0 रमेश पाण्डेय सी0एम0 एस0 महिला चिकित्सालय, डा0 मनोज खत्री वरिष्ठ फिजीशियन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर. बी. यादव, इपीडिमियोनलॉजिस्ट चन्दचूर्ण, विधायक प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, जनरल मैनेजर उपेंद्र सिंह, रीजनल मैनेजर अब्दुल्ला, धीरज सिंह-पी.ओ. सी.टी. मैनेजर, हास्पिटल मैनेजर डॉ. अवंतिका पांडेय, डॉ. विजय चौहान, वी.के. श्रीवास्तव, विजय यादव, विनीत सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर: सिंचाई विभाग में AI फोटो का इस्तेमाल कर..................

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फर्जी फोटो और ढ्ढ का इस्तेमालः काम न होने के बावजूद मालविका जैसल पर आरोप है कि उन्होंने ढ्ढ टूल और मोबाइल एडिटिंग से फर्जी तस्वीरें बनाई और विभाग को गुमराह किया। इन फर्जी तस्वीरों के आधार पर भुगतान को वैध ठहराने की कोशिश की गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह अनिश्चित है कि काम कहीं हुआ भी या सिर्फ कागजों पर घर की खेती कर सरकारी पैसा बांट लिया गया।जयंत्री पांडेय ने कहा है कि तकनीकी शर्तो का उल्लंघन किया गया है। निविदा शर्त 31 का खुला उल्लंघन किया गया है। बिना हॉट मिक्स प्लांट और पेवर मशीन के काम दिखाया गया। शर्त साफ थी कि काम इन्हीं मशीनों से होना है। बिना प्लांट के सड़क निर्माण तकनीकी रूप से मानकहीन है।जयंत्री पांडेय ने आरोप लगाया, 'शर्त 28 के तहत अनुबंध निरस्त होना चाहिए था, लेकिन अधिकारियों ने एस्टीमेट और NIT बदलकर उच्च अधिकारियों को बिना बताए काम कराया। कार्यस्थल हटने को शर्त 28 के तहत अनुबंध निरस्तीकरण और विभागीय कार्रवाई का आधार बताया गया।

नोटिफिकेशन में प्रस्तावित नहर पट्टियों के बजाय बजट अपनी मर्जी से कहीं और खर्च करना तकनीकी अपराध है। बिना भौतिक मापन के पैसा बांट लिया गया।निविदा में जिन जगहों का जिक्र है, उनमें बटुआ सागर, बसंतपुर नहर, नौगढ़ कालोनी की पटरी, अलीदापुर पश्चिमी नहर, सिरवत कोठी, सिसवा नेउरा नहर, अतरी माइनर पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ। जयंत्री पांडेय ने तस्वीरें भी साझा की हैं। बटुआ सागर में कच्चे रास्ते दिख रहे हैं, कोई मरम्मत नहीं दिख रहा है। बसंतपुर नहर पर पुरानी सड़क घास से भरी हुई है। अलीदापुर पश्चिमी नहर पर पुरानी टूटी सड़क दिख रही है। सिसवा नेउरा और अतरी माइनर पर भी कच्चे रास्ते या टूटी सड़कें हैं। फोटो में तारीखें अप्रैल 2026 की हैं, जो काम पूरा होने के बाद की स्थिति दर्शाती हैं। इन फोटो में GPS लोकेशन, एलिवेशन, समय आदि डिटेल्स मौजूद हैं।

**जहां सफाई का दावा किया गया, वहां घास उगी है**

जयंत्री पांडेय ने केवल IGRS पर ही नहीं, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और अन्य अधिकारियों को पंजीकृत डाक से शिकायतें भेजी हैं।ट्रेजरी वाउचर की जांच कर अवैध भुगतान की रिकवरी मालविका जैसल द्वारा भेजी फोटो की फोरेंसिक जांच दोषी अधिकारियों पर तत्काल कठोर विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई विभागीय दस्तावेजों में क्या खामी गिनाई गई है?

ठेकेदार को कार्यस्थल की जानकारी पहले लेनी होती है। प्री-बिड मीटिंग 18 सितंबर 2025 को बस्ती में होनी थी। टेक्निकल बिड खुलने के 24 घंटे में आपत्ति ईमेल से दर्ज करानी होती है।

बजट आवंटन पर ही फाइनेंशियल बिड खुलती है। यह सिर्फ एक सड़क निर्माण का मामला नहीं है। नहर पट्टियों पर बनी सड़कें सिंचाई क्षेत्र में किसानों, आम लोगों की सुविधा के लिए होती हैं। 13.9 किमी सड़क का 4.81 करोड़ का काम अगर कागजों पर रह गया तो विकास योजनाओं का पैसा बर्बाद हो रहा है। AI का इस्तेमाल फर्जी सबूत बनाने में सरकारी विभाग में नई समस्या पैदा कर रहा है। फोरेंसिक जांच जरूरी है ताकि असली और नकली फोटो में फर्क साबित हो। शिकायककर्ता का कहना है कि विभागीय मिलीभगत से ट्रेजरी भुगतान, कार्यस्थल बदले गए, शर्तों की अनदेखी की गई। ये सभी बिंदु ऐसे हैं, जिनकी विभागीय जांच होनी चाहिए।

इस मामले की शिकायत अधीक्षण अभियंता गंडक बाढ़ मंडल बस्ती, मुख्य अभियंता गोरखपुर, आयुक्त बस्ती, जिलाधिकारी, एसएसपी आदि को पत्र भेज कर की गई है। इस पूरे प्रकरण में जांच के लिए जो टीम गठित की गई थी ।इसी मंडल के ही अधिकारी शामिल थे । जबकि शासनादेश है कि जिस मंडल का मामला होता है उस मंडल के अधिकारियों को जांच नहीं सौंपी जानी चाहिए। जिसे शासन ने संज्ञान में लेते हुए जांच टीम निरस्त कर दी और दूसरी जांच टीम गठित कर दी है। यह जांच टीम सिद्धार्थनगर कभी धमक सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजियाबाद में शहरी फीडर ओवरलोड, गर्मी में बिजली कटौती से हाहाकार




**साहिबाबाद।** भीषण गर्मी में ग्रामीण और कस्बों के सापेक्ष शहरी क्षेत्र के फीडर अधिक ओवरलोड चल रहे हैं। शहर के 45 प्रतिशत फीडर ओवरलोड हैं। ओवरलोड के कारण छोटे-बड़े फाल्ट लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। इससे शहर के लाखों लोगों को अंधाधुंध बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। जिले के शहरी क्षेत्रों में 447 फीडर से बिजली आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में इनमें से करीब 200 फीडर ओवरलोड चल रहे हैं। फीडर ओवरलोड होने के कारण कभी लाइन में फाल्ट तो कभी ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या 33 केवी लाइन फेल होने की हो रही है। वहीं कई फीडर ऐसे भी हैं जिन पर क्षमता के सापेक्ष लोड बहुत कम है। अगर विद्युत निगम समय रहते ओवरलोड फीडरों से उपभोक्ताओं को हटाकर कम लोड वाले फीडरों पर ट्रांसफर कर देता तो ये मुसीबत नहीं झेलनी पड़ती। जिले के गांवों में 96 फीडरों से विद्युत आपूर्ति होती है। इनमें से 32 प्रतिशत फीडर ओवरलोड हैं। कस्बों के 132 में से 35 प्रतिशत फीडर ओवरलोड हैं। हालांकि विद्युत निगम फीडर लोड की समस्या को दूर करने के लिए कार्य करने का दावा कर रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में 91 फीडर से बिजली आपूर्ति होती है। इन क्षेत्रों के 27 फीडर ओवरलोड चल रहे हैं। इससे फाल्ट के कारण कभी भी बिजली गुल हो जाती है। बिजली कटने पर उद्यमियों का बड़ा नुकसान हो जाता है। उद्यमी अशोक चौधरी ने बताया कि बिजली कटने पर उत्पादन की लागत बढ़ जाती है। क्योंकि जेनरेटर चलाना पड़ता है। कई बार कच्चा माल खराब हो जाता है।

### पंचायत प्रेसिडेंट-वाइस प्रेसिडेंट की पहल में नेताजी एम ई स्कूल, भैरवपुर में 'संप्रति भोजन सप्ताह' मनाया गया



**असम धेमाजी–** प्रधानमंत्री न्यूट्रिशन के तहत सरकारी निर्देशों के अनुसार,15 से 20 जून को 'संप्रति भोजन सप्ताह' घोषित किया गया। समग्र राज्य के साथ मुक्तियार गांव पंचायत की प्रेसिडेंट रिंपी दास और वाइस प्रेसिडेंट शंभू दास ने आयोजन किया । सरकार ने 'संप्रति भोजन सप्ताह' नाम का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसका मकसद स्टूडेंट्स में सामाजिक एकता और कुपोषण को बढ़ावा देना है। प्रेसिडेंट-वाइस-प्रेसिडेंट ने अपनी भाषण में कहा बच्चों की मासूम मुस्कान और खुश चेहरों से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे उन्हें जो मन की शांति मिलती है, वह सच में बेमिसाल है।' असमिया मीडियम में 750से ज़्यादा स्टूडेंट्स वाले इस स्कूल ने अपनी गोल्डन जुबली मना ली है। स्थानीय लोगों ने कहा कि टीचर्स की कमी की वजह से बच्चे असली पढ़ाई से दूर होना पड़ रहा है। उन्होंन इसके ऊपर व्यवस्था लेने की मांग की। प्रोग्राम में प्रिंसिपल असीम पुरकायस्थ, टीचर्स ग्रुप, मैनेजमेंट कमेटी के प्रेसिडेंट बिस्वजीत दास, वार्ड मेंबर पोम्पी सेन दास, सोशल वर्कर रवींद्र नाथ, श्रीकांत दास, सुजीत नाथ के साथ स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के मेंबर शामिल हुए।

# रामलला का हार और चरण पादुका भी हो गए चोरी? पुजारी, टिन्नू समेत कई शक के घेरे में

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में SIT की जांच तेज है और अब नए-नए खुलासे हो रहे हैं. एसआईटी ट्रस्ट से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है तो वहीं मंदिर के कामकाज में लगे लोगों की भी जांच हो रही है. SIT ने गुरुवार को इस मामले में मंदिर में आए चढ़ावे की जांच कर रही है तो वहीं उसकी काउंटिंग और बैंक में जमा करने की प्रक्रिया भी चेक की जा रही है। जांच टीम दानपात्रों से नकदी और सोने चांदी, हीरे जवाहरात के गिनती केंद्रों तक की व्यवस्था को खंगाल रही है। इस बीच जानकारी यह भी मिली है कि रामलला के हार और चरण पादुका भी गायब कर दिए गए हैं. आशंका है कि उनकी भी चोरी हो गई है। इसी को लेकर SIT ने कल एक बार फिर से गोपाल राव और टिन्नू यादव से पूछताछ की है. खबर यह भी है कि राममंदिर के पुजारी से भी हीरा जड़ित हार और चरण पादुका के बारे में पूछा गया है. पुजारी ने बताया कि हार और चरण पादुका भगवान को पहनाने के बाद टिन्नू यादव को वापस कर दिया था. टिन्नू ने कहा कि इन चीजों को गला कर सोने की ईट बनाने की बात थी. उधर आभूषण रखने वाले कृष्ण देव तिवारी से जब पूछा गया तो न सोने की ईंट मिली ना ही कोई रसीद मिली है. इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज, बैंकिंग रिकॉर्ड, डिजिटल डेटा और संबंधित दस्तावेजों का भी परीक्षण किया जा रहा है। जांच एजेंसियों ने अब तक कई कर्मचारियों, सेवादारों और चढ़ावे की गणना प्रक्रिया से जुड़े लोगों से पूछताछ की है. लोगों का मानना है कि अब तक 5 दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ हो चुकी है. कुछ लोगों से एक से अधिक बार सवाल-जवाब किए गए हैं ताकि तथ्यों का मिलान किया जा सके. SIT टीम ने ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा को चेन्नई से तलब कर कई घंटे तक पूछताछ की. सीसीटीवी फुटेज और काउंटिंग आदि के बारे में बारीकी से पड़ताल की गई है. एसआईटी यह जानने का प्रयास कर रही है कि कहीं चढ़ावे की राशि के संग्रह और जमा प्रक्रिया के बीच किसी स्तर पर अनियमितता तो नहीं हुई।

**तकनीकी जांच के भरोसे SIT, सीसीटीवी फुटेज न होने से बढ़ी समस्या**

मामले को और गंभीर तब माना गया जब जांच के दौरान कुछ डिजिटल साक्ष्यों और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की भी जांच शुरू की गई. अधिकारियों का मानना है कि तकनीकी साक्ष्य पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. बता दें कि राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी यह मामला हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है. विपक्ष जहां मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है, वहीं सरकार का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगी. फिलहाल एसआईटी की जांच जारी है और अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## श्रद्धा कपूर की ईथा की पहली झलक वायरल

**● स्त्री 2 और छावा के मेकर्स की फिल्म में प्रेग्नेंट विठाबाई के रोल में आईं नजर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली:** श्रद्धा कपूर एक बार फिर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. वहीं एक बार फिर वह स्त्री 2 के मेकर्स के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेंगी. इसके साथ छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उत्तेकर के साथ धमाल मचाती हुई नजर आएंगी। ऐसा हम नहीं बल्कि उनकी अपकमिंग फिल्म ईथा का टीजर कह रहा है, जो हाल ही में नई फिल्मों की रिलीज के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जा रहा है. इसका वीडियो एक्स ( पहले ट्विटर) पर वायरल हो रहा है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. वीडियो में श्रद्धा कपूर को प्रेग्नेंट विठाबाई के किरदार में देखा जा सकता है। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि ईथा एक अपकमिंग बायोपिक ड्रामा फिल्म है, जो मशहूर मराठी तमाशा और लावणी आर्टिस्ट विठाबाई नारायणगांवकर की लाइफ पर बेस्ड है। फिल्म में उनकी संघर्ष से भरी जर्नी को दिखाया जाएगा, जो 1940 से 1990 तक चर्चा का विषय रही। फिल्म रक्षाबंधन के मौके पर 28 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है. फिल्म को लक्ष्मण उत्तेकर डायरेक्ट कर रहे हैं. जबकि निर्माता मैडॉक फिल्म्स के दिनेश विजन ने किया है. वहीं श्रद्धा कपूर के अलावा रणदीप हुड्डा, मोहम्मद जीशान अय्यूब और नाना पाटेकर लीड रोल में हैं। ईथा के टीजर में श्रद्धा कपूर की झलक देखने को मिलती है, जो प्रेग्नेंसी लुक में नजर आ रही हैं. इसके बावजूद वह स्टेज पर परफॉर्म करती हैं. वहीं शो के दौरान ही उन्हें एहसास होता है कि डिलीवरी का समय आ गया है. इसके बावजूद वह परफॉर्मेंस जारी रखती हैं और फिर बैकस्टेज में बच्चे को जन्म देती हैं. जबकि गर्भनाल को विठाभाई पत्थर से काटती है।

## फोकल प्वाइंट क्षेत्रों में उद्योगों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राउंड जीरो पहुंचे नगर आयुक्त अलंकार

**● खुले में कचरा फेंकने पर कार्रवाई के सख्त निर्देश जारी; एक मौके पर पकड़ा, 24000 रुपये का बिल जारी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लुधियाना–** 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए नगरपालिका द्वारा मानसून की तैयारियों और जोरदार प्रयासों के बाद, नगरपालिका आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने गुरुवार को उद्योगपतियों के साथ फोकल प्वाइंट क्षेत्रों में उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए ग्राउंड जीरो किया। आ गया। नगर आयुक्त ओजस्वी अलंकार लगभग 3 घंटे क्षेत्र में रहे और फेज 4, फेज 4-ए, फेज 5, फेज 6 सहित विभिन्न केंद्र बिन्दु क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई) से रजनीश आहूजा, राहुल आहूजा, गौतम ढल्ल, सीआईसीयू से उपकार सिंह आहूजा, ऋषि गुप्ता, अम्बरीष जैन, अशप्रीत साहनी, गुंजीत गंभीर, नरेश, राजीव जैन, अमन बस्सी, अनिल बेदी आदि शामिल थे। खुले में डंपिंग रोकने, व्यवसायों को हटाने व पार्कों को प्रबंधित करने, सीवर लाइनें साफ करने आदि के लिए संबंधित नगरपालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए। नगर आयुक्त अलंकार ने स्वयं कुछ स्थानों पर तस्वीरें लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए, एक निजी वाहन के चालक को भी खुली जगह में कचरा डंप करते पकड़ा। नगर आयुक्त अलंकार के निर्देश पर कूड़ा फेकते पकड़े गए अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए नगर पालिका व पुलिस ने अपराधी को 24000 रुपये का जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त ओजस् वी अलंकार ने बताया कि जैसे जैसे मानसून आ रहा है, नगर पालिका पहले से ही शहर की मुख्य सीवरेज लाइन की सफाई के लिए काम कर रही है और 30 जून तक पूरा होने की उम्मीद है। शहर भर में मॉनसून की तैयारियों और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए कई और कदम भी उठाए जा रहे हैं। फोकल प्वाइंट क्षेत्रों में ईस्टमैन इंडस्ट्रीज और कुछ अन्य उद्योगों द्वारा प्रबंधित पार्कों/ग्रीन बेल्ट का दौरा करते हुए, नगरपालिका आयुक्त अलंकार ने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे कदम बढ़ाएं और अपने आसपास के क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट/पार्क अपनाएं।

## एंबेसडर होटल ने खाली करने के सरकार के नोटिस के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नोटिस के खिलाफ सुब्रमण्यम भारती रोड स्थित एंबेसडर होटल ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। मामले में अंतरिम राहत की मांग वाली अर्जी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। मामले पर अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। मालिकों ने एक संपत्ति विवाद में केंद्र के पक्ष में आए अपीलीय अदालत के आदेश को चुनौती दी है। यह विवाद सुजान सिंह पार्क के उत्तरी ब्लाक से जुड़ा है, जिसमें एंबेसडर होटल भी शामिल है। केंद्र सरकार ने लीज की शर्तों के उल्लंघन के आधार पर 11 जून को होटल को खाली करने का नोटिस जारी किया था। सर शोभा सिंह एंड संस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा याचिका में कहा गया कि नौ जून को एक ट्रायल कोर्ट ने रेंट कंट्रोलर के 2009 के फैसले को रद कर दिया। जिसमें रेंट कंट्रोलर ने संपत्ति की वैधता को बरकरार रखा था। याचिका में खाली करने के नोटिस पर तुरंत रोक लगाने की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि पहली अपीलीय अदालत ने दशकों से चले आ रहे आदेश को पलट दिया।

## वनडे वर्ल्ड कप में रोहित-कोहली होंगे या नहीं? BCCI ने दिया यह जवाब

**● वर्ल्ड कप में अब बस एक साल से कुछ ज्यादा का समय बचा है, ऐसे में उम्रदराज हो रहे सुपरस्टार्स की फॉर्म और फिटनेस पर नजर बनी हुई है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयारी जारी है और इसे सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया जा सकता है.सैकिया ने पीटीआई को दिए गए विशेष साक्षात्कार में व्यक्तिगत खिलाड़ियों और टीम में उनके भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर किसी भी तरह की चर्चा करने से इनकार कर दिया. अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को लेकर जब भी कोई चर्चा होती है तो दो दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के नाम पर सबसे अधिक चर्चा होती है. सैकिया ने हालांकि कहा कि 'बोर्ड रूम में होने वाली रणनीतिक चर्चाएं' अंदर तक ही सीमित रहनी चाहिए।

**कोहली और रोहित वनडे वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं ?**

सैकिया से जब पूछा गया कि क्या बीसीसीआई ने इस मामले पर आपस में किसी तरह की चर्चा की है तो उन्होंने कहा कि सभी हितधारक अपने विचारों पर सहमत हैं जो सतत चलने वाली प्रक्रिया के लिए जरूरी है. उन्होंने कहा, ''हमारे पास एक बहुत ही सुव्यवस्थित टीम और कई विशेषज्ञ हैं. सभी हितधारकों को साथ लेकर चला जाता है. जो भी फैसले किए जाते हैं, उनमें क्रिकेट समिति, चयनकर्ता और अन्य सभी हितधारक शामिल होते हैं. इनमें सहयोगी स्टाफ के सदस्य, मुख्य कोच और संबंधित खिलाड़ी शामिल हैं.'' सैकिया ने कहा, ''नियमित रूप से बातचीत हो रही है, इसलिए हमें किसी तरह से विशेष बातचीत करने की जरूरत नहीं है. यह एक सतत प्रक्रिया है.''

**बीसीसीआई सचिव ने नहीं खोले पत्ते**

इस तरह से बीसीसीआई सचिव ने अपने पत्ते खोलने से स्पष्ट इनकार कर दिया। यही नहीं उन्होंने कहा कि वह बोर्ड रूम की कोई भी जानकारी उजागर नहीं करेंगे. सैकिया ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मुझे मीडिया या लोगों के सामने कुछ भी खुलासा करना चाहिए क्योंकि ये रणनीतिक चर्चाएं हैं. मुझे मीडिया के सामने इनके बारे में बोलने का अधिकार नहीं है। यह ऐसे मामले हैं जो बोर्डरूम के भीतर ही रहने चाहिए।''

## जिला लेवल योग दिवस की तैयारियां पूरी: डिप्टी कमिश्नर

**● 21 जून को नवांशहर के बारादरी गार्डन में होगा जिला लेवल इवेंट**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नवांशहर–** डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलख ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले इंटरनेशनल योग दिवस के जिला लेवल इवेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला लेवल इवेंट नवांशहर के बारादरी गार्डन में सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक होगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि बारादरी गार्डन में होने वाले योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यह पक्का करें कि इवेंट में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि योग प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा पंडाल, मैट, साउंड सिस्टम और स्थ्र्ष्ठ स्क्रीन लगाई गई है। लोगों की सुविधा के लिए पीने के पानी, बैठने और पार्किंग का पूरा इंतजाम किया गया है। हेल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से एक एम्बुलेंस और एक मेडिकल टीम तैनात की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के लिए ज़रूरी इंतज़ाम किए हैं। उन्होंने कहा कि इस इवेंट में अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों के स्टूडेंट्स, NCC/NSS वॉलंटियर्स, सरकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम लोग हिस्सा लेंगे। योग एक्सपर्ट्स की एक टीम आयुष मंत्रालय के जनरल योग प्रोटोकॉल के अनुसार एक्सरसाइज़ कराएगी, जिसमें आसन, प्राणायाम और मेडिटेशन शामिल होंगे। डिप्टी कमिश्नर ने ज़िले के लोगों से अपील की कि वे सुबह समय पर बारादरी गार्डन पहुँचें और इस इवेंट में ज़्यादा से ज़्यादा हिस्सा लें और योग को अपनी रोज़ की लाइफ़स्टाइल का हिस्सा बनाएँ।

## पंजाबियों के अपमान के खिलाफ आम आदमी पार्टी का जोरदार प्रदर्शन



**चंडीगढ़–** पंजाबियों के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने चंडीगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय कमलम का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि पंजाब और पंजाबियों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंजाब ने देश को शहीद दिए, अन्नदाता दिए और सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सपूत दिए हैं। पंजाब और पंजाबियों का अपमान करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का अपमान है।

**मांगें:** जितेंद्र पाल मल्होत्रा को तत्काल बर्खास्त किया जाए

पंजाबियों से सार्वजनिक माफी मांगी जाए

# गांव दबुर्जी को नई वॉटर सप्लाई स्कीम मिली

**● लोगों को पीने का साफ़ पानी मिलेगा: हरभजन सिंह ETOU**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दबुर्जी (अमृतसर)–** पंजाब के पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर और जंडियाला गुरु हलके के MLA स. हरभजन सिंह ETO ने आज गांव दबुर्जी में नई वॉटर सप्लाई स्कीम के तहत बनी पानी की टंकी का उद्घाटन किया। इस मौके पर गांववालों ने कैबिनेट मिनिस्टर का गर्मजोशी से स्वागत किया और गांव को दी गई इस ज़रूरी सुविधा के लिए पंजाब सरकार का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर बोलते हुए कैबिनेट मिनिस्टर स. हरभजन सिंह ETO ने कहा कि पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान जी के नेतृत्व में पंजाब सरकार हर घर तक साफ़ और शुद्ध पीने का पानी पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि गांव दबुर्जी में यह वॉटर सप्लाई स्कीम करीब 51.84 लाख रुपये की लागत से पूरी हुई है, जिससे गांव के सभी 132 घरों को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह स्कीम NABARD-30 के तहत पूरी हुई है। गांव की करीब 825 की आबादी को अब रेगुलर और साफ़ पीने के पानी की सुविधा मिलेगी। इस स्कीम के तहत 135 मीटर गहरा ट्यूबवेल लगाया गया है, जिसकी पानी सप्लाई कैपेसिटी 156 लीटर प्रति मिनट है। इसके साथ ही गांव में 4.18 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है ताकि हर घर में पानी की बिना रुकावट सप्लाई पक्की हो सके। मंत्री ने कहा कि इस स्कीम के तहत 25,000 लीटर कैपेसिटी वाली एक ऊंची पानी की टंकी बनाई गई है और पानी की क्वालिटी पक्की करने के लिए एक क्लोरीनेटर यूनिट भी लगाई गई है। यह स्कीम जून 2026 में चालू हो गई है और गांववालों को रोज़ाना करीब 10 घंटे पानी की सप्लाई दी जाएगी। पंजाब सरकार गांवों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। साफ़ पीने का पानी हर नागरिक का



हक़ है और सरकार इस दिशा में पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। जंडियाला गुरु विधानसभा के हर गांव में लोगों की ज़रूरतों के हिसाब से विकास के काम किए जा रहे हैं और विकास की यह रफ़्तार आने वाले समय में भी जारी रहेगी। इस मौके पर गांव के गणमान्य लोग, पंचायत सदस्य, अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी और बड़ी संख्या में गांव वाले मौजूद थे। गांव वालों ने पंजाब सरकार और मंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए इस प्रोजेक्ट को गांव के विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया।

## दिल्ली से पूर्वी यूपी तक पहुंचना अब हुआ आसान, रेलवे ने मऊ तक शुरू की नई ट्रेन

**नई दिल्ली।** रेलवे प्रशासन ने आनंद विहार ट्रमिनल से मऊ के बीच नियमित एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। 24 जून से इसकी शुरूआत होगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि गर्मी में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर अभी आनंद विहार टर्मिनल से बलिया के बीच 04056/ 04055 नंबर की विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। इसकी जगह अब आनंद विहार टर्मिनल से बलिया के बीच 14056/ 14055 नंबर की नियमित एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया गया है। यह नियमित ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से 24 जून और मऊ से 25 जून से चलेगी। आनंद विहार टर्मिनल से यह ट्रेन अपराह्न तीन बचे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह पौने छह बजे मऊ पहुंचेगी। मऊ से यह पूर्वाह्न 10.30 बजे चलेगी और अगले दिन तड़के तीन बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

EY GROW-TREES KOSHER CLIMATE

## सार्वजनिक सूचना

ईवाई जीडीएस (EY GDS) और ग्रोट्रिस (Grow Trees), कोषेर क्लाइमेट (Kosher Climate (India) Pvt Ltd.) के साथ मिलकर 'Agroforestry for Climate and Communities' नाम का एक वलंटरी कार्बन प्रोजेक्ट विकसित करने की योजना बना रहे हैं। इस प्रोजेक्ट गतिविधि को स्वैच्छिक कार्बन प्रोजेक्ट के तौर पर रजिस्टर्ड किए जाने की योजना है। इस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा मध्य प्रदेश के सिंगरौली ज़िले में लागू किया जाएगा। इसलिए, स्टेकहोल्डर्स के साथ औपचारिक बातचीत (जन-बैठक) का आयोजन किया गया है। यह बैठक 29 जून 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक का स्थान है. **ग्रामीण खेल कूद एवं व्यायाम स्टेडियम बगैया, सिंगरौली, मध्य प्रदेश**

सभी संबंधित हितधारकों को इस परामर्श में शामिल होने और अपने बहुमूल्य सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

**सम्पर्क करने का विवरण: संगठन: ग्रोट्रिस, फोन नंबर: 8708149477, ईमेल: info@fidelisenviro.com**

## लुधियाना में करीब 50 जगहों पर हाई डेफ़िनेशन कैमरे लगे

**●गाड़ी चलाने वालों के रोज़ाना ई-चालान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लुधियाना–** लुधियाना शहर में करीब 50 जगहों पर लगे हाई डेफ़िनेशन कैमरों से गाड़ी चलाने वालों के रोज़ाना ई-चालान काटे जा रहे हैं। लुधियाना में बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालक अब तीसरी आंख से बच नहीं पा रहे हैं। मई महीने में ही कैमरों की मदद से बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों के 10346 ई-चालान काटे गए हैं, जबकि कुल चालानों की संख्या 23036 है। यह संख्या सिर्फ़ अलग-अलग जगहों पर लगे कैमरों से काटे गए ई-चालान की है, जबकि इससे भी ज़्यादा संख्या में ट्रैफ़िक पुलिस वाले मशीनों की मदद से चालान काटते हैं। मई की शुरुआत में डी.जी.पी. गौरव यादव ने इस स्कीम का उद्घाटन करने के बाद इसे औपचारिक तौर पर लॉन्च किया था, जबकि पिछले कई महीनों से इसके ट्रायल चल रहे थे। अलग-अलग जगहों पर, A.I. बेस्ड स्पेशल कैमरों की मदद से शुरू किए गए ई-चालान में खास तौर पर ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, बिना हेलमेट के पीछे बैठना, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रेड लाइट जंपिंग, ज़ेबरा क्रॉसिंग वायलेशन, स्टॉप लाइन वायलेशन, ट्रिपल राइडिंग और रॉन्ग पार्किंग जैसे ट्रैफिक अपराधों को शामिल किया गया है। इन ट्रैफिक अपराधों में ट्रैफिक पुलिस रोज़ाना करीब 800 ई-चालान जारी कर रही है।

## इजरायल और हिज्बुल्लाह युद्धविराम के लिए हुए सहमत, ईरान-अमेरिका ने की मध्यस्थता

**● इजरायल ने लेबनान पर हमला किया तो लगने लगा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति की उम्मीद अभी भी बहुत दूर है और डील पर शायद फिर संकट आए. मगर ईरान और अमेरिका डील को बचाने के लिए अपने दोस्तों को शांत कराने के लिए एक्टिव हो गए**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



स्विट्ज़रलैंड में ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत टलने के बाद, इजरायल और हिज्बुल्लाह चरमपंथी समूह शुक्रवार को युद्धविराम को फिर से लागू करने पर सहमत हो गए. एपी न्यूज एजेंसी को युद्धविराम की जानकारी दो क्षेत्रीय अधिकारियों और एक अमेरिकी अधिकारी से मिली. क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि इस समझौते में कतर, अमेरिका और ईरान ने मध्यस्थता की. हालांकि, इजरायल और हिज्बुल्लाह ने अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है।

**अचानक इजरायल ने कर दिया हमला**

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच जबरदस्त लड़ाई के बाद शुक्रवार को अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत रद्द कर दी गई. इससे ईरान में युद्ध खत्म करने के शुरुआती समझौते पर सवाल उठने लगे थे. तीन क्षेत्रीय अधिकारियों और मामले की जानकारी रखने वाले एक चौथे व्यक्ति (जिन्होंने पर्दे के पीछे की संवेदनशील बातचीत पर चर्चा करने के लिए नाम ना बताने की शर्त पर बात की) के अनुसार, ईरानी अधिकारी योजना के मुताबिक स्विट्जरलैंड नहीं गए. उनका कहना था कि बातचीत शुरू होने से पहले लेबनान में लड़ाई रुकनी चाहिए. इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी अपनी यात्रा टाल दी। इजरायली सेना ने रात भर दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में ठिकानों पर हमले किए और हिज्बुल्लाह ने जबरदस्त लड़ाई की सूचना दी. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 21 लोग मारे गए, और इजरायल ने कहा कि चार सैनिक मारे गए।

**डील फंसी तो एक्टिव हुए ईरान-अमेरिका**

इजरायल और ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के बीच का संघर्ष ईरान समझौते का सबसे नाजुक हिस्सा है. ना तो इजरायल और ना ही चरमपंथी समूह ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसका मकसद उनकी लड़ाई को खत्म करना है. हमले के बाद ईरान ने लेबनान और अपने सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सहयोगी के हितों के लिए क्षेत्र में फिर से युद्ध का जोखिम उठाने की इच्छा भी जता दी। इसके बाद पर्दे के पीछे से इजरायल और हिज्बुल्लाह से बात शुरू हुई. ईरान भी चाहता था कि दोनों के बीच युद्ध रुके और अमेरिका भी. आखिरकार दोनों युद्ध रोकने पर सहमत हो गए. हालांकि, दोनों कब तक रुके रहेंगे, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।